4 **रायपुर संभाग** शुष्क दिवस पर मास विक्रेताओं पर निगम प्रशासन ने की ...

6 **फिल्मी** द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल...

09 **विविध** गरीबों के चावल डकारने वाले पर कब होगी...

10 **संस्कारधानी** नोटिस देकर ठेकेदारों को पुचकार रहा निगम...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 02 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-13 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रपति मुर्मु महाराष्ट्र की तीन दिन की यात्रा पर जायेंगी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो से चार सितंबर तक महाराष्ट्र की यात्रा पर रहेंगी। राष्ट्रपति



सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति आज वारणानगर, कोल्हापुर में वारणा महिला सहकारी समूह के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेंगी। तीन सितंबर को राष्ट्रपति पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के 21वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी और छात्रों को संबोधित करेंगी। उसी दिन वह मुंबई में महाराष्ट्र विधान परिषद के शताब्दी वर्ष समारोह की शोभा बढ़ाएंगी। चार सितंबर को राष्ट्रपति लातूर के उदगीर में बुद्ध विहार का उद्घाटन करेंगी। वह उदगीर में महाराष्ट्र सरकार की 'शासन अपल्या दारी' और 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' के लाभार्थियों की एक सभा को भी संबोधित करेंगी।

### के सी त्यागी ने जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** जनता दल के राष्ट्रीय



प्रवक्ता के सी त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जदयू के महासचिव आफाक अहमद खान ने एक विज्ञप्ति में बताया कि त्यागी ने निजी कारण से पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। विज्ञप्ति के अनुसार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी के नेता राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। सूत्रों के अनुसार त्यागी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजनीतिक सलाहकार बने रहेंगे।

### नालंदा में पांच लोगों की डूबकर मौत

**राजगीर।** बिहार के नालंदा जिले में अलग-अलग घटना में पांच लोगों की डूबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव में बर्तन धोने के दौरान एक महिला पैर फिसलने से पानी भरे 20 फीट गड्ढे में डूबने लगी।उसे बचाने गया पुत्र भी गहरे पानी में चला गया, जिससे दोनों कीडूबकर मौत हो गई। मृतका की पहचान सत्येंद्र प्रसाद की 45 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी और उसके 25 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में की गयी है। सूत्रों ने बताया कि जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र के दरूआरा गांव के अहरा खंधा में मवेशी चराने गए।

# महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं के खातों में किया जाएगा एक-एक हजार रूपए का अंतरण

**पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर**
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निवास में आज छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा के प्रतीक तीजा-पोरा तिहार के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं के खातों में डीबीटी के माध्यम से एक-एक हजार रूपए अंतरित करेंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्रीद्वय अरूण साव, विजय शर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े अति विशिष्ट अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनूज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू और गुरू खुशवंत साहेब शामिल होंगे।

## विष्णु भैया संग तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार' के लिए मुख्यमंत्री निवास सज-धज कर तैयार

विष्णु भैया संग तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का रायपुर निवास सज-धज कर तैयार है। मुख्यमंत्री निवास में आज सुबह 11 बजे से 1 बजे तक तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास पर तिहार की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अतिथियों की बैठक व्यवस्था, पूजा स्थल, मंच आदि व्यवस्थाएं देखीं। छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपरा हरेली पर्व मनाने के बाद अब विष्णु भैया का घर यानी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मुख्यमंत्री निवास तीजा-पोरा के पारंपरिक गौरव की झांकी तरह सज रहा है। मुख्यमंत्री निवास को मिट्टी के खूबसूरत नंदिया बइला और रंगीन खिलौनों से सजाया जा रही है। परंपरागत वंदनवार के रंग बिखरने लगे हैं।






मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री साय की पत्नी कौशल्या साय सजावट के साथ-साथ परंपरागत छत्तीसगढ़िया व्यंजनों के साथ ठेठरी-खुरमी बनाने की तैयारी भी करवा रही हैं। तीजा-पोरा तिहार से पहले मुख्यमंत्री साय अपने निवास से ही बटन दबाकर 70 लाख महिलाओं के खाते में महतारी वंदन के एक- एक हजार रुपए भी भेजने वाले हैं। हरेली की तरह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के रायपुर स्थित निवास में तीजा-पोरा का तिहार आज सुबह 11 बजे से उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री निवास परिसर में छत्तीसगढ़ की परम्परा और रीति-रिवाज के अनुसार साज-सज्जा की गई हैं। इस मौके पर नांदिया-बैला की पूजा की जाएगी। तीजा महोत्सव का आयोजन होगा। तीजा-पोरा त्यौहार के लिए कार्यक्रम में बहनों को आमंत्रित किया गया है। इस तरह महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री निवास एक दिन के लिए मायका बन जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाएं, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाए और मितानिनों सहित लगभग 3 हज़ार महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर महिलाओं के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यक्रम, योजनाओं से अवगत कराने हेतु प्रदर्शनी एवं स्टॉल भी लगाया गया है। महिलाओं के कल्याण की प्रचलित योजना एवं कार्यक्रम हेतु संस्कृति विभाग के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

## पृथ्वी बहादुरों व आत्मा में ताकत रखने वालों की : धनखड़

**एजेंसी ◀ देहरादून**
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तराखंड के देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय के कैडेट्स से आग्रह किया कि वे अपने संस्थान के आदर्श- बल, विवेक को चरितार्थ करें तथा ताकत और ज्ञान विकसित करें, ताकि वे जीवन की बड़ी जंग को लड़ सकें। धनखड़ ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के 10 दिसंबर, 1962 को आरआईएमसी कैडेट्स को दिए गए भाषण की याद दिलाते हुए, दोहराया, पृथ्वी बहादुरों की होती है, आत्मा में ताकत रखने वालों की होती है, आलसी और अक्षम लोगों की नहीं। इस महान प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता की दुनिया में, हमें आत्म-नियंत्रण और बलिदान से जीवन जीना होगा । इन महान आदर्शों को जीवन में धारण करें। धनखड़ ने कहा, ताकत और विवेक एक मजबूत संयोजन बनाते हैं, जो चुनौती का सामना करने पर अभेद्यता उत्पन्न करता है। राष्ट्र के हित को सभी परिस्थितियों में सबसे ऊपर रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए, उन्होंने कहा, देश की सेवा गर्व और निर्भीकता के साथ करें। भारत माता आपका इंतजार कर रही है। राष्ट्र का भविष्य आपके कंधों पर है। हमेशा राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता दें।

## अनुच्छेद 370 निरस्त करने से जम्मू-कश्मीर में विकास और शांति के नए युग की शुरुआत हुई : चुघ

**वार्ता ◀ श्रीनगर**
www.dailypioneer.com



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से जम्मू-कश्मीर में विकास और शांति के एक नए युग की शुरुआत हुई है। चुघ ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने से भ्रष्टाचार की दुकानें बंद हो गयी हैं और वे कभी दोबारा नहीं खुलेंगी। उन्होंने दावा किया कि पांच अगस्त, 2019 से इस क्षेत्र में प्रगति और सद्भाव के एक नये अध्याय की शुरुआत हुई। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गले लगाया और अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी-नेहरू परिवारों को खारिज कर दिया, जो अपने अहंकार और भ्रष्टाचार के कारण इस क्षेत्र का दोहन करते रहे हैं। चुघ ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की आलोचना करते हुए उन्हें अनुच्छेद 370 के बारे में भ्रम उत्पन्न करने वाला और जनता को गुमराह करने वाला एक भ्रमित व्यक्ति कहा। उन्होंने कहा कि अब्दुल्ला 'दुनिया का सबसे भ्रमित व्यक्ति पुरस्कार' के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि उनका शत प्रतिशत भ्रमित नेतृत्व जम्मू-कश्मीर के लोगों ने अस्वीकार कर दिया है। भाजपा महासचिव ने बल देकर कहा कि मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के लोग खुशी, शांति, विकास और विश्वास का अनुभव कर रहे हैं।

## शिक्षक दिवस पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हेना चक्रबर्ती को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2024 से सम्मानित किया जाएगा

**पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ द्वारा आगामी 5 सितंबर को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भारत की वरिष्ठ आर्टिस्ट गांधीयन हेना चक्रबर्ती को 40 वें डॉ.एस राधाकृष्णन स्मृति राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2024 से सम्मानित किया जाएगा। संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय के अनुसार, हेना चक्रबर्ती वर्तमान में कस्तूरबा गांधी संग्रहालय, गांधी आश्रम किंग्सवे कैंप की क्यूरेटर हैं। इससे पूर्व वह लगभग 38 वर्षों तक गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति राजघाट की क्यूरेटर रह चुकी हैं। उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति वी.वी गिरी द्वारा प्रेसिडेंट प्रशस्ति पत्र मिल चुका है। हेना चक्रबर्ती अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आर्टिस्ट हैं ओर उनकी अनेकों कला प्रदर्शनियां प्रदर्शित हो चुकी हैं। उन्होंने अपने कला कौशल से सैंकड़ों कलाकार प्रशिक्षित किए हैं। उन्हें राजा रवि वर्मा पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। हेना चक्रबर्ती की बनाई हुई कलाकृतियों पर भारत सरकार ओर दिल्ली सरकार पांच कैलेंडर जारी कर चुकी हैं।

## नित्या, मनीषा रामदास पैरा बैडमिंटन महिला एकल के सेमीफाइनल में पहुंची

**एजेंसी ◀ पेरिस**
www.dailypioneer.com



भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या एवं मनीषा रामदास ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 खेलों की बैडमिंटन की महिला एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बना ली। नित्या ने बैडमिंटन महिला एकल एसएच6 स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में पोलैंड की ओलिविया स्जमीगील के खिलाफ2-0 से शानदार जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनायी। उन्होंने स्जमीगील को 21-4 , 21-7 से हराया। इससे पहले मनीषा रामदास ने महिला एकल एसयू5 क्यूएफ स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की मामिको टोयोडा को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। मनीषा ने अपनी जीत के सिलसिले को जारी रखते हुए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापानी खिलाड़ी को 21-13, 21-16 से हराया। इससे पहले मनदीप कौर को एसएल3 की क्वार्टर फाइनल स्पर्धा में नाइजीरिया की मरियम बोलाजी के खिलाफसीधे सेटों में 8-21, 9-21, 2-0 से हार गईं। अंतिम आठ से पहले के ग्रुप मुकाबलों में मनदीप कौर ने शानदार प्रदर्शन किया था। एक अन्य मुकाबले में पलक कोहली को एसएल4 क्वार्टर फाइनल स्पर्धा में इंडोनेशिया की के सादियाह के खिलाफ 0-2 से 19-21, 15-21 से हार कर पैरालंपिक से बाहर हो गई है।

## विधि विभाग का होगा ब्लॉक स्तर तक विकेंद्रीकरण : सिंघवी

**पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस विधि विभाग के प्रमुख अभिषेक मनु सिंघवी ने नेताओं की बैठक ली जिसमें विभाग का ब्लॉक स्तर तक विकेंद्रीकरण करने तथा अन्य मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। विधि विभाग के प्रमुख अभिषेक मनु सिंघवी की अध्यक्षता में पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश, पार्टी अध्यक्ष कार्यालय में प्रभारी नासिर हुसैन, संचार विभाग में सचिव विनीत पुनिया सहित कई नेता उपस्थित रहे। सिंघवी ने बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक में कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई और इसमें सबसे अहम बात यह रही कि विभाग का जिला तथा ब्लॉक स्तर तक विकेंद्रीकरण किया जाएगा। विधि विभाग का विस्तार होगा और तत्काल मुद्दों के निस्तारण की दिशा में काम किया जाएगा उन्होंने कहा, नवगठित विधि विभाग का प्रमुख बनना बहुत सम्मान की बात है। विभाग के हम सब सदस्य सक्रिय हैं और बैठक में हमारी बहुत ही सार्थक, व्यापक चर्चा हुई। हमारे विभाग ने पिछले पांच वर्ष में कई शिकायतों का निपटारा किया है। हम चुनाव आयोग के साथ ही विशेष रूप से सोशल मीडिया की भूमिका पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं जहां फर्जी खबरें बड़े पैमाने पर प्रसारित हो रही हैं। सिंघवी ने कहा हमारा विभाग इस तरह की स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया देने वाली टीमें बना रहा है जिसमें संगठित संरचनात्मक सुधार भी मुख्य उद्देश्य है। अगले वर्ष तीन-चार राज्यों के चुनाव हैं और उसमें आने वाले मुद्दों पर हमारा विशेष ध्यान रहेगा।

## भाजपा देश की जबकि विपक्षी पार्टियां करतीं हैं परिवार की सेवा : केशव मौर्य

**वार्ता ◀ मिर्जापुर**
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि देश में 65 साल कुछ न करने वाले हिसाब मांग रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी समाज और देश की सेवा करने वाली पार्टी है जबकि विपक्षी पार्टी परिवार की सेवा करती है। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य मझवा विधानसभा क्षेत्र के चंदईपुर गांव में सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेला एवं महिला समूह के ऋण वितरण कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में न सुशासन,न रोजगार दिया बल्कि, अपराध और माफियागिरी दी। कांग्रेस का शासन घोटाले के लिए जाना जाता है।अब समाज को बांट कर राज्य करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। हमारी सरकार गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों को समर्पित है। आज भारत बदल रहा है। कभी विदेशी बड़ी कम्पनियां लगा कर दुनिया में कब्जा कर रखा है। पर आज भारत रक्षा जैसे क्षेत्र में निर्यात कर रहा है । उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 60लाख लोगों को आवास दिए जा चुके हैं। सड़क, विद्युत, मेडिकल और विश्व विद्यालय के क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है। इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने 1292टैबलेट 999समूह दीदी को 13करोड रुपए के चेक वितरित किए। इस मेले में 68कम्पनियो स्टाल लगाए गए थे। जिसमें रजिस्ट्रेशन कराया गया तथा 750युवाओ को नियुक्ति पत्र दिए गए। साथ ही स्वरोजगार की योजना के तहत 25हजार लोगों को दिलाने के लिए टूल आदि वितरण किया गया जिसमे समाज के पिछड़े वर्ग लोग शामिल थे। साथ ही साथ कौशल विकास से आच्छादित लोगों को नियुक्ति पत्र दिए। उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने बेटी बचाओ अभियान के तहत बेटी जन्मोत्सव मना कर केक काटा। उन्होंने सद्य जन्मी बच्चियों को लाड़ प्यार दे कर आशीर्वाद दिया। उन्होंने सरकार द्वारा बेटी पैदा होने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए।

## पदक जीतकर देश का नाम किया रोशन

# पीएम मोदी ने पैरालंपिक पदक विजेताओं से संवाद कर बधाई दी

**पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों से टेलीफोन पर संवाद कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। खेल मंत्री डा मनसुख मांडविया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए एक वीडियो में यह जानकारी दी। मोदी ने पेरिस में चल रहे पैरालंपिक खेलों में पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों से संवाद किया तथा उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पैरालंपिक खेलों को मिला सम्मान और समर्थन हमारे खिलाड़ियों के हौसले को नई ऊंचाइयों पर ले गया है। प्रधानमंत्री ने निशानेबाजी स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले मनीष नरवाल से बात की और उन्हें पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मनीष ने प्रधानमंत्री को बताया कि इस बार उनका लक्ष्य पिछले बार से ज्यादा पदक जीतकर लाने का है। मनीष ने कहा कि टीम में काफी खुशनुमा माहौल एवं अवनि ने स्वर्ण पदक से शुरुआत कर टीम में एक नये जोश का संचार किया है। मोदी ने महिला निशानेबाज रुबीना फ्रांसिस से भी बात कर उन्हें कांस्य पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रुबीना ने प्रधानमंत्री को बताया कि उसे भी देश के पदक जीतने पर काफी गर्व महसूस हो रहा है। प्रधानमंत्री ने महिला एथलीट प्रीति पाल को भी कांस्य पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने काफी तकलीफों एवं कठिनाईयों के बावजूद पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है जिससे देशवासियों को आप पर गर्व है। मोदी ने पैरालंपिक में भाग ले रहे सभी भारतीय खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। सभी खिलाड़ियों ने भी मोदी को उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे भारत में पैरालंपिक खेलो के प्रति एक नई चेतना का संचार हुआ है जिससे युवाओं को प्रेरणा मिल रही है।


## मोदी से भजनलाल की मुलाकात



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुलाकात की। मोदी से शर्मा ने नई दिल्ली में यह मुलाकात की जो उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान के समग्र विकास, प्रगति एवं जनकल्याण से संबंधित विविध योजनाओं के संदर्भ में उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। शर्मा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए, हमारी सरकार 'विकसित भारत, विकसित राजस्थान' के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की प्राप्ति के पूर्णतः प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मुलाकात की। उनकी बिरला से भी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर प्रदेश के कल्याण और जनहित से जुड़े हुए विभिन्न विषयों पर उनके साथ सकारात्मक चर्चा की गई।

## झारखंड में घुसपैठ से बर्बादी पर चिंतित हैं चंपाई सोरेनः शिवराज सिंह चौहान

**रांची।** केंद्रीय मंत्री एवम झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज



सिंह चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की भाजपा में आने पर फिर एकबार प्रतिक्रिया दी। सिंह मध्यप्रदेश में अपने लोकसभा क्षेत्र विदिशा के दौरे पर कहा कि चंपाई सोरेन सच में झारखंड के टाइगर हैं ।आंदोलन की भट्टी में तप के निकले ऐसे नेता जिन्होंने झामुमो को खड़ा किया और अलग झारखंड बनने में भी उनकी उल्लेखनीय भूमिका है। जनता में उनका आदर है वो झारखंड को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी में आए हैं। कहा जिस ढंग से विदेशी घुसपैठ के कारण झारखंड तबाह और बर्बाद हो रहा है ,बेटियों से शादी करके उनके नाम पर जमीने खरीदी जा रही हैं वो चिंतित हैं जिस ढंग से नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं भ्रष्टाचार चरम पर है।

## सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : भजनलाल



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अपराध के खिलाफ पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति से सख्त से सख्त कार्रवाई करने एवं पूर्ण मुस्तैदी से प्रदेश में आमजन को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। शर्मा शनिवार रात मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेंज में दौरा करें एवं जिलेवार कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग करें।

## अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री मेदी राम दोदम का निधन

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री मेदी राम दोदम का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। यह जानकारी उनके पारिवारिक सूत्रों ने दी। दोदम



69 वर्ष के थे और उनके परिवार में छह बच्चे, जिनमें तीन बेटियां शामिल हैं, पोते-पोतियां और भाई-बहन हैं। उनका जन्म पांच अगस्त 1955 को पूर्वी कामेंग जिले के म्लोरांग गांव के वोरुंग दोदम और जया दोदम के घर हुआ था। उन्हें बामेंग विधानसभा क्षेत्र से पहला कैबिनेट मंत्री होने का गौरव प्राप्त है। वह एक समर्पित जनसेवी थे। वह 1984 में चुनावी राजनीति में आए जब उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में दोइमुख-सागली निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ा, लेकिन असफल रहे।

# पायनियर हलचल...

## दही हांडी लूट, अब माखन-मिश्री की बारी?

हाल ही में दही हांडी लूट का एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें करोड़ों रुपये खर्च किए गए, बड़े-बड़े राजनेता इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। जहां धर्म की बात हो वहां राजनेता आसानी से उपलब्ध हो ही जाते हैं, भले ही आयोजकों का पार्टी और जनता से कोई सरोकार न हो। वैसे तो दही हांडी लूट के बाद माखन-मिश्री खाने का नम्बर आता है। यहां भी कमोवेश वही उद्देश्य नजर आ रहा है। लेकिन रायपुर में मोहन पहले से ही मिश्री-माखन खा रहे हैं, पता नहीं बसंत का नम्बर कब आयेगा? खैर यह कार्यक्रम देख एक भाजपा नेता के दिल में क्या गुजर रही होगी, किसी ने नहीं सोचा होगा। एक समय था जब आयोजक ने साजा के इस भाजपा नेता का भरे मंच में तमाशा बना दिया था। खैर इस बार तो साजा में ईश्वर का प्रताप रहा, जिसके सामने कोई टिक नहीं पाया। लेकिन साजा में तमाशा बने इस भाजपा नेता की जरुरत पार्टी को आगे नहीं पड़ेगी? इस पर मंथन और चिंतन करने की जरुरत है।

## अपनों की परवाह नहीं?

15 साल छत्तीसगढ़ में राज करने के बाद बेलगाम अफसरशाही के कारण भाजपा को 2018 के विधानसभा चुनाव में सम्मानजनक हार भी नशीब नहीं हुई थी। लेकिन कहते हैं कि वक्त बीतते ही सब कुछ भुला दिया जाता है। अफसरशाही के हालात कमोवेश फिर वैसे ही दिखने लगे हैं। भाजपा सरकार के 8 माह बीतते ही अफसरशाही का दर्द अब फिर छलकने लगा है। अफसरशाही के दर्द को खुद भाजपा विधायक उद्धेश्वरी पैकरा भरे मंच में चीख-चीखकर बयां कर रही हैं। विधायक का दर्द कुछ हद तक वाजिब भी है। क्या जिले और उनके निर्वाचन क्षेत्र के अफसरों को प्रोटोकॉल की जानकारी नहीं है? या फिर राज्य के अफसर विधायकों को कुछ भी नहीं मान रहे? भाजपा विधायक मंच से यह कहती नजर आ रही हैं कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में अफसर उन्हीं को नहीं पूछ रहे। सवाल यह उठता है कि जब विधायक को कार्यक्रम में बुलाना उचित नहीं समझा जा रहा, तो भला जनता और जनप्रतिनिधि की समस्याओं पर अफसर कितना अमल करते होंगे? बहरहाल अफसरशाही के दर्द को महसूस कर यह जरुर कहा जा सकता है कि भाजपा को अपनों की परवाह नहीं है।

## छत्तीसगढ़ में नितिन नबीन की दखल, तो बिहार देवेन्द्र के हवाले ?

बलौदाबाजार आगजनी कांड के आरोप में जेल में बंद देवेन्द्र यादव को भाजपा ने आखिरकर हीरो बना ही दिया। देवेन्द्र को बिहार जैसे बड़े राज्य का सचिव बना दिए गया है। बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में यादवों की संख्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता है कि आरोपों से घिरे देवेन्द्र यादव ने जेल में बंद रहते हुए बड़ी राजनीतिक छलांग लगाई है। बलौदाबाजार आगजनी कांड के बाद देवेन्द्र यादव को राष्ट्रीय स्तर पर चिंन्हाकित कर लिया गया है। दरअसल में इस निर्णय का ताल्लुकात छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन और उनके सांसद पति पप्पू यादव से है। पप्पू यादव वर्तमान में निर्दलीय सांसद है, पप्पू यादव की सदस्यता को ध्यान में रखते हुए देर-सबेर रंजीत रंजन को बिहार में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। कुल मिलाकार बिहार के नितिन नबीन की छत्तीसगढ़ भाजपा में धमक है, सम्भवतः इसीलिए कांग्रेस ने भी छत्तीसगढ़ के देवेन्द्र को बिहार भेज दिया। अब देवेन्द्र बिहार में अपनी कितनी धमक बना पाते हैं, यह तो आने वाले दिनों में ही स्पष्ट हो सकेगा।

## पाठक का दर्द

आमतौर पर आईएएस जनक पाठक शांत और सरल स्वभाव के अफसर हैं। लेकिन पूर्व की कांग्रेस सरकार में पाठक जमकर प्रताड़ित हुए। उन्हें पांच साल तक लूप लाइन में रखा गया। कहा तो यह भी जाता है जांजगीर में घटित हुई घटना के पीछे कुछ नेताओं का हाथ रहा है, जिसके कारण पाठक की चरित्रहनन की कोशिश भी की गई, खैर सच क्या है? यह तो जनक ही जानेंगे। लेकिन अब निजाम बदल चुका है फिर भी जनक पाठक प्रताड़ित ही दिख रहे हैं? जनक पाठक एक ऐसे आईएएस हैं जिनका दो-चार माह के अंतराल में ट्रांसफर कर दिया जा रहा। पाठक को पहले चिकित्सा शिक्षा का आयुक्त बनाया गया कुछ ही माह में वहां से हटाकर उच्च शिक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई। फिर अचानक 2 माह के अन्दर उनका ट्रांसफर कर दिया गया। जनक पाठक को बिलासपुर का नया सम्भागायुक्त बनाया गया। दो घंटे बाद ही रात को 11 बजे फिर उनका आदेश निरस्त कर दिया गया। आखिर जनक पाठक के साथ ऐसा क्यों हो रहा है? धर्म, कर्म में रुचि रखने वाले जनक पाठक कांग्रेस शासनकाल के बाद अब भाजपा सरकार में भी प्रताड़ित क्यों हैं?

## जेजेएम का विवादों से नाता

केन्द्र सरकार की महती योजना जल जीवन मिशन छत्तीसगढ़ में शुरु से ही विवादित रही। यहां 15000 करोड़ के घोटालों के आरोपों के चलते प्रदेशभर में जेजेएम के पूरे टेन्डर निरस्त कर दिए गए थे। कहते हैं कि इसमें कई ठेकेदारों के करोड़ों रुपये डूब गए। फिर किसी न किसी तरह से इस योजना की गाड़ी आगे बढ़ी। कहते हैं कि अधिक मुनाफा के चक्कर में ठेकेदार निविदा मिलने से पहले ही 10 प्रतिशत की राशि एडवांस के रुप में कमीशन दे देते हैं, उसके बाद पेमेन्ट के समय उतनी ही राशि फिर दी जाती है। खैर सच क्या है ? यह तो जेजेएम में काम कर रहे ठेकेदार, अफसर और नेता ही जानेंगे। लेकिन भ्रष्टाचार के कारण राज्य में यह योजना काफी पिछड़ गई, वहीं इस दौरान राज्य में सरकार भी बदल गई। अब करोड़ों का काम करके जेजेएम ठेकेदार दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।

## रोहित, रजत और कटारिया की छत्तीसगढ़ वापसी

आईएएस डॉ. रोहित यादव, रजत कुमार और अमित कटारिया की छत्तीसगढ़ वापसी होने जा रही है। 2002 बैच के अफसर डॉ. रोहित यादव वर्ष 2018 से दिल्ली में हैं। वहीं रजत कुमार 2019 में प्रतिनियुक्ति में चले गए थे। माना जा रहा है कि सितम्बर के पहले सप्ताह रजत कुमार मंत्रालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करा देंगे। वहीं केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति में गए अमित कटारिया के भी पांच वर्ष पूरे हो चुके हैं, ऐसे में कटारिया की भी राज्य वापसी हो सकती है। भूपेश सरकार के दौरान राज्य में सीनियर अफसर की कमी हो गई थी। भाजपा सरकार आने के बाद कई अफसर छत्तीसगढ़ वापस आ चुके हैं। ऐसे में अब अफसरों की पर्याप्त उपलब्ध्ता रहेगी।

## सीनियर आईएफएस की केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति में जाने की चर्चा

इन दिनों एक सीनियर आईएफएस अफसर की केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति में जाने की चर्चा है। दरअसल में यह चर्चा इसलिए है कि उन्होंने केन्द्र में एम्पैनलमेन्ट के लिए आवेदन किया है। जबकि जानकारों का मानना है कि वह छत्तीसगढ़ छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। बहरहाल सभी दरवाजे खोलकर रखना ही होशियारी होती है। वैसे भी यह अफसर अपने कुशल मैनेजमेन्ट क्षमता के लिए जाने जाते हैं। शायद इसी कारण पूर्व की सरकार में भी इन्हें भरपूर तवज्जो दी गई, वर्तमान सरकार ने भी हाथों-हाथ ले लिया गया है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# पी.दयानंद की अध्यक्षता में पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति की बैठक

## अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली के विस्तार पर जोर, छत्तीसगढ़ को मिलेगा 1600 करोड़ रु. के निवेश का लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति की 50 वीं बैठक समिति के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ शासन के सचिव ऊर्जा व छत्तीसगढ़ पॉवर कम्पनीज़ के अध्यक्ष पी.दयानंद की अध्यक्षता में ऊटी में 24 अगस्त को संपन्न हुई। अपने अतिव्यस्त कार्यक्रमों के कारण दयानंद ने रायपुर से ऑनलाइन बैठक में भाग लिया और बैठक की अध्यक्षता भी ऑनलाइन की। समिति की बैठक में पश्चिम क्षेत्र में सम्मिलित 7 राज्यों की पारेषण प्रणाली के संचालन, नई अंतर-राज्यीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन व संचालन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई ,विभिन्न राज्यों में प्रचलित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा तेजी से कार्य पूर्ण करने के लिये महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये । छत्तीसगढ़ में अति उच्च दाब की अंतर-राज्यीय पारेषण परियोजनाओं के लगभग 1600 करोड़ रु. की लागत के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक में की गई तथा सभी कार्यों को 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया ।जिसका लाभ छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों को मिलेगा। पी. दयानंद 1 अप्रैल 2024 से पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गये हैं। इस समिति में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गोवा, दमन और दीव, दादरा एवं नगर हवेली की उत्पादन, पारेषण, वितरण पॉवर कम्पनीज़, एनटीपीसी , पॉवर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया, इन राज्यों की निजी पॉवर उत्पादक कंपनियाँ, निजी पारेषण व ट्रेडिंग कंपनियाँ, राज्य एवं क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र सम्मिलित हैं। देश के पश्चिम क्षेत्र में विद्युत प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर तीन माह में समिति की बैठक आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में ऊटी में समिति की 50 वीं बैठक 23-24 अगस्त को संपन्न हुई। इस बैठक में पॉवर के अंतर-राज्यीय मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय हुये जैसे नयी पारेषण लाइनों व उपकेंद्रों की प्रगति, डेटा के संचार हेतु समिति का गठन, अंतर-राज्यीय पॉवर एक्सचेंज से संबंधित विभिन्न वाणिज्यिक व मीटरिंग व्यवस्था के आधुनिकीकरण जैसे मुद्दे सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर आपसी सहमति से निर्णय लिये गये।साथ ही पूर्व निर्णयों के त्वरित क्रियान्वयन, समस्याओं के समाधान आदि विषयों पर भी चर्चा की गई। इसके पूर्व 23 अगस्त पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति की तकनीकी समन्वय समिति की बैठक राजेश कुमार शुक्ला, प्रबंध निदेशक, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की अध्यक्षता में ऊटी में ही संपन्न हुई थी।

### उत्पादन, मांग और उपलब्धता के अंतर को पाटने का बेहतर विकल्प है अंतर-राज्यीय समन्वय : पी. दयानंद

पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति के अध्यक्ष पी. दयानंद का कहना है कि छत्तीसगढ़ सहित सातों राज्यों में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्तापूर्ण में सुधार और समुचित उपलब्घता सुनिश्चित करने में अंतर-राज्यीय समन्वय की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। अन्य राज्यों में तत्समय उपलब्ध अतिरिक्त बिजली को अधिक आवश्यकता वाले राज्यों में भेजना एक श्रेष्ठ समाधान है, जो बिजली घरों की अत्यधिक लागत और स्थापना में लगने वाले समय के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण हैं। विस्तृत अंतर-राज्यीय पारेषण नेटवर्क, राज्य विशेष में उत्पादन क्षमता बढ़ाने में लगने वाले लंबे समय में बीच में भी राज्य विशेष की तात्कालिक आवश्यकता को पूरा करने का बेहतर विकल्प है। अतः अंतर-राज्यीय समन्वय तथा सहयोग बढ़ाने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

# मूणत ने कोटा और खमतराई के लिए खोला खजाना, करोड़ों के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

■ मूणत ने किया वादा, विकास कार्यों के लिए नहीं होने दूंगा पैसों की कमी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने रविवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित विभिन्न इलाकों में जनता को कई विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने कोटा और खमतराई क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में कई विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। कांग्रेस का कुशासन जा चुका है। विष्णुदेव साय की अगुवाई में सुशासन लौट आया है, लिहाजा जनता को चिंता करने की जरूरत नहीं है। मैं सत्ता पक्ष विधायक होने के नाते इस बात का भरोसा दिलाना चाहता हूं कि विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं होगी। मूणत ने कहा कि रायपुर पश्चिम की जनता क्या चाहती है इस बात का उन्हें पूरी तरह अंदाज़ है, इसलिए वह जनता से मिल रहे सुझावों और मांगों के आधार पर लगातार काम करने में जुटे हुए हैं।

**कहां कहां किया भूमिपूजन :** रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के तहत नगर निगम जोन नम्बर 7 के अंतर्गत शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्रमांक 23 में पहुंचकर एकमुश्त 75 लाख रूपये की स्वीकृति लागत से नए विभिन्न विकास कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ करवाने श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर भूमिपूजन वार्ड पार्षद प्रकाश जगत, नगर निगम जोन क्रमांक 7 के सम्बंधित अधिकारियों सहित गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के मध्य किया। इसके अलावा मूणत ने रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 7 के वार्ड क्रमांक 23 में मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत सुयश हॉस्पिटल कोटा के पीछे बीएसयूपी कोटा एवं वाटिका नगर में 40 लाख रूपये में सीवरेज पेयजल व्यवस्था एवं मरम्मत कार्य हेतु, अधोसंरचना मद से प्रधानमंत्री आवास योजना में 15 लाख रूपये में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 15 लाख रूपये में कार्यालय भवन निर्माण कार्य , विधायक निधि मद से शिवाजी नगर महोबा बाजार में 5 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन किया एवं जोन 7 के सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल स्वीकृत विकास कार्य प्रारम्भ करवाकर सतत मॉनिटरिंग करके तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तायुक्त तरीके से प्राथमिकता से नए विकास कार्य जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## नर सेवा ही नारायण सेवा : मंत्री टंक राम वर्मा



**रायपुर।** राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने जांजगीर-चाम्पा जिले के भारतीय कुष्ठ निवारण संघ सोंठी आश्रम कात्रेनगर का भ्रमण किया एवं सरस्वती शिशुमंदिर चांपा में विधाभारती मध्य क्षेत्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने भारतीय कुष्ठ निवारण संघ कात्रेनगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि कुछ दशक पूर्व लोग कुष्ठ को एक छूत की बीमारी समझते थे। लोग कुष्ठ रोगियों से न केवल शारीरिक दूरी अपितु एक सामाजिक दूरी बनाकर रहा करते थे। वर्तमान में यह भेदभाव कम होता जा रहा है। शासन के द्वारा इनके उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कुष्ठ निवारण संघ कात्रेनगर द्वारा कुष्ठ पीड़ितों की निःस्वार्थ सेवा हम सबके लिए प्रेरणा पुंज है। कुष्ठ रोगियों की सेवा नारायण सेवा के समान है। मंत्री वर्मा भारतीय कुष्ठ निवारण संघ परिसर का भ्रमण करते हुए जरूरतमंद कुष्ठ रोगियों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया और रक्षा सूत्र बांधते हुए फल वितरित किए। कुष्ठ आश्रम सोंठी कात्रेनगर में बनाये जा रहे जीवनोपयोगी विभिन्न हस्त उत्पादों की उन्होंने सराहना की। कुष्ठ आश्रम सोंठी के सदस्यों ने आश्रम में बाउंड्रीबाल निर्माण करने की बात रखी जिस पर मंत्री टंकराम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिए। इसके उपरांत मंत्री वर्मा ने सरस्वती शिशु मंदिर चाम्पा में आयोजित विद्याभारती मध्य क्षेत्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान सांसद कमलेश जांगड़े, जनप्रतिनिधि एवं संस्था के प्रबंधकारिणी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।






# सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 प्रणाली के जरिए उद्यमियों को मिल रही सहूलियत : मंत्री लखन लाल देवांगन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ द्वारा ''हमर व्यापारी हमर संगवारी'' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राजधानी रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में राजस्व आपदा और खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक रायपुर ग्रामीण मोती लाल साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू सहित उद्योग महासंघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए व्यापारियों को संबोधित करते हुए मंत्री देवांगन ने कहा कि लोगों को व्यापार के प्रति जागरूक करने एवं उनके व्यापार को नया आयाम देने का प्रयास महासंघ द्वारा किया जा रहा है और इस प्रयास में आपके साथ विष्णुदेव साय की सरकार आप सभी का पूरा साथ देगी। मंत्री देवांगन ने कहा कि आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 की लांचिंग किया गया है, इससे नए उद्योग शुरू करने वाले व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर 2024 से प्रदेश की नई उद्योग नीति भी लागू हो जाएगी। नई नीति उद्यमियों के सहूलियत को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में तैयार किया जा रहा है। आप सभी के साथ सरकार मिलकर प्रदेश में उद्योगों के लिए और बेहतर माहौल बनाने का प्रयास करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुद्रा ऋण को आरंभ किया, इससे लोगों को व्यवसाय करने में आसानी हो रही है। उद्योग मंत्री ने कहा कि सरकारी खरीदी में जेम पोर्टल सिस्टम लागू किया गया है।

# चक्रधर समारोह-2024 : चक्रधर समारोह के मंच को पद्मश्री से सम्मानित 7 विभूतियां करेंगी सुशोभित

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com




चक्रधर समारोह फिर से अपने पुराने वैभव और गरिमा के साथ आयोजित होने जा रहा है। 10 दिवसीय कला महोत्सव की रूप रेखा तैयार की जा चुकी है। नामचीन कलाकार अपने हुनर के प्रदर्शन के लिए रायगढ़ पहुंचने वाले हैं। चक्रधर समारोह का मंच कला जगह में अपनी विशिष्ट ख्याति रखता है। पिछले कुछ वर्षो के दौरान कोविड महामारी के चलते समारोह वृहत स्तर पर आयोजित नहीं किया जा सका था। इस बार के आयोजन में एक खास बात और शामिल है। इस वर्ष भारत सरकार के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित 7 विभूतियां रायगढ़ चक्रधर समारोह के मंच को सुशोभित करेंगी।

पद्मश्री हेमा मालिनी- जो भारतीय सिनेमा की एक प्रमुख और बहु-प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, अपने भरतनाट्यम नृत्य के लिए भी जानी जाती हैं। उन्हें भारतीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है। भरतनाट्यम, जो एक प्राचीन और शास्त्रीय नृत्य शैली है, में हेमा मालिनी की निपुणता और दक्षता अद्वितीय है। उनके नृत्य की विशेषताएँ उनकी उत्कृष्ट तकनीक, भाव-प्रकटीकरण और मंच पर उनकी उपस्थिति में स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं। उन्होंने न केवल अपनी कला को फिल्मों के माध्यम से प्रस्तुत किया, बल्कि शास्त्रीय नृत्य की कला को भी पूरे देश और विदेश में लोकप्रिय बनाया। उन्होंने कई महत्वपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियाँ की हैं, जिनमें भारतीय पौराणिक कथाओं और धार्मिक कथाओं का सुंदर चित्रण होता है। उनके प्रदर्शन में नृत्य की विभिन्न मुद्राओं और भावनाओं का अभिव्यक्ति, दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। उनकी नृत्य साधना और कला के प्रति समर्पण ने उन्हें न केवल सिनेमा की दुनिया में, बल्कि शास्त्रीय नृत्य की दुनिया में भी एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है। उन्हें वर्ष 2000 में चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

**पद्मश्री रामलाल बरेठ**

पद्मश्री रामलाल बरेठ इन्होंने रायगढ़ कत्थक शैली को विकसित करने और कत्थक को घराने के रूप में स्थापित करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। रायगढ़ कत्थक शैली को लोकप्रिय बनाने में पंडित रामलाल बरेठ का बहुत बड़ा योगदान है। उनके अथक प्रयास से रायगढ़ कत्थक शैली को रायगढ़ घराना के नाम से जाना जाता है। रायगढ़ घराना पूरी दुनिया में चौथे कत्थक घराने के रूप में प्रसिद्ध है। पंडित रामलाल को 1996 में भारत के राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा ने भारत के राष्ट्रीय सम्मान संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्हें वर्ष 2024 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

**पद्मश्री कुमारी देवयानी**

पद्मश्री कुमारी देवयानी अनिक शेमोटी, जिन्हें मंच नाम कुमारी देवयानी के रूप में जाना जाता है, एक भारतीय नृत्यांगना हैं, जो भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली भरतनाट्यम में प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने भारत के साथ-साथ ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, इटली, ग्रीस, पुर्तगाल, स्कैंडिनेवियाई देशों, एस्टोनिया और दक्षिण कोरिया के त्योहारों और संगीत हॉल में प्रदर्शन किया है। देवयानी भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) की सूचीबद्ध कलाकार हैं। 2009 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

**पद्मश्री डॉ.भारती बंधु**

पद्मश्री डॉ.भारती बंधु एक भारतीय संगीतकार और गायक हैं, जिनके कबीर भजन बहुत प्रसिद्ध हैं। वे छत्तीसगढ़ के रायपुर में पैदा हुए थे। भारती बंधु ने देश दुनिया भर में हजारों प्रस्तुतियां दी हैं। उन्हें संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया था। उन्हें राजा चक्रधर सम्मान से भी सम्मानित किया गया है। वे भारत में सूफी और कबीर संगीत के प्रतीक हैं। उन्हें वर्ष 2013 में पद्मश्री से नवाजा गया है।

**पद्मश्री अनुज शर्मा**

पद्मश्री अनुज शर्मा छत्तीसगढ़ी सिनेमा और कला क्षेत्र में ख्यात्तिलब्ध व्यक्तित्व अनुज शर्मा को उनके निर्देशनए अभिनय और गायन में उनकी प्रतिभा के लिए जाना जाता है। कला के क्षेत्र में उनकी सेवाओं के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा 2014 में चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

**पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे**

पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे अपनी हास्य कविताओं के लिए पूरे देश दुनिया में प्रसिद्ध हैं। वे वह पेशे से एक आयुर्वेदिक चिकित्सक भी हैं। प्रदेश की बोली और संस्कृति को उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों से बढ़ावा दिया है। उन्हें भारत सरकार द्वारा 2010 में देश के चौथे उच्चतम भारतीय नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

**पद्मश्री रंजना गौहर**

पद्मश्री रंजना गौहर प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना, कोरियोग्राफर तथा फिल्म निर्मात्री हैं। उन्हे पद्मश्री व संगीत नाटक अकादमी के पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। वह ओडिसी नृत्य के संदर्भ में एक किताब (ओडिसी द डांस डिवाइन) भी लिख चुकी हैं। रंजना गौहर को 2003 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित पद्मश्री और 2007 में राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## राज्यपाल रमेन डेका को चक्रधर समारोह का न्योता देने राजभवन पहुंचे रायगढ़ कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक



राज्यपाल रमेन डेका को रायगढ़ में आयोजित 39 वें चक्रधर समारोह में निमंत्रित करने के लिए रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल राज भवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल डेका को समारोह का निमंत्रण पत्र सौंपते हुए चक्रधर समारोह के बारे में जानकारी दी और कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आग्रह किया। चक्रधर समारोह का आयोजन इस वर्ष 07 सितम्बर से 16 सितम्बर 2024 तक किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को 39 वें चक्रधर समारोह में शामिल होने का मिला आमंत्रण



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित निवास में कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने सौजन्य मुलाकात कर 39वें चक्रधर समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण स्वीकार कर समारोह के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चक्रधर समारोह रायगढ़ की पहचान है। अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों ने समारोह में प्रस्तुति देकर इसके गौरव को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ से मैं सांसद रहा और इस आयोजन को करीब से देखा है। साय ने कहा कि समारोह से मेरा भावनात्मक लगाव भी है। महाराजा चक्रधर ने रायगढ़ को अमूल्य सांस्कृतिक विरासत सौंपी है, जो लगातार समृद्ध हो रहा है। समारोह की लोकप्रियता का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि कलाकारों और कलाप्रेमियों को वर्ष भर इस समारोह का इंतजार रहता हैं। मुख्यमंत्री साय ने स्थानीय लोक कलाकारों को भी समारोह में प्रमुखता के साथ शामिल करने को कहा। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने मुख्यमंत्री से आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने बताया कि 10 दिन तक चलने वाले समारोह में इस वर्ष भी बड़े कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही समरोह में स्थानीय लोक कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये श्रेष्ठा को यूनिवर्सल एमिनेन्स एवार्ड




पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य कल्याण एवं त्वचा देखभाल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और अपनी अलग पहचान बनाने के लिये रायपुर की श्रेष्ठा तिवारी को मुम्बई में यूनिवर्सल एमिनेन्स एवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार गत दिवस ताज मुम्बई में आयोजित एक कार्यक्रम मे फिल्म अभिनेता अरबाज खान ने प्रदान किया। मुम्बई की प्रतिष्ठित फाल्कन मल्टीमीडिया एवं पब्लीसिटी हाउस द्वारा यह पुरस्कार उन दूरदर्शी लोगों को प्रदान किया जाता है जो ग्राउंड ब्रेकिंग तकनीकों से लेकर परिवर्तनकारी व्यावसायिक मॉडल के माध्यम से भविष्य को आकार देते हैं। उत्कृष्टता और दूरदर्शी सोच पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रगति के सार को मूर्त रूप देते हैं और अपने-अपने क्षेत्रों में प्रेरणा के प्रतीक के रूप में कार्य करते हैं। रायपुर के डीपीएस स्कूल और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी बंगलुरू की छात्रा श्रेष्ठा ने त्वचा की सकारात्मकता की अग्रणी पैरोकार के रूप में, सोरायसिस के साथ अपनी व्यक्तिगत यात्रा को बदलाव के लिए एक शक्तिशाली मंच में बदल दिया है। मात्र 8 वर्ष की आयु में इस त्वचा रोग से पीड़ित होने के बाद, उन्होंने दूसरों को सोरायसिस के बारे में शिक्षित करने, कलंक को खत्म करने और अपने ऑनलाइन समुदाय, Psafe Space के माध्यम से सहायता प्रदान करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया है। इंस्टाग्राम पर 10 मिलियन से अधिक लोगों की पहुंच और फेमिना इंडिया, एले और ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे जैसे प्रतिष्ठित प्रकाशनों में शामिल होने के साथ, श्रेष्ठा का प्रभाव दूरगामी है। न्यूयॉर्क शहर में लिंक स्क्रीन पर प्रसारित एक वैश्विक अभियान में उनका प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके प्रभाव को उजागर करता है। अपनी उपलब्धियों से परे, श्रेष्ठा सोरायसिस से पीड़ित लोगों को खुद से प्यार करने के लिए प्रेरित करती हैं, जिससे उन्हें बेहतर जीवन जीने में मदद मिलती है।

# वरिष्ठ स्वयंसेवक मुकेश के जन्मदिन पर स्वयंसेवकों द्वारा गुण्डाधुर महाविद्यालय में किया गया श्रमदान





पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागाँव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. सी.एल.पटेल तथा जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन में वरिष्ठ स्वयंसेवक तथा राज्य स्तरीय श्रेष्ठ स्वयंसेवक से सम्मानित मुकेश पोयाम के जन्मदिन पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा एक दिवशीय संडे क्लास लगाकर महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए श्रमदान करके साफ सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर मुकेश तथा उसके साथी स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर तथा भवन के छत की साफ सफाई का कार्य किया गया व शिक्षण व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बच्चों को पढ़ाई के लिए एक अच्छा वातावरण मिल सके इसके लिए छत पर पड़े अस्त व्यस्त टेबल बेंच को व्यस्थित करने का कार्य किया गया। मिली जानकारी आनुसार वरिष्ठ स्वयंसेवक मुकेश पोयाम बचपन से ही सहयोगी प्रवृत्ति का है तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से जुड़कर स्वयं से पहले आप की भावना के साथ पढ़ाई के साथ साथ समाज सेवा का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार हनी चोपड़ा,वरिष्ठ स्वयंसेवक तिलक दास, देवेन्द सेठिया एवं अजीत उपस्थित रहे। इस श्रमदान कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा जिसमें द्रोणा, रयतू, सूर्यप्रकाश, मनेश, अजय, टिकेंद्र, मुकेश, अंजू, मुंजी, कशिश, धनसाय, डॉली, खिलेंद्र, चंद्रिका, भूमिका, ममता, निताई, बबलू, हितेश, हरिलाल, सरस्वती एवं अत्यधिक संख्या में उपस्थित सभी स्वयंसेवक शामिल रहे।

## काले मुंह वाले बंदरों के मारे जाने की खबर लगने पर वनमंडल अधिकारी चंद्रशेखर साजा पहुँचे

**बेमेतरा।** बीते शनिवार की रात ग्राम बेलगांव, तहसील थानखमरिया जिला बेमेतरा में कुछ काले मुँह वाले बंदरों को मारकर गाँव के आसपास फेंक दिए जाने की घटना जानकारी मिलने पर रविवार की सुबह, वनमंडलाधिकारी दुर्ग, चंद्रशेखर शंकरसिंग परदेशी, साजा पहुँचे और तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने उप वन मंडल अधिकारी बेमेतरा, रेंजर साजा और अन्य स्टाफ को ग्राम बेलगांव भेजा, जहाँ उन्होंने ग्राम कोटवार और ग्रामीणों से पूछताछ की। स्थल निरीक्षण के दौरान, चार सड़े-गले बंदरों के बाल, हड्डी और अन्य अवशेष पाए गए। मौके पर पंचनामा कर, पशु चिकित्सक से शव परीक्षण कराया गया। इस घटना के संबंध में वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 के तहत अपराध क्रमांक 68/14, दिनांक 01-09-2024 को पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है। फिलहाल, मामले की जांच जारी है और जांच के बाद वास्तविक अपराधी को नियमानुसार न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने स्वच्छता अभियान चलाया गया

पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव ब्लॉक और बड़ेराजपुर ब्लॉक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। ज्ञात हो कि पूर्व सैनिकों और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले युवक एवं युवतियों के द्वारा प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाता है इसी कड़ी में 1 सितंबर 2024 रविवार को कोंडागांव ब्लॉक के सरगीपाल पारा गार्डन में और बड़ेराजपुर ब्लॉक के शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूर्व सैनिक स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से समाज को यह संदेश दे रहे हैं कि अगर आपके आसपास साफ सफाई है, किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं हैं तो आप कई बीमारियों से लड़ सकते हैं और उन्हें रोक सकते हैं, खासकर संक्रामक बीमारियों को। इसके अलावा, स्वच्छता आपके शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ाती है। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव ब्लॉक से बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, सेवारत सैनिक हवलदार रति राम, बड़ेराजपुर ब्लॉक से ब्लॉक अध्यक्ष चंदूलाल जैन, उपाध्यक्ष रूपउ राम मरकाम, जिला परियोजना अधिकारी वेणुगोपाल राव, जिला रोजगार कार्यालय से केकती बर्मन, नगरपालिका परिषद कोंडागाँव के कर्मचारी और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 250 युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक लाल सिंह ठाकुर को चिलपुटी में विदाई दिया गया

पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





शिक्षक के द्वारा व्यक्ति के भविष्य को बनाया जाता है एवं शिक्षक ही वह सुधार लाने वाला व्यक्ति होता है। प्राचीन भारतीय मान्यताओं के अनुसार शिक्षक का स्थान भगवान से भी ऊँचा माना जाता है क्योंकि शिक्षक ही हमें सही या गलत के मार्ग का चयन करना सिखाता है। इस बात को कुछ ऐसे प्रदर्शित किया गया है- गुरुःब्रह्मा गुरु विष्णुः गुरुः देवो महेश्वरः गुरुःसाक्षात् परम् ब्रह्म तस्मै गुरुवे नमः। कबीर कहते हैं गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पांय बलिहारि गुरु आपनो गोविंद दियो बताय।शिक्षक आम तौर से समाज को बुराई से बचाता है और लोगों को एक सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति बनाने का प्रयास करता है। इसलिए हम यह कह सकते है कि शिक्षक अपने शिष्य का सच्चा पथ प्रदर्शक है। इसी तारतम्य में जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि लाल सिंह ठाकुर सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला दाबड़ी बेड़ा ने अपने शिक्षक जीवन के 43 वर्ष के लंबे सेवाकाल की समाप्ति के उपरांत माध्यमिक शाला दाबड़ीबेड़ा संकुल चिलपुटी ,विकासखंड कोंडागांव, जिला-कोंडागांव में अपने सेवा के आखिरी पल व्यतीत किए। उनके सेवानिवृत्त होने पर संकुल स्तरीय विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने धर्म पत्नी के साथ उनका आगमन हुआ था। मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई,एवं बहुत ही सम्मान के साथ उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी मो.अंसारी एवम् खण्ड श्रोत समन्वयक रामलाल नेताम संकुल प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह साथ ही संकुल समन्वयक विनोद वट्टी एवम् सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षकीय सेवा के दौरान उनके साथ अपने कायार्नुभव को व्यक्तिगत अनुभव के साथ साझा किया गया, संकुल के शिक्षकों द्वारा लाल सिंह ठाकुर सर के विचारों, कुशल कार्यप्रणाली, नेतृत्व क्षमता को अपने शैक्षणिक सेवा में अनुकरण करने की बात कही गई। लाल सिंह ठाकुर सर ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनका पूरा शिक्षक जीवनकाल ग्राम सातगांव, छुईधोड़ा, कोपाबेड़ाऔर दाबड़ीबेड़ा में व्यतीत हुआ, दाबड़ीबेड़ा में 2013 से सेवारत थे एवं बहुत अच्छे संकुल में शिक्षक समूह के साथ काम करते हुए अपनी सेवा समाप्ति की। कार्यक्रम में उपस्थित ठाकुर सर ने सभी शिक्षको को समय की महत्ता एवम् अपने कार्य के प्रति निष्ठा लग्न को अपनी 43वर्ष की निर्विवाद शिक्षकीय कार्य कामयाबी का राज कहा। इस अवसर पर संकुल परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह, काष्ठ शिल्प स्मृतिचिन्ह, साल, डायरी-पेन, फ्रेम करवाए हुए सिंह सर के छायाचित्र एवं श्रीफल देकर उनको सम्मान दिया गया एवं कुछ शिक्षकों के द्वारा उनको व्यक्तिगत रूप से भेंट प्रदाय किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे, खण्ड श्रोत समन्वयक रामलाल नेताम, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी अंसारी सर एवम् संकुल प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह, संकुल समन्वयक विनोद वट्टी, सरपंच चिलपुटी अरुणा कोर्राम, माध्यमिक शाला प्रधानअध्यापक चिलपुटी नरेन्द्र कश्यप, प्रधानाध्यापिका दाबड़ीबेड़ा मीना नेताम, एवम् प्राथमिक शाला प्रधानाध्यपक राधा नेताम, गीता सागर, बंशी लाल कश्यप, माधुरी सिन्हा, दिनेश कुमार देवांगन एवम् संकुल के अन्तर्गत कार्यरत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं- कर्मचारी उपस्थित थे।

# जनमन शिविर बम्हनी में 7 कमार सदस्यों को मौके पर ही मिला नया राशन कार्ड



पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए पीएम जनमन शिविर का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गरियाबंद जिले में शिविर के माध्यम से पीवीटीजी कमार सदस्यों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत मरोदा के आश्रित ग्राम बम्हनी में पीएम जनमन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 07 कमार जनजाति के हितग्राहियों को मौके पर ही नए राशन कार्ड का वितरण किया गया, जिसमें चमरू कमार, कमला बाई कमार, सावित्री कमार, बृज बाई, आसबती कमार, श्याम बाई एवं फु लेश्वरी कमार को राशन कार्ड दिया गया। नए राशन कार्ड बन जाने से अब उनके परिवार को प्रतिमाह रियायत दर पर चांवल, शक्क र एवं नमक सहित खाद्यान्न मिलेगी। साथ ही अब पास के शासकीय उचित मूल्य की दुकान से आसानी से यह खाद्य सामग्री प्राप्त कर सकेंगे। राशन कार्ड बन जाने से सभी सदस्यों ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शासन का आभार जताया। इसी प्रकार शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 45 कमार परिवारों का बीपी, शुगर हेल्थ चेकअप भी किया गया और आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया।

# शुष्क दिवस पर मास विक्रेताओं पर निगम प्रशासन ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



शुष्क दिवस के अवसर पर मास की बिक्री करने वालों पर धमतरी निगम प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। इस दौरान उपायुक्त पीसी सार्वा ने अभियान चलाकर कई दुकानों और स्थानों पर छापेमारी की जो लोग अवैध रूप से बेचते हुए पाए गए उनके खिलाफ जपती कार्रवाई की गई। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य शुष्क दिवस के नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। गौरतलब है की 31 अगस्त पर्यूषण पर्व प्रथम दिवस पर शुष्क दिवस घोषित की गई थी जिसके परिपालन में सुबह से ही निगम की टीम शहर के सभी पशु वध गृह एवं मांस मटन विक्रेता को दुकान बंद करने के लिए समझाइ दी गई थी। इसके बावजूद भी शाम के समय दुकान खुलने की जानकारी मिलते ही तत्काल आयुक्त विनय कुमार के आदेश अनुसार उपयुक्त पीसी सार्वा ने स्वयं उपस्थित होकर निगम के टीम के साथ नहर नाका चौक से सिहावा चौक, दानीटोला चौक, इतवारी बाजार सहित शहर के अन्य स्थानों में कार्यवाही की। आयुक्त विनय कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे शुष्क दिवस के नियमों का पालन करें और अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें। इस प्रकार की कार्रवाई से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शुष्क दिवस के दौरान किसी भी प्रकार की मास बिक्री न हो। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी शेर ख़ान, निगम कर्मचारी श्यामू सोना, गोविंद पात्रे, अनिल ,गोलू, मुकेश आदि मौजूद रहे।

### सितंबर माह में 5 प्रमुख पर्व पर घोषित की गई है शुष्क दिवस

छत्तीसगढ़ शासन नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश अनुसार सितंबर माह में 7 सितंबर गणेश चतुर्थी, 8 सितंबर पर्यूषण पर्व अंतिम दिवस, 14 सितंबर ढोल गयारस,17 सितंबर अनंत चतुर्दशी,18 सितंबर उत्तम क्षमा दिवस दिवस शुष्क दिवस घोषित की गई है। इन दिवस पर पशु वध गृह एवं मांस मटन बि ी पूर्णता बंद रहेगी जिसकी जानकारी धमतरी निकाय क्षेत्र मैं संचालित दुकानों को दिया गया है एवं आदेश भी चस्पा किया गया है।

# अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाने में धमतरी पुलिस, सायबर सेल तकनीकी एवं थाना दुगली द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही

## हत्या करने के पश्चात् थाना भानुप्रतापपुर में कराया था गुम इंसान की रिपोर्ट

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



07 अगस्त के दरम्यानी रात्रि ग्राम भोबलाबाहरा मारागांव सीसी रोड से 20 मीटर की दूरी पर अज्ञात मृतिका उम्र करीबन 25-30 वर्ष का शव अधजली अवस्था में मिलने से थाना दुगली जिला धमतरी के द्वारा मर्ग के 02/24 धारा 174 जा. फौ. कायम कर मर्ग पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। डॉक्टर के शार्ट पीएम रिपोर्ट के अनुसार मृतिका के सिर,गर्दन, पेट में गंभीर चोट के निशान के कारण मृत्यु हो जाना लेख किया गया है। जिस पर से थाना दुगली में अपराध कमांक 06/24 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिले में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु सायबर सेल तकनीकी एवं थाना दुगली की संयुक्त टीम द्वारा अज्ञात मृतिका का शिनाख्त एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। अज्ञात महिला के हुलिया, उम्र, पहनावे की तर्ज पर पतासाजी हेतु छत्तीसगढ़ में संचालित समाधान पुलिस एप में छत्तीसगढ़ के जिले गरियाबंद, बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव,कांकेर, जशपुर, बस्तर, राजनांदगांव, दंतेवाडा, कबीरधाम, महासमुंद, नारायणपुर, मोहला मानपुर, सुरजपुर, बलरामपुर के गुम इंसान के हुलिया एवं पहनावे से मिलान किया गया। अज्ञात महिला का हुलिया व पहनावा मिलान नहीं होने पर तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटनास्थल का बारिकी से विश्लेषण किया गया। विश्लेषण में तकनीकी साक्ष्य मिलने के पश्चात् पुनः छत्तीसगढ़ समाधान पुलिस एप में अज्ञात महिला के हुलिया के आधार पर जिला कांकेर थाना भानुप्रतापुर में सर्च किया गया जिसमें थाना भानुप्रतापपुर में गुम इंसान 09/24 गुमशुदा जयंत्री पति मनराखन नेताम उम्र 33 वर्ष ग्राम मोहगांव गुम दिनांक 06/02/2024 के फोटो के साथ मिलान होने के उपरांत जयंत्री के पति मनराखन नेताम के बारे में जानकारी एकत्र करने हेतु मुखबिर लगाकर छानबीन की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर मनराखन नेताम को संदेह के आधार पर पकडकर पुछताछ किया गया, जो गोल-मोल जवाब देकर पुलिस को गुमराह किया जा रहा था। जिनसे बारिकी से पुछताछ करने पर बताया कि मृतिका जयंत्री को मारने के लिये अपने साथी रामदेव सलाम के साथ मिलकर योजना बनाकर कटरी चाकू, पेट्रोल को अपने मोटर सायकल के डिक्की में रखा एवं लोहे के जेकराड़ को गाड़ी के डिक्की के बाजु में बांधकर रखा था। 7/2/24 की सुबह को मनराखन नेताम अपनी पत्नी जयंत्री नेताम को चलो घुमाकर लाता हूँ कहकर अपनी गाड़ी में बिठाकर और अपने भतीजा रामदेव सलाम को अपने मोटर सायकल में चलने को कहा और अपने गांव मोहगांव से कांकेर, नरहरपुर होते हुये दुगली जंगल पहुंचे,घने जंगल का फायदा उठाकर अपने पत्नी जयंत्री नेताम के सिर में साथ में ले गये जेकराड़ से मारे एवं घसिटते हुये रोड से कुछ दूर ले जाकर जेकराड़ से सिर को मारा एवं कटरी चाकू से उसके पेट एवं गला को काटा और घटनास्थल में अपने गमछे को निशानी के तौर पर छोडकर चाकू को घने जंगल में फेंककर भाग गये। पुनः देर रात्रि को छोडे हुए गमछे के आधार पर घटनास्थल पहुंचा एवं मृतिका के पहचान छुपाने के नियत से चेहरे एवं शरीर में पेट्रोल छिडककर जला दिया। कुछ दिन बाद मनराखन नेताम अपनी पत्नी जयंत्री नेताम बिना बताये कही चले जाने के संबंध में थाना भानुप्रतापुर जिला कांकेर में गुम इंसान दर्ज करवाया। आरोपियों द्वारा मृतिका जयंत्री नेताम की हत्या करना स्वीकार करने पर आरोपियों को अपराध धारा 302,120 (बी) 201 भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर पुलिस रिमांड बाद न्यायालय पेश किया जा रहा है। नाम आरोपीगण मनराखन नेताम पिता किशुन नेताम उम्र 48 साल निवासी ग्राम मोहगांव थाना भानुप्रतापपुर जिला कांकेर, रामदेव सलाम पिता शोभीराम सलाम उम्र 30 साल निवासी ग्राम मोहगांव थाना भानुप्रतापपुर जिला कांकेर। अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाने में सायबर सेल तकनीकी प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे, थाना प्रभारी दुगली निरीक्षक दुमनलाल डडसेनाए थाना रूद्री प्रभारी उप निरीक्षक अमित बघेल,सायबर सेल से प्रआर देवेन्द्र राजपूत,लोकेश नेताम, आर, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू कृष्ण कन्हैया पाटिल, आनंद कटकवार, युवराज ठाकुर, विकास द्विवेदी,योगेश नाग, फनेश साहू, कमल जोशी, योगेश ध्रुव, देवेन्द्र साहू, मनोज साहू, गोपाल चन्द्राकर, किशोर देशमुख, थाना दुगली से प्रआर पुरन साहू, सत्येन्द्र दिक्षित,आरक्षक गोकुल सिन्हा,वेदप्रकाश चन्द्रवंशी, रामायण कंवर,घनश्याम साहू, तेजराम नेताम, मानक साहू, शिवचरण कुर्रे,अनिल खुटारे की सराहनीय भूमिका रही।

# गुरुकुल उन्नयन को लेकर स्वामी रविन्द्र महाराज ने की मुख्यमंत्री से की सौजन्य भेंट



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर से लगभग 25 कि,मी,की दुरी में वनांचल क्षेत्र में स्थित अलेख महिमा आश्रम और महर्षि दयानंद मठ छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित स्वामी सुमेधानंद वैदिक गुरुकुल कटंगपाली के उत्थान के लिए आश्रम के संस्थापक पूज्य स्वामी रविन्द्र दास जी महाराज एवं गुरुकुल संचालक ऋषि राज जी समेत उनकी पूरी संचालन समिति के सर्व महेश मुनि जी वानप्रस्थी,चतुर्भुज आर्य,आनंद भोई,संपत जाल , भागीरथी प्रधान आदि पदाधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की और दयानंद मठ चंबा हिमाचल प्रदेश की शाखा के रूप में स्वामी सुमेधानंद वैदिक गुरुकुल कटंगपाली के विकास हेतु चर्चा की गई साथ ही गुरुकुल आवागमन के लिए मुख्य सड़क से कटंगपाली गुरुकुल आश्रम तक पहुंच मार्ग व मध्य में स्थित नाले पर पुलिया निर्माण किए जाने के लिए पत्र हस्तगत की गई । मुख्यमंत्री श्री साय ने गुरुकुल शुरुआत की प्रशंसा करते हुए स्वामी जी का और गुरुकुल के पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए कार्य कराने का आश्वासन दिया ।

# गोलवलकर स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरण

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली गुरु गोलवलकर उ. मा. विद्यालय सरायपाली में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल, स्थानीय पार्षद दुर्गा खीरचंद बारी, विष्णु अग्रवाल, बिहारी लाल अग्रवाल, गणमान्य नागरिकों, पालकों और संस्था के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में निःशुल्क सरस्वती साइकल वितरण योजना के तहत छात्राओं को साइकल वितरित किया गया।

# महतारी वंदन, जन.धन, रेडी टू ईट योजना को पार्षद मोटवानी ने नारी सशक्तिकरण का बताया परिचायक

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की परंपरा व संस्कृति से जुड़ी हुई महिलाओं का आस्था एवं श्रद्धा का महापर्व तीजा से पूर्व महतारी वंदन योजना की राशि 2 सितंबर को उनके खाते में डाले जाने की निर्णय का स्वागत करते हुए पार्षद विजय मोटवानी ने कहा है कि देश की आधी आबादी की चिंता केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा शासित राज्य सरकारों द्वारा उनके शुभचिंतक तक एवं हित चिंतक के रूप में करती है और इसी का प्रमाण है कि आज प्रधानमंत्री जन धन योजना जो महिलाओं के आत्मनिर्भरता का देश में न्यू का पत्थर साबित हुआ उसका 10 साल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसके कारण समाज की धारा में महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रही है वहीं दूसरी ओर नवंबर दिसंबर के बाद राज्य की सरकार ने महतारी वंदन के माध्यम से राज्य में स्वावलंबी महिला शक्ति को चिंन्हाकित किया है मोटवानी ने आगे कहा है कि पिछली राज्य सरकार द्वारा गांव.गांव की महिला समूह रेडी टू एट के माध्यम से आर्थिक संसाधन जुटती थी उसे बंद कर उनके पेट पर लात मारा गया था जिसे फिर से राज्य सरकार महिलाओं को समूह के माध्यम से सक्षम बनाकर सशक्त रूप देने के लिए फिर से यह कदम उठा रही है जो स्वागत योग्य है।

# जीवन में शांति का एक ही मार्ग है आध्यात्मिक : रामू रोहरा

## विहंगम योग आध्यात्मिकता के साथ रचनात्मक कार्यों में भी अग्रणी है : उमेश साहू

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी के समीप ग्राम देवरी में आयोजित सदगुरू सदाफल देव ब्रह्मा विद्या विहंगम योग संस्थान के द्वारा सदुरु सदाफल महाराज के जन्म जयंती अवसर पर सत्संग का आयोजन किया गया था। जिसमें सुबह से ही भक्त शिष्य पहुंचकर सत्संग का आनंद प्रवचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा उपस्थित भक्त शिष्य प्रेमियों से कहा की आज भागम भाग की दुनिया में सुख और शांति सिर्फ और सिर्फ अध्यात्म में ही है। आप सब लोग भाग्यशाली हैं की अध्यात्म के रास्ते में चलकर भजन सत्संग जध्यान साधना करते हुए जीवन जी रहे हैं। इस दुनिया में जो अशांति फैली हुई है उसको शांत करने का उसको समाप्त करने का सिर्फ और सिर्फ भारत का आध्यात्मिक ज्ञान है। जिसको हम ध्यान साधना के माध्यम से करके अपने मन को शांत करते हैं जिसके माध्यम से हमारे अंदर की बुराई खत्म होती है और अच्छे कार्य की ओर हम सब अग्रसर होते हैं। विशिष्ट अतिथि उमेश साहू ने कहे की ब्रह्म विद्या विहंगम योग संत समाज के अनुयाई न सिर्फ आध्यात्मिकता की ओर आगे बढ़ते हैं बल्कि देश और समाज को सुधारने की दिशा में भी कार्य करते हैं।संत समाज के माध्यम से अनेक रचनात्मक कार्य समाज के भीतर किया जाता है जैसे वृक्षारोपण, रक्तदान, नशा मुक्ति अभियान इत्यादि के माध्यम से समाज सुधार का कार्य संस्थान के द्वारा किया जाता है जो सराहनीय है।आने वाला 6 एवं 7 दिसंबर को बनारस वाराणसी में बन रहे भव्य स्वर्वेद महामंदिर दुनिया के लिए अलौकिक धार्मिक स्थल बन रहा है ,जहां पर संस्था का शताब्दी समारोह मनाया जाना है। वहा अधिक से अधिक भक्त शिष्यों को जाने की अपील किया। उक्त कार्यक्रम में रमेश साहू पूर्व सरपंच ,विष्णु साहू, जादव साहू, दयाल साहू, उमेश साहू आमदी, जगत राम साहू, हेमलाल चक्रधारी, कल्याणी बघेल, राधेश्याम पटेलए नारायण साहू के साथ सैकड़ो भक्त शिष्य उपस्थित थे।

# हाई स्कूल मेघा के छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक रैली से दिया साक्षरता का संदेश

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा के छात्र छात्राओं ने जिले में चलाया जा रहे हैं शिक्षण सप्ताह के अंतर्गत गौरव ग्राम मेघा की गली मोहल्ले एवं बस स्टैंड में साक्षात साक्षरता रैली निकालकर साक्षरता संबंधी नारे लगाए और लोगों को साक्षर होने के लिए जागरूक किया साथ ही नुक्कड़ नाटकका आयोजन किया गया जिसमें संदेश दिया कि सभी लोग अपने आसपास किसी को भी शिक्षा से वंचित ना रहने दें। क्योंकि साक्षरता से ही व्यक्ति का समाज का एवं राष्ट्र का विकास संभव है। पोस्टर पेटिंग के माध्यम से शिक्षा के महत्व को बताया गया स स्कूल के प्राचार्य एसके साहू रेडक्रॉस काउंसलर अवध राम साहू लाइब्रेरियन विद्या साहू स्काउट गाइड प्रभारी अमित कुमार कंवर इको क्लब प्रभारी कीर्ति लता साहू ,दिलीप कुमार साहू एवं शिक्षिका भावना चावड़ा किरण साहू जयंत कुमार साहू, प्रीतम लाल साहू, टूकेश्वरी साहू का कार्यक्रम में भरपूर सहयोग रहा।

# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई जारी

## 2 लाख 20 हजार रूपये के 88 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी एल के गायकवाड़ के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा 31 अगस्त को बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम तुरमा में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी के रिहायशी मकान की तलाशी लेने एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरीकेन (क्षमता 15.00 ली.) में 14.00 ली. एवं दो नग स्प्राईट की बोतल (क्षमता 2-2 ली) में 4.00 ली. कुल जुमला 18.00 बल्क लीटर हाथभट्ठी मुहआ मदिरा जब्त किया गया। इसी तरह आज 1 सितंबर को भारी मात्रा में अवैध मदिरा की सूचना पर जिला आबकारी दल द्वारा वृत्त- कसडोल के ग्राम घटमड़वा डेरा में दबिश दी गई। मौके पर 70 ली. महुआ मदिरा एवं महुआ शराब निर्माण के लिये तैयार 85 बोरियों में रखे कुल 3400 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया तथा सैंपल लेकर गवाहों के समक्ष नष्टीकरण किया गया। उक्त कार्रवाई में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2).59 (क) के तहत अचौर्यनयन के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

# सीसी रोड निर्माण कार्य का विधायक चातुरी नंद ने किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने ग्राम मुंडपहार में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान सरपंच दीपक साहू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ विधायक नंद का धूमधाम से स्वागत किया। विधायक चातुरी नंद ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर विधिवत भूमिपूजन की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि अंचल का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। गांवों के चहुमुंखी विकास से ही देश और प्रदेश का विकास संभव है। गांवों में रोड, बिजली, पानी समेत मूलभूत सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सरिता प्रधान, पार्षद सुरेश भोई, जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य तन्मय पंडा, विधायक प्रतिनिधि द्वय भरत मेश्राम, अरमान हुसैन, संजय प्रधान, नीलांचल भोई, निर्मल प्रधान, हीरालाल साहू, धनेश्वर चौधरी, हीरालाल प्रधान, सुरेंद्र साहू, भोजराज बारीक, बिरेंद्र साहू, मोहन मिश्रा, सेजदेव बेहरा, नवीन बढ़ाई, हरीश साहू, संतोष, नवल दीप, देवेश दीप,समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विधायक चातुरी नंद तीज मिलन समारोह में हुई शामिल




पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद के मुख्य आतिथ्य में नगर में धूमधाम से तीज मिलन समारोह मनाया गया। नगर के क्वींस ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विधायक चातुरी नंद ने भगवान शिव और पार्वती जी के छायाचित्र में पूजा अर्चना कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि इस समारोह से हम सब एक साथ एकत्रित होकर अपनी संस्कृति और परंपरा की रक्षा करते हुए आने वाली युवा पीढ़ी को इससे अवगत कराते है। तीज पर्व का हमारी संस्कृति में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि कथा के मुताबिक माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए बहुत लंबे समय तक कठोर तपस?या की थी। उनकी तपस्या से महादेव प्रसन्न हुए थे और फिर भोलेनाथ ने सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मां पार्वती को स्वीकार किया था। उन्होंने सभी क्षेत्रीवासियो को तीज पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नोवीना अमृत जगत, समाज सेविका अनिता चौधरी, क्विंस ग्रुप की अध्यक्ष रेखा पुरोहित, निरुपमा देवता समेत ग्रुप की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं को नशे से दूर करने की जाएगी सामूहिक प्रयास

## नशा कर वाहन चलाते हुए 20 व्यक्तियों के लाइसेंस को परिवहन विभाग ने किया निलंबित

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नशा मुक्त मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में युवाओं को नशे से दूर करने, सकारात्मक दिशा देने, मानसिक स्वास्थ्य सुधार हेतु नई रणनीति बनाई जा रही है। इसके लिए आज कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष बैठक संपन्न हुई.बैठक का आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में की गई। इस बैठक का उद्देश्य युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने सहित,नशे से दूर करने करते हुए सकारात्मक दिशा प्रदान करना था। इसके लिए आने वाले दिनों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में बलौदाबाजार भाटापारा जिले में नशे से उत्पन्न होने वाले दुष्प्रभाव एवं परिवारों की दशा बिगड़ने पर विशेष चर्चा की गई.




कलेक्टर दीपक सोनी ने नशा से बढ़ते मानसिक प्रभावित मरीजों की संख्या पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की है। उन्होंने आगे कहा की नशा जो समाज के हर एक वर्ग को नुकसान पहुंचा रहा है जिसमें बच्चे युवा वर्ग एवं महिला पुरुष भी अछुता नही है. नशा करने से मानसिक स्वास्थ्य पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता है जो समाज को खोखला करता है.अत ऐसे व्यक्तियों का चिन्हांकन कर एवं उनके परिवार से संपर्क कर नशा मुक्ति केंद्र तक पहुंचाने में मदद करने के निर्देश समाज कल्याण,स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए है। ताकि किसी भी व्यक्ति की नशा छुड़ाने में मदद की जा सके. मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज कल्याण विभाग द्वारा विगत माह में शुरू किए गए नशा मुक्ति केंद्र जो की संगी मितान सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा चलाया जा रहा है उसकी उपयोगिता के संबध में व्यापक चर्चा की गई। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी ने बताया की 1 जनवरी से आज दिनांक तक नशा करते हुए वाहन चलाने वाले 20 व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस को सस्पेंड कर दिया गया है। उक्त बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी टिकेंद्र जाटवर एवं समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम, जिला सांख्यिकीय अधिकारी सुमीत मेरावी,रायपुर से आई मेंटल हेल्थ की डॉक्टर हर्षित वशिष्ठ, नशा मुक्ति केन्द्र एनजीओ की संचालक ममता शर्मा, अभिषेक बाजपेई (सुपरवाइजर) बलौदाबाजार, जिले के मेंटल हेल्थ की डॉक्टर मधुमिता बनर्जी,वन स्टॉप सेंटर से तुलिका परगहनिया, उपस्थित रहे.कार्यक्रम के बेहतर संचालन के लिए एआई एक्सपर्ट ऋषभ कर्नावत भी उपस्थित रहे।

# लक्ष्य निर्धारित करने से मिलेगी सफलता : चंद्र मोहन सिंह

## एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह, सत्र 2024 - 25 के लिए बड़े जोश व उत्साह से आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि जिले के पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह, अतिथि पत्रकार सतीश गुप्ता व त्वचा विशेषज्ञ व पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी, केंद्रीय चिकित्सालय मनेंद्रगढ़ व डॉक्टर एसके सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक आशीष कक्कड़ एवं आशी कक्कड़, संजीव ताम्रकार और ज्योति ताम्रकार, प्रशांत अग्रवाल एवं तोशी अग्रवाल तथा संस्था के प्राचार्य पी. रविशंकर उपस्थित रहे। मंच का संचालन विद्यालय की हेड कोऑर्डिनेटर सूरूबी पासी द्वारा किया गया। समारोह की शुरुआत विद्यालय गायक मंडली द्वारा स्वागत गीत तथा कक्षा सातवीं ब के छात्रों द्वारा स्वागत नृत्य के साथ हुई। संस्था प्राचार्य ने स्वागत भाषण में विद्यालय की उपलब्धियों से उपस्थित सभा को अवगत कराया गया उन्होंने कहा कि इस साल सीबीएसई हाई स्कूल के परिणामों में स्कूल ने सभी अन्य स्कूलों को पछाड़ते हुए शहर में नंबर-वन स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद नव नियुक्त प्रधानों को बुलाया गया और उन्हें उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जिसमें विद्यालय की योग्य युवा प्रतिभाओं को उनकी प्रतिबद्धता, आत्मविश्वास और क्षमता के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व करने की जिम्मेदारियां प्रदान की गईं। मास्टर निपुण जैन एवं मिस




आरुषि अग्रवाल क्रमशः हेड गर्ल और हेड बॉय घोषित किए गए। सत्र के लिए कल्चरल कप्तान मास्टर आदित्य अग्रवाल, क्रिएटिव कप्तान मिस आयशा डेविड, स्पोर्ट्स कप्तान मास्टर मोहम्मद कैफ तथा डिसिप्लिन कप्तान मास्टर मोहम्मद बासिल को घोषित किया गया। नवनियुक्त कप्तानों को मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक द्वारा बैच व सैश प्रदान किए गए। चारों सदनों के हाउस के कप्तान भी चुने गए, जिनमें अचीवर्स हाउस कप्तान मास्टर रिंकेश कुमार सिंह व मास्टर नूपुर यादव, वाइस कप्तान मास्टर तनिष्क शुक्ला व मिस स्मृति ठाकुर चुने गए। इन्नोवेटर हाउस से कप्तान मास्टर लक्ष्य सोनावत तथा मास्टर तनु वर्मा, वॉइस कप्तान मास्टर रचित अग्रवाल व मिस कसफबानो चुने गए। मोटीवेटर हाउस से कप्तान मास्टर शिवम तिवारी व मिस प्रार्थना जैन,वॉइस कप्तान मास्टर अमन अग्रवाल व मिस विधि दुबे चुने गए। प्रोग्रेसर्स हाउस से कप्तान मास्टर आदित्य कक्कड़ व मिस नियति त्रिपाठी, वाइस कैप्टन मास्टर यश ठाकुर व मिस मानसी सिंह परिषद में चुने गए। माननीय मुख्य अतिथियों द्वारा सभी कप्तानों को बैच व सैश प्रदान किए गए। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिसमें नवनिर्वाचित परिषद को संस्था के पीटीआई शिक्षक गुलशन मेरसा द्वारा अपनी क्षमताओं के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करने और स्कूल के नियमों और विनियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया गया। तत्पश्चात, स्कूल की हेड गर्ल आरुषि अग्रवाल, और हेड बॉय निपुण जैन द्वारा अपने सभी संचालाको व शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और इस उत्कृष्ट अवसर पर अपनी अंतर्दृष्टि व्यक्त की। तत्पश्चात पिछले सत्र में कक्षा दसवीं व कक्षा 12वीं के सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट में अव्वल छात्रों को पुरस्कृत किया गया जिसमें कक्षा 12वीं से प्रियांशु चटर्जी 93% नेहल अग्रवाल 89% नियति अग्रवाल तथा कक्षा दसवीं से कनिष्का पूरी 94% जो कि पूरे जिले में प्रथम स्थान रहा और अरकम खान 94% प्रत्यूष बोथरा 90% मृगांक शिवहरे 87% युवराज सिंह 83% कृपा छाबड़ा 81% तथा अक्षय जैन 80% को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। सत्र 2024-25 के लिए विद्यालय के संचालकों व प्राचार्य द्वारा टीचर कोऑर्डिनेटर की घोषणा की गई जिसमें चीफकोऑर्डिनेटर सुरूबी पासी, प्राइमरी विंग कक्षा प्रथम व द्वितीय से सालेहा परवीन, कक्षा तृतीय से पंचम तक निखत अहमद, मिडल विंग कक्षा छठवीं से आठवीं तक जया चटर्जी, सेकेंडरी विंग कक्षा नवमी व दशमी मनोज केसरवानी, सीनियर सेकेंडरी विंग कक्षा ग्यारहवीं व 12वीं पुष्पराज वर्मा तथा पूरे विद्यालय के लिए डिसिप्लिन इंचार्ज अमरनाथ राव व प्रिया चक्रवर्ती को जिम्मेदारी प्रदान की गई। तत्पश्चात विद्यालय के संचालक संजीव ताम्रकार ने धन्यवाद ज्ञापित किया व विद्यालय द्वारा प्राप्त किए गए कीर्तिमानों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा मुझे इस बात पर बेहद खुशी है कि हमारे विद्यालय प्रबंधन के सदस्य और शिक्षक छात्रों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं व इस दिशा में काम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं इस महत्वपूर्ण अवसर पर हमें अपने छात्रों और शिक्षकों दोनों की कड़ी मेहनत और दृढ़ता के माध्यम से प्राप्त सफलता का सार्वजनिक रूप से उत्सव मनाने का मौका मिला है विद्यालय की उपलब्धियां से पूरा शहर जिला गौरांवित है। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह ने अपने विनम्र और असाधारण शब्दों से गरिमामयी सभा को रोशन कर दिया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ भारत माता की आरती का कार्यक्रम, पूर्व छात्र सीए नीरज अग्रवाल हुए शामिल

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को होने वाली भारत माता की आरती के कार्यक्रम के अंतर्गत 31 अगस्त को भी विद्यालय परिसर में भव्य रूप से भारत माता की आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा इस कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शक्ति के जहां पूर्व छात्र पहुंचे तो वहीं छात्रों ने भी विद्यालय से मिलने वाले अच्छे संस्कारों से जीवन में सफलता के मुकाम पर पहुंचने की बात कही तथा इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की भी जानकारी लेते हुए शिक्षक परिवार से भी आत्मीयता के साथ उनका अभिनंदन किया। सक्ती में माह के अंतिम दिवस शनिवार 31/ 8/24 को वंदना सत्र में भारत माता की आरती का विशेष संगीतमय आयोजन उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें अभ्यागत के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र भैया नीरज अग्रवाल, युवा उद्योगपति मुरारी लाल अग्रवाल, ब्रजेश शर्मा, विकास कथूरिया, विकास अग्रवाल (विक्की), विकास अग्रवाल, अमित अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल एवं राजकुमार जायसवाल सम्मिलित रहे। प्रबंध समिति से कोषाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, डमरूधर देवांगन, बजरंग अग्रवाल, साथ ही प्राचार्य-प्रधानाचार्य, आचार्य- दीदियां, एवं विद्यार्थी भैया- बहन उपस्थित रहे, कार्यक्रम को विद्यालय प्रबंधन समिति के रामावतार अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए आगंतुक सभी पूर्व छात्रों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया तथा कहा कि आज सरस्वती शिशु मंदिर शक्ति शहर में 6 दशकों से निरंतर शिक्षा दे रहा है तथा विद्यालय के पूर्व छात्र जब इस विद्यालय में आते हैं तो निश्चित रूप से विद्यालय परिवार के लिए भी यह गौरव का विषय है।

## राज्यपाल सम्मान से नवाजे गए शिक्षकों का रायपुर के कलिंगा विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम, सक्ति से मीरा देवांगन ने करी सहभागिता

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय ने 2023 में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा सम्मानित शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए एक शिक्षक सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में शक्ति से मीरा देवांगन राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका सम्मिलित रही, यह कार्यक्रम कलिंगा विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ, जिसमें राज्य भर के शिक्षकों के उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला गयाइस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस और उच्च शिक्षा विभाग के पूर्व प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। आलोक शुक्ला ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित कर शैक्षिक उत्कृष्टता के एक यादगार समारोह की शुरुआत कीकार्यक्रम की शुरुआत बीसीए तृतीय सेमेस्टर की प्रतिभावान छात्रा अनंता कुमारी और इंटीरियर डिजाइनिंग पांचवे सेमेस्टर की रितु वर्मा द्वारा प्रस्तुत आकर्षक स्वागत नृत्य से हुई, जिसने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। इसके बाद कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने कलिंगा विश्वविद्यालय की यात्रा और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर विचार करते हुए स्वागत भाषण दियाडॉ. सुनैना शुक्ला, कॉरपोरेट एवं माइंडफुलनेस प्रशिक्षक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक सत्र लिया और शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का गहन अवलोकन प्रदान किया, तथा शैक्षिक मानकों को समर्थन देने और आगे बढ़ाने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका के महत्व को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि आलोक शुक्ला ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने लंबे करियर के बहुमूल्य अनुभव साझा किए और उपस्थित दर्शकों को प्रेरणादायी शब्द दिए, कार्यक्रम में एक आकर्षक सत्र भी शामिल था, जिसमें सभी 44 पुरस्कार विजेता शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत अनुभव और विचार साझा करने का अवसर मिला। उनके असाधारण योगदान के सम्मान में, सभी भाग लेने वाले शिक्षकों को शॉल, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कलिंगा विश्वविद्यालय के शानदार आतिथ्य का आनंद लिया और परिसर का दौरा करने का अवसर प्राप्त किया, जहां उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रयासों और सुविधाओं की सराहना की, समारोह में न केवल इन प्रतिष्ठित शिक्षकों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, बल्कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा के भविष्य को आकार देने में समर्पित शिक्षण पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया गया। छात्र कल्याण की प्रभारी अधिष्ठाता लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।बता दें कि नया रायपुर में स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक प्रमुख संस्थान है।

## बच्चों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के लिए 31 अगस्त को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



विद्यालयीन शिक्षा के सर्वोच्च संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के लिए 31 अगस्त 2024 को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एम.सी.बी. जिले के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अविनाश खरे द्वारा विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी एवं संस्था की निदेशिका पूनम सिंह की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, तदुपरांत सभी ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए परियोजनाओं का क्रमवार मूल्यांकन किया एवं विद्यार्थियों से उनके बनाए गए मॉडलों के बारे में विस्तृत विवरण लिया गया तत्पश्चात विद्यालय परिवार के सभी गणमान्य अभिभावकों द्वारा भी सभी विद्यार्थियों की परियोजनाओं को देखा गया एवं उनके दिए गए विवरण के अनुसार प्रश्न भी पूछे गए जिनका उत्तर सभी छात्रों द्वारा बड़े ही सरल एवं सहज भाव से दिया गया, छात्रों ने अपने कार्यशील मॉडलों की अवधारणाओं को समझने के लिए दृश्य प्रस्तुतियां भी आयोजित की, मुख्य अतिथि ने विज्ञान प्रदर्शनी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में आत्मनिर्भरता, सामाजिक एवं पर्यावरणीय विकास के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास को प्रमुख साधन के रूप में देखने को प्रोत्साहित करता है, ऐसे आयोजनों में प्रतिभागी बनने से ही बच्चे राष्ट्र के भविष्य के प्रति दूरदर्शी संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। संस्था के प्राचार्य डॉ बसंत कुमार तिवारी ने बच्चों की शानदार प्रस्तुति पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करने के पीछे मुख्य उद्देश्य छात्रों को ऐसा मंच प्रदान करना है जहां पर विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से विभिन्न सिद्धांतों को समझ सकें और अपने दैनिक जीवन में लागू कर सकें, इससे बच्चे अपने आसपास हो रहे क्रियाकलापों एवं मशीनों में विज्ञान की उपस्थिति का अनुभव कर सकते हैं और ज्ञात कर सकते हैं कि हम भौतिक एवं सामाजिक पर्यावरण से अधिगम प्रक्रिया को जोड़कर दैनिक जीवन में भी काम आने वाले ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं तथा अनेक समस्याओं का समाधान निकाल सकते हैं। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए प्रमुख परियोजनाओं में माइक्रोबोट, रॉकेट, वेल्डिंग मशीन, सोलर सिस्टम, स्नेक्स मशीन, वाटरफॉल मॉडल, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ह्यूमन स्केलेटन सिस्टम, रदरफोर्ड एटॉमिक मॉडल, फायर अलार्म इत्यादि प्रमुख रहे जिनमें विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है।

## 12 सीबीएसई स्कूलों के 44 शिक्षकों को दी गई पाठ्यक्रम की ट्रेनिंग

**सक्ति।** गोपालजी महाप्रभु एवं माँ चंद्रहासिनी देवी मंदिर सर्वजनिक न्यास द्वारा संचालित चंद्रहासिनी विद्यापीठ में 31 अगस्त 2024 को सीबीएसई शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 12 स्कूलों के कुल 44 शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने नवाचारी शिक्षण विधियों में अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए एकत्रित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम तकनीकों और रणनीतियों से सुसज्जित करना था, ताकि वे छात्रों के शिक्षा परिणामों में सुधार कर सकें। शिक्षा के क्षेत्र में प्रसिद्ध विशेषज्ञों टूना बिश्वाल, (प्रचार्य साधुराम विद्या मंदिर कोसमनारा, रायगढ़) तथा गोबिंद चंद्र दास (प्राचार्य अहिल्या देवी इंटरनेशनल स्कूल भाटापारा) ने आकर्षक सत्रों का नेतृत्व किया, जिससे ज्ञान साझा करने के लिए एक सहयोगी वातावरण बना, हमें इस सफल आयोजन की खुशी है, चंद्रहासिनी विद्यापीठ की प्राचार्या हेमा विश्वास ने कहा कि हमारा लक्ष्य शिक्षकों को सशक्त बनाना है, जो बदले में भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित और शिक्षित करेंगे। कार्यक्रम की सफलता चंद्रहासिनी विद्यापीठ की उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह संस्थान क्षेत्र के शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

## गांजा तस्करी में शामिल आरक्षक सस्पेंड

### आरक्षक रायगढ़ में गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार, पुलिस अधीक्षक ने किया तत्काल सस्पेंड



**सक्ति।** कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सक्ती छत्तीसगढ़ ने आदेश जारी किया है जिसमें थाना जूटमिल जिला रायगढ़ के अपराध क्रमांक 381/2024 धारा 20बी, 29 एनडीपीएस एक्ट में आर. 128 किशोर साहू रक्षित केन्द्र जिला सक्ती को रायगढ़ पुलिस द्वारा गांजा तस्करी के आरोप में 30.08.2024 के 23.15 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है, आरक्षक 128 किशोर साहू द्वारा गांजा तस्करी जैसे अपराध मे संलिप्त होकर अपने पदीय गरिमा के विपरीत कर्तब्य मे स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता व संदिग्ध आचरण प्रदर्शित करना पाये जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

## सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं : चारु

### चारु शर्मा का सपना हुआ पूरा, नीट में हुआ चयन, डॉक्टर बन करेगी समाजसेवा



पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के मौहार पारा निवासी चारु शर्मा ने हाल ही में हुए नीट एग्जाम में महासमुंद छत्तीसगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की शीट हासिल कर अपने परिजनों सहित मनेन्द्रगढ़ शहर का नाम रोशन किया है। गौरतलब है मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मी चारु शर्मा आरम्भ से ही मेघावी छात्रा है। चारु के पिता मुकेश शर्मा पेशे से एक सरकारी ठेकेदार है जिनकी माता सुनीता शर्मा बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में लेक्चरर हैं। चारु शर्मा का मनेन्द्रगढ़ सेन्ट्रल स्कूल रेलवे कालोनी में कक्षा 12 वी में भी परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा है और 12वी में बायोलॉजी बिषय में 100 में 100 अंक हासिल किया था. चारु को पहली ही बार में नीट की परीक्षा में सफलता मिली और सरकारी मेडिकल कॉलेज मिला। चारु बताती है कि बचपन से उसने डॉक्टर बनने का सपना देखा था जिसके लिए लगातार जी तोड़ मेहनत की। रात दिन एक कर के एक लक्ष्य रखकर पढ़ाई की है। मुझे आगे जाकर सर्जन बनना है, चारु शर्मा ने बताया की मेरी रूचि पेंटिंग और डांसिंग में है और इस सफलता का श्रेय सिर्फ और सिर्फ मेरे माता सुनीता शर्मा और पिता मुकेश शर्मा को जाता है। चारु शर्मा की इस सफलता पर परिवार सहित अन्य रिश्तेदार, शिक्षक और शहर के कई लोगो ने शुभकामनायें दी हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




सोशल मीडिया जितना बढ़ा है उतने ही ज्यादा साइबर अपराध बढ़े हैं इसके लिए समय समय पर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। जानकारी के अभाव में आमजन अपना बहुत नुकसान कर बैठते हैं। इस हेतु विगत दिवस शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वीं वर्षगांठ के अवसर पर रिजर्व बैंक द्वारा ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु तथा आनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी परमानंद ने किया, कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए अर्थशास्त्र की अतिथि व्याख्यता गीतिका वर्मा के द्वारा बताया गया आज के समय में आनलाइन धोखाधड़ी के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहें हैं, जिसमें ठग युवाओं और बुर्जुग पेंशनर्स को निशाना बना रहे हैं, इससे हम सबको सावधान रहने की आवश्यकता है किसी बहकावे में ना आएं तथा आनलाइन प्राप्त ओटीपी को साझा ना करें। हिन्दी के सहायक प्राध्यापक महावीर पैकरा ने कहा की रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में महाविद्यालय के ज्यादा से ज्यादा छात्र एवं छात्राएं अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें इससे उनमें प्रतियोगिता परीक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। इस अवसर पर भौतिक विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ. विनीत कुमार पाण्डेय, अतिथि व्याख्यता समाजशास्त्र डॉ दीपशिखा पटेल, अतिथि व्याख्यता राजनीति विज्ञान आशुतोष वर्मा, अतिथि शिक्षण सहायक नुकेशवर निषाद, प्रयोगशाला तकनीशियन महरोज बेगम, शमीम खान, रमेश कुमार यादव, रघुवीर बंसल, राजाराम सिंह परस्ते सहित बडी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## सदस्यता अभियान कार्यशाला विश्राम गृह उतई में संपन्न



**उतई।** भाजपा उतई मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र उतई में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यशाला विश्राम गृह उतई में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में प्रमुख रुप से सोनू राजपूत, लक्ष्मी नारायण साहू, सतीश चंद्राकर, नरेंद्र साहू, तुलुराम साहू, सोहन रिगरी, गिरीश शर्मा, रुपेश पारख, चंदू देवांगन, आशीष साहू, सुमंत साहू, कांतिलाल साहू, विमला कामड़े, संगीत रजक, ममता चंद्राकर, लता सोनवानी, पियूष गंभीर, ओ पी चंद्राकार, वरुण चंद्राकार, खुबीराम साहू, भीमसेन सिन्हा, वैभव देवांगन, दानेश्वरी देशमुख, हरीश यादव, चेतन साहू, चिंटू सिन्हा, शशिकांत वर्मा, भगवती विश्वकर्मा, भीषम देवांगन, शुभम यदु, जिज्ञासु यादव, चेतन चक्रधारी, भूपेंद्र साहू, राकेश यादव आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद ने अपना षष्ठी पूर्ति स्थापना दिवस मनाया

## हिंदू और हिंदुत्व की रक्षा के लिए मेरा तन मन व जीवन समर्पित : आचार्य कौशलेंद्र

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com






विश्व हिंदू परिषद जिला सक्ती के तत्वाधान में परिषद के स्थापना की 60 वीं वर्षगांठ पर अंचल के हिंदू जन उपस्थित होकर षष्ठी पूर्ति स्थापना दिवस मनाया गया, स्थापना उत्सव का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर अभ्यागतो के द्वारा चंदन तिलक लगाकर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलन से हुआ,उत्सव के अतिथि बाल ब्रम्हचारी अनुसूया नंदन कथावाचक आचार्य कौशलेंद्र महाराज ने अपनी बात रखते हुए कहा कि वक्त की मांग है कि हिंदू संगठित हों तथा अपनी बेटियों को परी नहीं लाड़ली पुकारें तथा उन्हें रानी लक्ष्मीबाई व देवी दुर्गा बनने के लिए प्रेरित करें ताकि उनके भीतर शक्ति जागृत हो और हमारी बहनों की ओर आंख उठा कर देखने वालों की, आंख निकाल लेने की जज्बा पैदा हो। उन्होंने ने कहा कि मैंने हिंदू और हिंदुत्व की रक्षा के लिए मेरा तन मन और जीवन समर्पित कर दिया है और वक्त आए तो, अपने इस धर्म के सेवादार को आजमा लेना हिंदुत्व की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर मिलेगा। वहीं कवि हृदय सम्राट रमेश सिंघानिया ने शुरुवाती उद्बोधन करते हुए राम मंदिर निर्माण में विश्व हिंदू परिषद के ऐतिहासिक भूमिका की बात करते हुए कहा कि परिषद के आह्वान पर भव्य राम मंदिर की कल्पना साकार हो सका,नगर संघचालक कुशलाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में बंगाल में हिंदुओ की दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए संगठित होने पर बल देते हुए कहा कि संघे शक्ति कलयुगे अर्थात कलियुग में संगठन में ही शक्ति है,उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने कहा कि हमारे सांस में हिंदू राष्ट्र का सपना जीवंत हो तब वो दिन दूर नहीं जब भारत हिंदू राष्ट्र के रूप में विश्व में अपनी सशक्त भूमिका अदा करते हुए पुनः विश्व गुरु कहलाएगा, मानस मर्मज्ञ मांगेराम अग्रवाल ने जोशीले अंदाज में बहनों को सुरक्षा के लिए चाकू और तो भाईयों को तलवार रखने की बात कहते हुए कहा कि अब कुछ कर गुजरने का वक्त आ गया है, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल ने बताया कि परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में षष्ठी पूर्ति स्थापना दिवस के माध्यम से हिंदुत्व जागरण का अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में हम सब स्थापना उत्सव मना रहे हैं, स्थापना उत्सव के इन पलों में सत्संग प्रमुख नरेंद्र राठौर ने ओज पूर्ण कविता पाठ किया एवम दुर्गा वाहिनी के बहने तनिशा मिश्रा एवं करीना देवांगन ने शांति पाठ और सनातन संस्कृति एवम हिंदुत्व रक्षा का उद्घोष कराया तथा कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता विश्वनाथ सोनसरे ने किया एवं आभार प्रदर्शन सुनीता सोनसारे ने किया। अभ्यागतों में रामावतार अग्रवाल, टेकचंद जायसवाल, कन्हैया राठौर भी मंचासिन रहे तो वहीं उत्सव को सफल बनाने परिषद के जिला मंत्री सुदामा चंद्रा, अमर अग्रवाल (महामाया),जिला सहमंत्री शिवकुमार साहू, जिला सह सत्संग प्रमुख अशोक यादव, जिला महिला उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, रविशंकर पटेल चंदूलाल वैष्णव के साथ विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी की बहनों की सक्रिय सहभागिता रही, कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला कार्यवाह अमरदास मानिकपुरी, अधिवक्ता संतोष यादव, बजरंग अग्रवाल, डमरूधर देवांगन, गौरीशंकर राठौर, विनय कुमार साहू, संतोष यादव, गुरुशरण साहू, सक्ति नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा अनूप अग्रवाल, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष रामनरेश, कार्यालय प्रभारी जिला भाजपा दीपक गुप्ता, जिला मातृशक्ति सत्संग प्रमुख अनिता गौतम, नेहा गुप्ता बाल संस्कार केंद संचालिका सक्ती, शालिनी क्षत्रिय संतोषी गुप्ता, निर्मला शर्मा, अनीता सिंह, पुनीता बरेठ, संपति पटेल, ललिता साहू, झरना साहू, विद्या साहू पुष्पलता चंद्रा, योगेश्वरी माननेवार, संगीता राठौर, लक्ष्मीन चंद्रा, साबिया, सरिता चौहान, फिरतीन बरेठ, केकती यादव, जयंती भट्ट, बिंन्दिया भट्ट रामायण बाई, दुर्गा वाहिनी बहन कु करीना देवांगन नगर संयोजिका, जिला बाल संस्कार दुर्गावाहिनी प्रमुख तनीषा मिश्रा के कु. आशा साव संचालिका नारी तू नारायणी संस्था के साथ गणमान्य जनो में डाक्टर चौलेश्वर चंद्राकर, अनुभव तिवारी, घनश्याम चंद्रा, डाक्टर संतोष पटेल सिविल सर्जन जिला सक्ति, देव चंद्रा, डाक्टर एम पी पटेल, चमरू दास वैष्णव जिला पतंजलि योग प्रभारी सक्ती, पंडित महेश शर्मा, धर्म प्रचारक पंडित नरेन्द्र कुमार मिश्रा, संजय सिन्हा, माधव राठौर, राकेश यादव, विनोद कुमार पांडेय, नगर सक्ती महामंत्री द्वय भाजपा गोविंद देवागन, अमन डालमिया पत्रकार रमेश अग्रवाल, सक्ति भाजपा नगर मंत्री द्वय सर्वजीत सिंह सरदार, गोविंदा साहू, गोरखनाथ यादव एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठनों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवम् राजनीतिक दल तथा अधिकारी कर्मचारी वर्ग के लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## नव मंगल हाई स्कूल पुरई में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com





प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन संकुल केंद्र उतई पुरई के तत्वाधान में नव मंगल हाई स्कूल पुरई में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सात विद्यालय दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, द्रोणाचार्य विद्यालय उतई, राष्ट्रीय भारती विद्यालय डुंडेरा, नव मंगल हाई स्कूल पुरई, हरिओम पब्लिक स्कूल उमरपोटी, महर्षि विद्या मंदिर पुरई, नव मंगल विद्यालय धनोरा के 77 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता चार स्तर प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर संपन्न हुआ एवं प्रत्येक विभाग के लिए निबंध का विषय अलग-अलग रखा गया। प्राथमिक विभाग का विषय मेरा स्वच्छ विद्यालय माध्यमिक विभाग वृक्षारोपण का महत्व हाई स्कूल के लिए जल चक्र एवं उसका महत्व तथा हायर सेकेंडरी के लिए वन संरक्षण का विषय दिया गया। एसोसिएशन का उद्देश्य इस प्रतियोगिता के माध्यम से आज की जो ज्वलंत समस्या सामने आई है उसके प्रति बच्चों में जागरूकता फैलाना तथा इनके माध्यम से अपने आसपास के लोगों को इस और प्रेरित करने की जिम्मेदारी प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग से कु. टुकेश्वरी प्रथम नीरज कुमार ठाकुर द्वितीय दीपशिखा विद्यालय कु. अंकिता देसलहरे द्वितीय हरिओम पब्लिक स्कूल, कु. नूतन निर्मलकर तृतीय नव मंगल स्कूल, समीर साहू तृतीय महर्षि विद्या मंदिर माध्यमिक विभाग से विनय कुमार साहू प्रथम पूर्वी सेन द्वितीय भानु दास तृतीय नव मंगल स्कूल, कु. छनक साहू, कु. दीक्षा, कु. सुनिधि तृतीय दीपशिखा विद्यालय एवं महर्षि विद्या मंदिर हाई स्कूल से कु. रागिनी साहू प्रथम दीपशिखा विद्यालय ,कु. तारिणी साहू द्वितीय राष्ट्रीय भारती स्कूल, तुषार देवांगन, कु. होमिका साहू, कु. लीशा कंवर तृतीय नव मंगल स्कूल एवं राष्ट्रीय भारती स्कूल हायर सेकेंडरी से हर्ष कुमार साहू प्रथम कु. भूमिका साहू द्वितीय एवं कु. हर्षिता बारले तृतीय दीपशिखा विद्यालय उतई रहे।



## करण जौहर की वेब सीरीज कॉल मी बे से अभिनय क्षेत्र में कदम रखेगी लिसा मिश्रा

बहु-प्रतिभाशाली गायिका और अब जल्द ही एक अभिनेत्री बनने वाली लिसा मिश्रा, धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा उनकी शाखा धर्माटिक एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित आगामी वेब सिरीज़ कॉल मी बे में अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं, जिसका प्रीमियर अमेज़ॅन प्राइम पर होगा। अपनी दमदार आवाज़ और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के लिए जानी जाने वाली लिसा का अभिनय की दुनिया में आना एक लंबे समय से प्रतीक्षित यात्रा रही है। कॉल मी बे के साथ अभिनय में लिसा का प्रवेश उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो संगीत उद्योग से परे उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है। इस अवसर के लिए आभारी होकर, उन्होंने एक अभिनेत्री के रूप में उनकी क्षमता पर विश्वास करने के लिए धर्मा प्रोडक्शंस और उनके अटूट समर्थन के लिए अपने गुरुओं को हार्दिक धन्यवाद दिया।

अपनी कास्टिंग पर विचार करते हुए, लिसा ने साझा किया, जब मेरा ऑडिशन आया तो निर्देशन टीम के लिए यह आश्चर्य की बात थी क्योंकि वे मुझे पहले केवल एक गायिका के रूप में जानते थे। लेकिन अभिनय हमेशा से एक सपना रहा है, और इस कला पर मैं वर्षों से चुपचाप काम कर रही थी। यहां तक पहुंचने और इसे तोड़ने में मुझे बहुत समय लगा। बेशक गायन मेरा पहला प्यार है, लेकिन मैं अभिनय की इस लालसा को मिटाना चाहती थी काफी धैर्य के बाद आखिरकार यह समय आ गया है। उनके डेब्यू को लेकर उत्साह निश्चित रूप से देखने लायक है, क्योंकि लिसा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर इस उपलब्धि के बारे में अपनी भावनाएं भी व्यक्त कीं। उन्होंने लिखा, मैं अपनी पहली सीरीज़ आप सभी को दिखाने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। कॉल मी बे एक सपना सच होने जैसा था, और इस तरह का कार्यक्रम पेश करना, वह भी धर्मा और अमेज़ॅन प्राइम के साथ लॉन्च करना, मेरे लिए भी वास्तव में अविश्वसनीय है। मैं 2018 से पंचमी घावरी के साथ ऑडिशन दे रही हूं, इस पल के इंतज़ार में वर्षों से अपनी भाषा कौशल और स्क्रीन उपस्थिति को निखार रही हूं। इस यात्रा ने मुझे सिखाया की सब्र रखो और डटे रहो-जो होना है वह रातोरात नहीं होगा। आशा है कि मैंने अपने गुरुओं को गौरवान्वित किया है और आप मेरे पहले अभिनय प्रदर्शन का आनंद लेंगे।



# द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल की तैयारी के लिए अर्शिन मेहता ने की कड़ी मेहनत

फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अर्शिन मेहता ने सुहासिनी भट्टाचार्य की भूमिका के लिए की गई तैयारी के बारे में खुलकर बात की। अर्शिन इसमें बांग्लादेश की एक हिंदू ब्राह्मण लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो अपने देश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को देखने के बाद भारत के पश्चिम बंगाल में शरण लेती है। अपने किरदार को लेकर अभिनेत्री ने कई व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना किया। बजरंगी भाईजान से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अर्शिन ने इस बारे में बताया, मैं किरदार में रहना चाहती थी, इसलिए मैंने सुहासिनी की भूमिका को अपनाया, जो एक शरणार्थी है, जिसके पास विलासिता की चीजों की पहुंच नहीं है। मैंने कुर्सियों पर बैठने से परहेज किया और जमीन पर बैठना पसंद किया, किसी से ज्यादा बात न करके अपने किरदार की मानसिकता में रहना पसंद किया। सुहासिनी ने इतने सारे अनुभव किए थे कि वह हमेशा अपने दायरे में रहती थी, और मैंने भी उसी दायरे में रहने की कोशिश की। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा अपने दायरे में रहना सुनिश्चित किया। मैं लगातार संगीत सुनती, किसी से बात करने से बचती और शूटिंग खत्म होने के बाद भी चुपचाप घर चली जाती और किरदार की मानसिकता में रहती। सुहासिनी के किरदार को ईमानदारी और प्रामाणिकता के साथ निभाने के लिए मेरे लिए उस दायरे में रहना महत्वपूर्ण था, ताकि लोग उससे सही मायने में जुड़ सकें। अर्शिन की भूमिका उनकी आवाज को बुलंद करती है क्योंकि वह मानवाधिकार परिषद, भारत सरकार और विभिन्न मंत्रालयों को इस तथ्य के प्रति सचेत करने का प्रयास करती है कि भारत में हिंदू भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा, वहां पहुंचने पर उन्हें यह जानकर झटका लगा कि बंगाल में हिंदुओं की स्थिति बांग्लादेश जितनी ही खराब है। यह अहसास उनके लिए बहुत बड़ा है, खासकर तब जब उन्हें हिंदू बहुल देश में सुरक्षित रहने की उम्मीद थी। मैं राजकपूर हो गया फेम अभिनेत्री ने आगे कहा, यह फिल्म सुहासिनी की यात्रा को दर्शाती है, जिसमें वह लव जिहाद का शिकार बनने के साथ कई बाधाओं से जूझती है। एक मुस्लिम व्यक्ति उसे शरण देता है, लेकिन यह नहीं बताता कि उसने उसकी जान बख्श दी है, जबकि उसके दोस्तों ने अन्य शरणार्थियों को मार डाला है। सुहासिनी की जीवन यात्रा और न्याय के लिए उसकी लड़ाई फिल्म के केंद्र में है। अर्शिन ने खुलासा किया कि सुहासिनी ने जिस तरह का गहरा आघात सहा, उसके कारण उसका किरदार बेहद गंभीर था। अभिनेत्री ने आगे कहा, उसने अपने परिवार को मरते हुए देखा, जिससे वह गहरे सदमे में चली गई और सामान्य जीवन जीने में असमर्थ हो गई। पूरी फिल्म में कई गंभीर दृश्य थे और भूमिका के साथ न्याय करने के लिए मैं संगीत सुनती रही, जिससे मुझे किरदार में बने रहने और दृश्यों के लिए आवश्यक भावनाओं को बढ़ाने में मदद मिली। यह फिल्म 30 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



## द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स के प्रीक्वल का हिस्सा होंगे ऋतिक रोशन?

द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स- द रिंग्स ऑफ पावर सीजन 2 को लेकर काफी चर्चा हो रही है। इसी बीच जिस बात ने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया वह है बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के इसमें शामिल होने की संभावना। जी हां, हाल ही में शोरनर जे. डी. पायने ने एक इंटरव्यू में बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन के भविष्य के सीजन में कलाकारों की सूची में शामिल होने की संभावना का संकेत दिया। जे.डी के बयान ने प्रशंसकों के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है।

पायने ने अभिनेता मेगन रिचर्ड्स और मार्केला कावेनघ के साथ सीरीज में ऋतिक रोशन की संभावित भागीदारी पर चर्चा की। पायने ने बताया, पिछली बार जब मैं मुंबई में था, तो हमारी मुलाकात ऋतिक रोशन से हुई थी। वह अद्भुत थे। अगर सही भूमिका मिलती है तो दरवाजे खुले रहेंगे, अवसर मौजूद हैं। इस बयान ने उन प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है जो ग्रीक गॉड को फैंटेसी सीरीज में देखने के लिए उत्सुक हैं।

जब द रिंग्स ऑफ पावर के आने वाले सीजन में अन्य भारतीय अभिनेताओं को शामिल करने के बारे में सवाल किया गया, तो पायने ने खुलासा किया कि शो में मेरिमैक की भूमिका निभाने वाले गैवी सिंह चेरा कलाकारों का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, हमने वास्तव में सीजन 2 में भारतीय अभिनेताओं को कास्ट किया...गैवी सिंह चेरा, वह बिल्कुल अद्भुत है।

## स्त्री 3 में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय कुमार?

स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ रही है। यह पहली हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जो इतनी शानदार कमाई कर रही है। अमर कौशिक की इस फिल्म को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार के कैमियो की भी खूब चर्चा हुई थी। अब हाल ही में, अक्षय कुमार के कैमियो पर लेखक निरेन भट्ट ने कुछ दिलचस्प खुलासे किए हैं। इस फिल्म की सबसे खास बात यह है कि न सिर्फ मुख्य कलाकार ही सबका ध्यान अपनी ओर नहीं खींच रहे हैं, बल्कि कैमियो भी सभी को पसंद आ रहे हैं। स्त्री 2 में अभिनेता अक्षय कुमार के कैमियो ने काफी चर्चा बटोरी है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में फिल्म के लेखक निरेन भट्ट ने अक्षय के किरदार पर आधारित एक स्टैंडअलोन फिल्म की संभावना पर चर्चा की है। अक्षय के किरदार के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर और क्या स्त्री यूनिवर्स की भविष्य के सीक्वल में उन्हें और अधिक प्रमुखता से पेश करने की योजना है। इस सवाल पर लेखक निरेन भट्ट ने बताया, मैं ज्यादा कुछ नहीं बता पाऊंगा। लेकिन, निश्चिंत रहें, हमारे पास यूनिवर्स के हर किरदार के लिए योजनाएं हैं। यहां तक कि उनमें से सबसे छोटे और सबसे बड़े किरदार के लिए भी। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में अक्षय की भूमिका और भी महत्वपूर्ण भूमिका में बदल सकती है। बता दें कि स्त्री 2 ने 14 अगस्त की रात को रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तूफान मचा दिया। इस हॉरर-कॉमेडी को बॉलीवुड में अक्षय कुमार की खेल खेल में और जॉन अब्राहम की वेदा जैसी रिलीजों से टक्कर लेनी पड़ी। अमर कौशिक द्वारा निर्देशित स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।





## इंडस्ट्री में खेमेबाजी हो रही है, केवल खानदान के लोगों का साथ दिया जाता है

अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रणौत अपनी नई फिल्म इमरजेंसी का जमकर प्रचार कर रही है। फिल्म के रिलीज होने में अब चंद ही दिन बचे हैं। ऐसे में इसके प्रमोशन के लिए वो लगातार साक्षात्कार दे रही हैं और अपनी फिल्म और अपने करियर के साथ-साथ फिल्म इंडस्ट्री पर भी अपनी बात रख रही है। हाल ही में, उन्होंने एक बार फिर से बॉलीवुड को निशाने पर लिया है। कंगना रणौत ने बॉलीवुड को निराशाजनक जगह बताते हुए कहा कि इस जगह का कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री के लोग प्रतिभाशाली लोगों से चिढ़ते हैं। उन्हें बदनाम करने के लिए अभियान चलाया जाता है। कंगना रणौत ने कहा कि इंडस्ट्री के कुछ अंदरूनी लोग प्रतिभाशाली लोगों के करियर को तबाह कर देते हैं। वे उनका खात्मा करने के लिए पीछे पड़ जाते हैं और टैलेंट से जलते हैं। कंगना ने यह भी कहा कि ऐसे लोग इस काम को गुपचुप तरीके से नहीं, बल्कि खुले अपने बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा कि बहुत कम लोग ऐसे हैं, जिन्हें उनसे कोई दिक्कत है। उन्होंने कहा कि जो लोग उनके साथ जुड़े हैं, वे उन्हें प्यार करते हैं। कंगना ने कहा कि आज इंडस्ट्री में नई पीढ़ी के फिल्म निर्माता खेमेबाजी कर रहे हैं। पहले ऐसा नहीं हुआ करता था। उन्होंने के आसिफ, गुरु दत्त, बिमल रॉय और यश चोपड़ा का उदाहरण देते हुए कहा कि वे सभी विनम्रता से पेश आते थे और अलग ही किस्म के लोग थे, जबकि आज ऐसा नहीं है। इमरजेंसी का निर्देशन कंगना रणौत ने किया है और वही इसमें मुख्य भूमिका भी निभा रही है। यह फिल्म आपातकाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें कंगना रणौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में दिखेंगी। फिल्म में दिवंगत सतीश कौशिक, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी और अनुपम खेर समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। इसे 6 सितंबर, 2024 को रिलीज किया जाएगा।



# आर माधवन ने ठुकराया पान मसाला कंपनी का ब्रांड अंबेसडर बनने का प्रस्ताव

साल की पहली हिट हॉरर फिल्म 'शैतान' में विलेन के रोल में नजर आए अभिनेता आर माधवन इन दिनों खुद को नित नई चुनौती देने वाले किरदारों की तलाश में हैं। माधवन इन दिनों लंदन में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त है। यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। इसके अलावा वह मशहूर इंजीनियर गोपालस्वामी दुरईस्वामी की बायोपिक में भी काम करने जा रहे हैं। इस बीच, आर माधवन ने एक बड़ी पान मसाला कंपनी का ब्रांड अंबेसडर बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। ये कंपनी उन्हें सिर्फ अपनी फोटो छापने देने के एवज में करोड़ों रुपये देने का प्रस्ताव दे चुकी है। पान मसाला कंपनियों ने इन दिनों देश के हिंदी, तमिल, तेलुगु और यहां तक के हॉलीवुड सितारों तक के लिए अपनी तिजोरियां खोल रखी हैं। पियर्स ब्रॉसनन वाला विज्ञापन तो लोगों को अब तक याद है। इसके अलावा अमिताभ बच्चन, रणवीर सिंह, अजय देवगन, अक्षय कुमार, शाहरुख खान और मनोज बाजपेयी तक सब किसी न किसी पान मसाले का विज्ञापन करते नजर आते ही रहते हैं। साउथ में महेश बाबू और युवा पीढ़ी के सितारों में टाइगर श्रॉफ तक पान मसाला विज्ञापनों में नजर आ चुके हैं। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश की एक बड़ी पान मसाला कंपनी को इन दिनों एक ऐसे घरेलू चेहरे की तलाश है जो उनके मसाले की पहुंच युवाओं के बीच और बढ़ा सके।

सूत्र बताते हैं कि हिंदी सिनेमा के एक दो बड़े नामों की चर्चा के बाद संबंधित पान मसाला कंपनी को आर माधवन का प्रोफाइल और उनकी फैन फॉलोइंग काफी पसंद आई है। इस बारे में कंपनी ने ग्राउंड रिसर्च भी काफी की और पता चला कि माधवन पर दर्शकों का भरोसा और उनकी फिल्मों को लेकर बनी उनकी छवि का उनकी असल जिंदगी से सीधा तारतम्य बैठता है। ब्रांड की छवि के साथ माधवन की भरोसे की छवि के मैच होने का भी इस चुनाव को फायदा मिला। माधवन को पान मसाले के विज्ञापन का ये प्रस्ताव काफी उम्मीद से भेजा गया था और पान मसाला कंपनी को उम्मीद थी कि उनके प्रस्ताव को वह स्वीकार कर भी लेगें। लेकिन, सूत्र बताते हैं कि माधवन ने करोड़ों का ये प्रस्ताव पहली बार में ही नकार दिया। माधवन इन दिनों फिल्म और टीवी प्रशिक्षण संस्थान, पुणे के अध्यक्ष भी हैं और शुरू से उन्होंने खुद को ऐसे विज्ञापनों से दूर ही रखा है जो युवाओं के सेहत पर बुरा असर डालते हैं। यहां दिलचस्प ये भी है कि युवाओं में अपनी फिटनेस के लिए काफी मशहूर रहे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ दोनों पान मसाला का विज्ञापन करते हैं और दोनों की फिल्में लगातार फ्लॉप होती रही हैं। मनोज बाजपेयी ने भी लंबे समय तक एक पान मसाला का विज्ञापन किया और बड़े परदे पर बतौर हीरो उनकी पारी भी करीब करीब पूरी हो चुकी है। रणवीर सिंह का फिल्मी करियर भी पान मसाला का विज्ञापन करने के बाद से डांवाडोल ही चल रहा है। अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और अजय देवगन ही ऐसे सितारे हैं जिनके पान मसाला विज्ञापन करने के बाद भी उनकी सिनेमाई ब्रांड वैल्यू पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है।

## कोहरा 2 का हुआ एलान, इस बार नए रहस्यों से पर्दा उठाएंगे बरुण सोबती



ओटीटी पर यूं तो बड़ी संख्या में वेब सीरीज मौजूद हैं, लेकिन कुछ ही ऐसे शोज हैं, जिन्होंने लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ी हैं। नेटफ्लिक्स की कोहरा भी उन्हीं में एक है। इस शो को समीक्षकों के साथ आम लोगों ने भी खूब पसंद किया। अब इसका दूसरा सीजन भी जल्द ही दर्शकों देखने को मिल सकेगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने इस क्राइम थ्रिलर सीरीज के दूसरे सीजन की घोषणा कर दी। अभिनेता बरुन सोबती इस सीजन में अपने किरदार को फिर से निभाते दिखेंगे। वहीं, मोना सिंह की भी अब शो में एंट्री हो गई है। इस शो का निर्देशन सुदीप शर्मा फैसला रहमान के साथ मिलकर करेंगे। इसका निर्माण एक्ट थ्री प्रोडक्शंस और फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शंस की ओर से किया जाएगा। शो में लोगों को नए रहस्यों की नई खोजबीन देखने को मिलेगी।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य में विकास का नया कीर्तिमान स्थापित : डॉ. रमन सिंह

## ग्राम कुरदी में 111 फीट राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा एंव वीर सपूत उद्यान सहित विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण








पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कुरदी हिंदुस्तान का पहला पंचायत बन गया है, जहां 111 फीट का राष्ट्रीय ध्वज और अटल जी व भारत माता की प्रतिमा स्थापित की गई है, उक्त बातें लोकार्पण के दौरान पूर्व सीएम एवं विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने लोकार्पण के दौरान कही। छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने एक दिवसीय दौरे पर गुंडरदेही ब्लाक के कुरदी गांव पहुचे। यहां डॉ.रमन सिंह ने वीर सपूत उद्यान के साथ 111 फिट उच्चा राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज का लोकार्पण और भारत माता की मूर्ति एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के मूर्ति का अनावरण किया। वही जिले में विकास कार्यो की सौगात देते हुए ग्राम कुरदी हल्दी और जेवरतला में केंद्रीय बैंक का लोकार्पण किया। इस दौरान भीड़ में खड़े बच्चे की बीच पहुच कर उससे हाथ मिलाया। जहा डॉक्टर रमन सिंह के सरल सहज स्वभाव की सबने तारीफ की। वही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश की भांति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ राज्य निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर होते हुए विकास का नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल एंव सक्षम नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ राज्य विकास का नया ईबारत लिखा है। जिसका चमत्कारीक परिणाम देश एंव दुनिया के सामने आया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में गुंडरदेही क्षेत्र के पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू एंव प्रीतम साहू सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, नगर पालिका बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, केसी पवार, एंव कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### 8 महीने के अल्प अवधि में भी राज्य के किसानों के खाते में 49 हजार करोड़ की राशि कर दी गई

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम कुरदी में 111 फिट के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा एंव वीर सपूत उद्यान सहित विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण भी किया। इसके साथ ही उन्होंने वीर सपूत उद्यान कुरदी में छत्तीसगढ़ महतारी महतारी एंव पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के प्रतिमा के अनावरण के साथ-साथ जिले के ग्राम कुरदी सहित जेवरतला एंव हल्दी में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के नवीन शाखाओ की सौगात दी। कार्य म को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य की बागडोर सम्भालने के बाद किसानों के हित में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने का साहसिक निर्णय लिया। जिसके फलस्वरूप 08 महीने के अल्प अवधि में भी राज्य के किसानों के खाते में 49 हजार करोड़ की राशि अंतरित कर दी गयी है। इसी तरह छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य के माताओ एवं बहनों को आत्मनिर्भर एंव स्वावलम्बी बनाने हेतु महतारी वन्दन योजना लागू कर प्रति महीने उनके खाते में 01 हजार रुपये की राशि अंतरित करने का अभिनव कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य के सुदूर आदिवासी अंचल से निकलकर राज्य की सेवा में निरतंर लगे हुए हैं।

### ग्रामवासियों की विस अध्यक्ष ने की सराहना

डॉ. सिंह ने कहा कि ग्राम कुरदी सहित पूरे छत्तीसगढ़ तथा पूरे देशवासियों के लिए गौरव का दिन है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कुरदी पूरे राज्य में पहला ग्राम पंचायत होगा जहाँ पर हमारे देश भक्त ो के सम्मान में 111 फिट का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का निर्माण किया गया है। इसके अलावा आज छत्तीसगढ़ महतारी तथा छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत र स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया है। जो कि निश्चित रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण एंव अभूतपूर्व है। इस अवसर पर उन्होंने इस पुनीत कार्य को मूर्तरूप देने के लिए ग्राम कुरदी वासियों का मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### छत्तीसगढ़ राज्य शीघ्र विकसित बनेगा

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने इस दिन को ग्राम कुरदी सहित देश और प्रदेश के लिये ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने ग्राम कुरदी में 111 फिट राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा एंव छत्तीसगढ़ महतारी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्राम कुरदी एंव जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एंव शुभकामनाएं दी। भोजराज़ नाग ने आशा व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ राज्य शीघ्र ही विकसित राज्य बनेगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुरदी के सरपंच संजय साहू ने ग्राम कुरदी में 111 फिट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की । इसके लिए उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित अन्य अतिथियों का विनम्र आभार व्यक्त किया।

### 5 हितग्राही को दिया गया आयुष्मान कार्ड

कार्यक्रम का स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने ग्राम कुरदी में 111 फीट राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा एंव छत्तीसगढ़ महतारी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के अनवारण सहित जिले वासियों को विभिन्न विकास कार्यो की सौगात मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एंव शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, मोर लइका स्वस्थ लइका अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट तथा आदिवासी विभाग के अंतर्गत 8 हितग्राहियों को सामुदायिक वन अधिकारी पत्रक एंव 2 हितग्राहियों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रक के अलावा दिव्यांग हितग्राहियों को ट्राय सायकल, श्रवण यन्त्र एंव छड़ी का भी वितरण किया गया। इसके अलावा अतिथियों के द्वारा राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिताओ में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया।

### डॉ. रमन सिंह का किया गया सम्मान

इस अवसर पर मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, एरिया कोर्डिनेटर, हेल्प डेस्क फेसिलेटर आदि ने उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलयन करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसके लिए उन्होंने मंच पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का सम्मान भी किया। समारोह में अतिथियों के द्वारा बिहान योजना के अंतर्गत 05 महिला स्वसहायता समूहों को प्रति समूह 60 हजार के हिसाब से कुल 03 लाख रुपये का सीआईएफचेक का वितरण किया। इसके अलावा 05 परिवारों को मनरेगा जॉब कार्ड का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रीतपाल बेलचंदन, जिला पंचायत सदस्य संध्या भारद्वाज सहित अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारियों के अलावा विशाल संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सानिया एवं शबा ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जीता अहम पदक, सीएम साय किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नगर देवकर की दो प्रतिभावान खिलाड़ी छात्राओं सानिया परवीन एवं शबा परवीन को राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर लौटने पर मुलाकात कर उनकी उपलब्धियों के सम्मानित किया है। साथ ही सीएम के द्वारा दोनो बेटियो को बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।जहाँ इस खास मुलाकात को जहां सीएम ऑफिस के द्वारा सोशल मीडिया पर आधिकारिक रूप से शेयर भी किया गया है वही इस नगर की इन दोनो सगी बहनों को उनके उपलब्धियों के लिए नगरवासियों में काफी खुशी एवं हर्ष व्याप्त है। दरअसल दोनो खिलाड़ी छात्रा नगर देवकर के वार्ड-15 की निवासी एवं छत्तीसगढ़ पुलिस में पदस्थ सुरक्षाकर्मी मोहम्मद लतीफ खान की बेटी है। जिन्होंने अपने खेल के प्रति अपनी लगन एवं कड़ी मेहनत से राष्ट्रीय स्तर की प्रथम वेस्ट जोन जु-जित्सु प्रतियोगिता 2024 में पहुँचकर बड़ी बेटी सानिया परवीन ने सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल जीता तो वही उनकी छोटी बेटी शबा परवीन ने गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीतकर नगर व समाज सहित प्रदेशभर का गौरव बढ़ाया है। इस गौरवमयी उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ी छात्राओ को उनके परिजनों, नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों सहित अन्य समस्त लोगों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी जा रही है। विदित हो कि नगर देवकर से पहली बार खिलाड़ी के रूप में दोनो छात्राओं का चयन हुआ था, वही इस मुकाम पर पहुंचने एवं सीएम साय जी से मुलाकात का सौभाग्य मिलने कारण नगर-क्षेत्र इसकी खूब चर्चा है।

# अंधियारखोर की व्याख्याता सुषमा शुक्ला शर्मा का कलिंगा विश्वविद्यालय में हुआ सम्मान



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर में सुषमा शुक्ला शर्मा, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंधियारखोर (नवागढ़) का विश्वविद्यालय की ओर से सम्मान किया गया। सुषमा शुक्ला शर्मा का अपने अध्यापकीय कार्य के अलावा शिक्षा- साहित्य, कविता लेखन, मंच- संचालन, समसामयिक संवाद एवं बालिका शिक्षा से इनका बेहद जुडाव रहा है, अपने अध्यापकीय जीवन में बालिकाओं के समग्र विकास का हर संभव प्रयासरत रहते हुए,विगत वर्ष 5 सितंबर 2023 को छत्तीसगढ़ प्रदेश के तत्कालीन महामहिम राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन , मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री के हाथों सम्मान प्राप्त किया। इन्होंने घर, परिवार, बाल ,बच्चों सहित अन्य प्राप्त सभी कर्तव्यों को बेहद गंभीरता वह बखूबी से निभाया । इन्होंने शिक्षा /खेल/ कराटे/ सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों के साथ-साथ बड़े से बड़े मंच का संचालन भी उत्कृष्टता से किया। आपने जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत रूम टू रीड में पूरे छत्तीसगढ़ की ओर से अपने विचार रखने का अवसर प्राप्त किया।इनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष इनके विद्यार्थियों का प्रदेश स्तरीय कराटे का प्रदर्शन भी हुआ । मंच संचालन में पूर्व राष्ट्रपति महामहिम एपीजे अब्दुल कलाम, लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, पूर्व राज्यपाल अनुसूईया उईके, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल , वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , केन्द्रीय मंत्रीगण विधायकगण के मंचों का सफल संचालन भी किया। कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर से प्राप्त सम्मान पर,, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संतोष साहू,सांसद प्रतिनिधि सागर साहू सरपंच नेहा साहू,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंधियारखोर विकासखंड नवागढ़ जिला बेमेतरा के प्राचार्य सुमंत किशोर वैष्णव, वरिष्ठ व्याख्याता बी आर हिरवानी व समस्त स्टाफसहित बच्चों ने शुभकामनाएं दीं।

# वार्षिकोत्सव का आयोजन एवं प्रतिभाओं का सम्मान

## विजन पैरामेडिकल संस्थान में मनाया गया वार्षिक उत्सव, विधायक दीपेश साहू हुए सम्मिलित




पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय स्थित विजन पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थान में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने देश भक्ति ,छत्तीसगढ़ी व अन्य गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति से समां बांधा! सांस्कृतिक में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। वार्षिक उत्सव के इस समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू रहे, विशिष्ट अतिथियों में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, भाजपा नेता राकेश मोहन शर्मा, अमीन पप्पू रवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

### स्वास्थ्य शिक्षा में युवाओं के आगे आने से आमूल-चूल परिवर्तन हुए हैं : विधायक साहू

इस मौके पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने समारोह में मौजूद छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षकों के बीच अपने विचार व्यक्त करते हुए विजन पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थान परिवार को वार्षिक उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेमेतरा की पहचान अब एजुकेशन हब के रूप में होने लगी है और विशेषकर स्वास्थ्य शिक्षा में युवाओं के आने से आमूल-चूल परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा कि विजन पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थान ने महज कुछ सालों में जिस तरह अभिभावकों और छात्रों के बीच सकारात्मक छवि बनाई है, वह काबिले तारीफ है। साहू ने समारोह में शामिल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आगे चलकर स्वास्थ्य सेवाओं में जिले का नाम रोशन करेंगे यही अपेक्षा हम सब की है । पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने इस दौरान कहा कि शहर में स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है या जिले के लिए गौरव की बात है आने वाले समय में स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा नाम बनाएगा, जिसके लिए मैं पूरे विजन प्रशिक्षण संस्थान को बधाई देता हूं । और स्वास्थ्य शिक्षा ग्रहण करने वाले संस्था छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विजन पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य आशा भारद्वाज ने कार्यक्रम के समापन पर आभार व्यक्त करते हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद प्रेषित किया. मंच संचालन छाया बघेल ने किया। कार्यक्रम में कविता टंडन, सालिहा बेगम ,गिरीश गबेल, विकास तिवारी सहित विजन प्रशिक्षण संस्थान के सभी शिक्षक शिक्षिका व अभिभावक उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता में सेजेस हसदा के 8 खिलाडियों का चयन



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद के द्वारा आयोजित पांचवी राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता मे सेजेस हसदा के आठ खिलाडियों का चयन हुआ। इस चैंपियनशिप का आयोजन उत्तरप्रदेश के मथुरा शहर मे 6 से 8 सितंबर तक आयोजित है। जिसमे छत्तीसगढ़ की महिला और पुरुष दोनों टीमें इस प्रतियोगिता मे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। आपको बता दे कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे लगभग 20 राज्यों की टीम इस प्रतियोगिता मे भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम का चयन ट्रायल बिलासपुर के मॉडर्न एंड मॉरल अकादमिक पब्लिक स्कूल मे रखा गया था। लगभग 8 जिलों के खिलाडियों ने इस ट्रायल मे भाग लिया था और छत्तीसगढ़ की टीम मे अपना स्थान बनाया, जिसमे बेमेतरा जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की लगभग 8 जूनियर बालक एवं बालिकाओ ने इस प्रदेश की टीम मे अपना स्थान सुनिश्चित किया जो 2 सितंबर को अमरकंटक एक्सप्रेस से मथुरा के लिए रवाना होगी। स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के खिलाडियों का प्रतिवर्ष राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की टीम मे स्थान बनाकर जिले तथा अपने स्कूल का मान बढ़ाया है तथा कई बार राष्ट्रीय स्तर पर इन्होंने प्रदेश को पदक भी दिलाया है। यहाँ के खिलाडी रोजाना कई सारे खेलों का अभ्यास प्रतिदिन करते है, जिसमे स्कूल के व्यायाम शिक्षक, लोकेश्व राव, रामेश्वरी साहू तथा पूरे शाला परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहता है, जिसके कारण बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष चयनित होते है। खिलाडियों के चयन पर संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिया अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या शिप्रा सरकार तथा ग्राम हसदा के वरिष्ठ जनों श्रीमति संध्या परगनिया बलिराम धीवर, दिलीप वर्मा। आकाश वर्मा, ग्राम सरपंच तेजस्विनी पवन डहरिया तथा संकुल समन्वयक दीपक आदिल ने खिलाडियों के चयन पर हर्ष व्याप्त किया तथा अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की छत्तीसगढ़ की बालक / बालिका टीम इस प्रकार है जहाँ बालिका वर्ग मे डिंपल निषाद, याचना वर्मा, भूमिका साहू, थाणेश्वरी, चेतावली, कुसुम, लावणया ध्रुव, तनिष्का सिंह बालिका टीम कोच रामेश्वरी साहू, वही बालक वर्ग मे केवल ध्रुव, रुद्र, तृषानु तरुण, अनिकेत साहू, ईशान साहू, आयुष्मान कौशिक, दिव्यांश ठाकुर, नाम शर्मा, प्रिंस कशयप तथा बालक कोच नितिन राव तथा मैनेजर हिमांशु रॉबिन सर है। टीम अमरकंटक एक्सप्रेस से 2 सितंबर को शाम 7:00 बजे मथुरा के लिए रवाना होगी।

# वाणिज्य एवं उद्योग श्रममंत्री लखनलाल देवांगन को दल्लीराजहरा माईंस में बेरोजगारों एवं श्रमिको के शोषण को लेकर सौंपा ज्ञापन





पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

लखन लाल देवांगन वाणिज्य एवं उद्योग श्रममंत्री को भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू की उपस्थिति में दल्लीराजहरा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, मंडल महामंत्री मदन माईती, राकेश देवांगन के साथ दल्लीराजहरा माईंस में बेरोजगारों एवं श्रमिको का शोषण के संबंध ज्ञापन सौंपा एवं दल्लीराजहरा के आस पास, उद्योग स्थापित करने हेतु चर्चा की। इस पर श्रममंत्री द्वारा जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ में औद्योगिक कारीडोर बनाकर सभी क्षेत्रों में संसाधनो की उपलब्धता के आधार पर औद्योगिक इकाईयों स्थापित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। जिसके द्वारा शीघ्र ही देश भर के औद्योगिक संस्थाओं को छत्तीसगढ़ में उद्योग लगाने हेतु आमंत्रित किया जाएगा एवं उन्हें सुविधा प्रदान की जाएगी जिससे बेरोजगारी की समस्याओं का निदान होगा। दल्लीराजहरा मंडल राकेश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि दल्लीराजहरा माईंस में कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों को कम्पनियों द्वारा कुशल, अर्धकुशल, एवं अकुशल को असंगत वेतन का भुगतान किया जाता है एवं दलालों द्वारा काम पर लगाने के नाम पर स्थानीयों बेरोजगारों से कंम्पनी अधिकारी ठेकेदार एवं प्रबंधन के कुछ अधिकारियों द्वारा साठ गांठ कर बडी रकम वसूली कि जा रही है एवं स्थानियों बेरोजगारों को काम में न रख, बाहर से श्रमिकों को लाकर काम पर रखा जाता ।

# ट्रेडिंग एप में पैसा जमा करने पर दुगुना होने का लालच देकर क़िस्तों में 33 लाख रूपये का धोखाधड़ी करने वाला सहयोगी गिरफ्तार

## आरोपी के पास से 9 नग एटीएम कार्ड, 09 नग सीम, 02 नग स्क्रीनटच मोबाईल जप्त कर किया गया बरामद



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ट्रेडिंग एप में पैसा जमा करने पर दुगुना होने का लालच देकर क़िस्तों में 33 लाख रूपये का धोखाधड़ी करने वाला सहयोगी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि मुख्य आरोपी की पता साज़ी किया जा रहा है इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मणि देवांगन साकिन परपोडी को आरोपी मोबाईल धारक द्वारा इसे फोन कर ट्रेडिंग एप में पैसा जमा करने पर दुगुना होने का लालच देकर वाटसअप में stock vanguard नामक वाट्सअप ग्रुप में चेटिंग के माध्यम से ट्रेडिंग एप का लिंक भेजकर एप इन्स्टाल करवाकर ट्रेडिंग का प्रशिक्षण देकर इन्वेस्ट करने बोलकर लालच देकर किश्तो- किश्तो में कुल 33,00,000/- रूपये को विभिन्न खातो में ट्रांसफर करवाकर प्रार्थी एवं इसके साथी के साथ धोखाधड़ी करने कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 420 भदवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुये पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना परपोडी प्रभारी निरीक्षक प्रमोद शर्मा व सायबर सेल प्रभारी मयंक मिश्रा एवं थाना स्टाफ को अपराध विवेचना कार्यवाही में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना कार्यवाही के दौरान थाना परपोडी स्टाफ टेकनिकल टीम की मदद से आरोपी मोबाईल धारक के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर प्रकरण में अधिकारियों के निर्देशानुसार पुलिस टीम गठित कर आरोपी पतासाजी हेतु दीगर प्रांत लखनउ भेजा गया। जहां सहयोगी आरोपी मोबाईल धारक विकास वर्मा पिता राजाराम वर्मा निवासी मुजफ्फर नगर काकोरी थाना कारोरी जिला लखनउ (उत्तर प्रदेश) मिला जिसे पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा ट्रेडिंग एप में पैसा जमा करने पर दुगुना होने का लालच देकर ईमेल व सिम को मोबाईल के माध्यम से धोखाधडी करना पाया जाने पर आरोपी को हिरासत में लेकर जिला बेमेतरा थाना परपोडी लाया गया, आरोपी के पास से 9 नग एटीएम कार्ड, 09 नग सीम, 02 नग स्क्रीनटच मोबाईल जप्त कर बरामद किया गया। प्रकरण में फरार मुख्य आरोपी की पतातलाश जारी है। प्रकरण में आरोपी विकास वर्मा पिता राजाराम वर्मा उम्र 27 साल निवासी मुजफ्फर नगर दुर्गा मंदिर के पास काकोरी थाना कारोरी जिला लखनउ (उ.प्र.) को अगिम विधिवत कार्यवाही कर आज दिनांक 31.08.2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी परपोडी निरीक्षक प्रमोद शर्मा, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आर. मोहित चेलक सायबर सेल बेमेतरा, प्रधान आरक्षक शिवराज सिंह, डामेश्वर राजपूत, आर. तुकाराम निषाद, पुरूषोत्तम कुम्भकार, अर्जुन ध्रुर्वे एवं अन्य स्टाफकी अहम भूमिका रही।



# स्वस्थ तन और मन के लिए याद रखें 5 नियम

**हमारे शरीर की हर प्रणाली आपस में जुड़ी हुई है। इसलिए, हमारा शारीरिक स्वास्थ्य हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, और हमारा मानसिक स्वास्थ्य हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। हम इन नियमों को नियमों की तरह नहीं मानते हैं, क्योंकि ये जीवन का एक तरीका हैं।**

## पूरा पोषण लेना

पोषण लेने का मतलब यह नहीं है कि हम हर समय सलाद खाते रहते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करता है कि हम अपने शरीर को प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट, वसा से लेकर सभी विटामिन और खनिजों तक सभी पोषक तत्वों से भर दें। यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा कुल कैलोरी सेवन हमारे शरीर संरचना लक्ष्यों के अनुरूप है। यह भी सुनिश्चित करते हुए कि हमारे आहार में हमारे पसंदीदा और मुख्य खाद्य पदार्थ हैं। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हमारे शरीर का 50-60 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना है और हमें इष्टतम स्वास्थ्य, मस्तिष्क के कार्य आदि के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है।

## व्यायाम और गतिविधि

सप्ताह में कम से कम 3-5 बार व्यायाम करना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है। व्यायाम का कोई भी रूप जो हमारे लिए सुरक्षित है, और जिसका हम आनंद लेते हैं, हम में से अधिकांश के लिए एक अच्छी शुरूआत है। दैनिक आधार पर सक्रिय रहने और अधिक कदम (8-10' कदम) चलने के साथ इसे जोड़ना एक आदर्श संयोजन बनाता है।

## इसके बाद नींद आती है

हर रात 75 घंटे से ज्यादा सोना अच्छा होता है। पर्याप्त नींद भी हमारी उत्पादकता में सुधार करती है और लालसा, भूख को कम करती है, सूजन और भावनात्मक प्रतिक्रिया को कम करती है।

## तनाव प्रबंधन और दिमागीपन

दूसरी ओर, तनाव प्रबंधन भी उतना ही महत्वपूर्ण है, अगर तनाव को ठीक से प्रबंधित किया जाए, तो यह वास्तव में हमें बेहतर प्रदर्शन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। याद रखें, हमारे विचारों की गुणवत्ता हमारे जीवन की गुणवत्ता को निर्धारित करती है। इसलिए, हमें सक्रिय रूप से अपने दिमाग पर काम करना चाहिए, खुद को सुधारना चाहिए और अपने मानसिक दोषों को कम करना चाहिए। नियमित रूप से ध्यान करना और कृतज्ञता जर्नलिंग रूटीन रखना इनके लिए एक गेम चेंजर है।

## पर्यावरण और नियमित प्रबंधन

पर्यावरण प्रबंधन में हमारे पर्यावरण में सब कुछ शामिल है। किचन में खाने से लेकर हमारी आदतों और सोशल मीडिया पर हम लोगों को फॉलो करते हैं। क्या हम अपने आत्म-विकास और हमारे लिए महत्वपूर्ण लोगों को पर्याप्त समय दे रहे हैं? यह उस तरह के लोगों तक भी फैलता है जिनसे हम खुद को घेरते हैं। खुद से पूछने के लिए कुछ प्रश्न: क्या वे हमें प्रेरित करते हैं? क्या वे हमें और हमारे लक्ष्यों का समर्थन करते हैं? क्या वे हमें सुधारने में मदद करते हैं? क्या हमारी दिनचर्या हमें स्वस्थ बनाती है, हमें मनुष्य बनाती है या हमें अधिक उत्पादक बनाती है? मैं अत्यधिक सुबह और सोने से पहले की दिनचर्या रखने की सलाह दूंगा।

# लहसुन-अदरक के सेवन से रहें सेहतमंद

**किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना बहुत जरूरी है। इस बात से हम सभी वाकिफ हैं और इसे मजबूत करने के लिए अपनी डाइट में पौष्टिक आहार व सही दिनचर्या का पालन करना भी जरूरी है। साथ ही ऐसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करने की आवश्यकता है, जो हमें अंदर से मजबूत बनाए। हमारी रसोई में वे सारी औषधियां मौजूद हैं जिनके गुणों से हम अभी भी अनजान हैं।**

जी हां, आप अदरक-लहसुन का इस्तेमाल खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए जरूर करते होंगे, लेकिन क्या आप इसके सेहत लाभ के बारे में जानते हैं? लहसुन-अदरक के सेवन से आप निरोगी काया पा सकते हैं। लेकिन इसी के साथ इसका सेवन कैसे करना है, इस बारे में भी हमें पता होना आवश्यक है। अधिकतर लोग यह सोचते हैं कि केवल खाने में ही अदरक-लहसुन का सेवन काफी है लेकिन इसके अलावा भी आपको इनका सेवन करना चाहिए, क्योंकि खाने के पकने के दौरान इनके गुण कम हो जाते हैं। आइए जानते हैं इस लेख में लहसुन-अदरक के फायदों व सेवन करने के सही तरीके के बारे में।

## इम्यून सिस्टम को कैसे करें मजबूत?

इम्यून को मजबूत करने के लिए लहसुन का इस्तेमाल करें। इसे खाने में पका के खाने की बजाय इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। कुछ देर इन्हें हवा लगने दें। लहसुन में एंटीमाइक्रोबियल तत्व पाया जाता है। ये तत्व वायरस, बैक्टीरिया व फंगस के खिलाफ काम करते हैं। लहसुन खाने से एंटीवायरस प्रोटेक्शन भी मिलता है।

## लहसुन कैसे खाएं

इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। इसे आप खाना खाने के बाद पानी के साथ ले सकते हैं। लहसुन को चबा-चबाकर खाने की बजाए इसे पानी के साथ सीधा निगल लें। इस तरह से लहसुन का सेवन करने से यह ज्यादा फायदेमंद होता है। लहसुन को 25 से 30 दिन नियमित खाने के बाद आपके अंदर से लहसुन की खूशबू आना शुरू हो जाएगी तब आप समझ जाएं कि इससे अधिक आपको लहसुन का सेवन नहीं करना है।

लहसुन कई लोगों को हजम नहीं होता है। इसके लिए आप इसका सेवन एकसाथ न करें व धीरे-धीरे इसकी आदत डालें। शुरुआत के समय आप लहसुन के एकदम छोटे से हिस्सा का सेवन करें, फिर इसी तरह धीरे-धीर इसे बढ़ाएं। जब आप लहसुन ले रहे हैं तो इसके साथ दही का सेवन भी करें।

## अदरक

अदरक औषधीय गुणों से भरपूर है। इसके सेवन से आप अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रख सकते हैं। इसका नियमित सेवन आपको कई स्वास्थ्य लाभ देगा।

## अदरक को कैसे खाएं?

अदरक को बिलकुल बारीक पीस लें व कद्दूकस करें। आपको अदरक 1 चम्मच लेना है। इसमें 6 गिलास पानी डालें। अब इसे उबलने दें। जब यह पानी 3 गिलास हो जाए तो इसे 1 कप में निकाल लें। इसे आप गुड़ या शहद के साथ भी ले सकते हैं। दिनभर में एक बार इसका सेवन करें।





# जानिए मुलेठी के ये गजब के फायदे

मुलहठी स्वाद में मीठी होने के साथ-साथ कई औषधि गुणों से भरपूर है। इसके सेवन से न सिर्फ खांसी में आराम मिलता है बल्कि इसके कई फायदे भी है। इसका इस्तेमाल आंखों के रोग, मुंह के रोग, गले के रोग, दमा, दिल के रोग, घाव के उपचार के लिए सदियों से किया जा रहा है आइए जानते हैं मुलहठी के गजब के फायदों के बारे में.

- अगर आप सूखी खांसी या गले की समस्याओं से परेशान हैं, तो मुलहठी आपके काम की चीज है। काली मिर्च के साथ पीस कर मुलहठी का सेवन, सूखी खांसी में तो लाभकारी है ही, साथ ही इसे चूसने या उबालकर सेवन करने से गले की खराश, दर्द आदि में भी लाभ होता है।
- मुलहठी चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करती है। इसे घिसकर लगाने पर चेहरे के दाग और मुंहासे ठीक हो जाते हैं, साथ ही यह आपकी त्वचा को जवा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुलहठी रक्त को भी शुद्ध करती है जिससे त्वचा की समस्याएं नहीं होती।
- दूध के साथ मुलहठी का सेवन शरीर की ताकत में वृद्धि करता है। इसके अलावा घी व शहद के साथ मुलहठी का प्रयोग करने से हृदय से संबंधित समस्याएं नहीं होती।
- मुंह में छाले हो जाने की स्थिति में मुलहठी चूसना, इसके पानी से कुल्ला करना और उसे पीना बहुत जल्दी छालों से राहत देता है। साथ ही मुलहठी आवाज को मधुर और सुरीली बनाने के लिए भी उपयोग की जाती है।
- पेट के अल्सर में मुलहटी का सेवन ठंडक देने के साथ ही लाभप्रद होता है। आंत की टीबी होने की स्थिति में भी मुलहठी फायदेमंद उपाय है।
- त्वचा या शरीर में कहीं जल जाने पर भी मुलहठी के चूर्ण और मक्खन का लेप एक कारगर उपाय है, साथ ही यह आंखों की रौशनी में भी वृद्धि करती है।



# क्या खाना खाने के बाद चलना सेहतमंद है?

वॉकिंग करना यानी टहलना कई वजहों से हेल्थ के लिए फायदेमंद ही है। इसस दिल स्वस्थ रहता है, कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है, मूड को बेहतर बनाता है। लेकिन क्या खाना खाने के बाद वॉकिंग करना हेल्दी है? स्टडी से पता चलता है कि यह शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है।

## यह ब्लड शुगर को रखता है मैंटेन

डायबिटीज मैनेजमेंट में एक अहम हिस्सा आपकी फिजिकल एक्टिविटी होती है। टाइप 2 डायबिटीज रोगियों के साथ एक कंट्रोल्ड ट्रायल में पाया गया कि जो लोग अपने मुख्य भोजन के बाद वाकिंग करते थे उनका शुगर लेवल उन रोगियों की तुलना में कम था जो दिन में सिर्फ एक बार चलते थे।

## दिल के लिए है अच्छा

एक्सरसाइज आपके दिल को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हर दिन चलने से आपको हृदय रोग का खतरा कम हो सकता है। दरअसल करेंट ओपिनियन इन कार्डियोलॉजी जर्नल में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार वाकिंग करना कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ, ब्लड सर्कुलेशन और ब्लडप्रेशर के लिए फायदेमंद होता है। इस तरह खाना खाने के बाद चलना आपके दिल की देखभाल करने का एक अच्छा तरीका है।

## पाचन को रखता है दुरुस्त

रिसर्च कहती है कि फिजिकल एक्टिविटी के एंटी इन्फ्लेमेटरी एक्टिविटी के कारण खाना खाने के बाद चलना पाचन में सुधार कर सकता है। एक्सरसाइज से अपनी आंतों में फैट, लिपिड और ग्लूकोज मेटाबोलिज्म के परिवर्तनों को कम करने में मदद करते हैं जो इन्फ्लेमेटरी स्थितियों को कम कर सकते हैं।

## लेकिन दुष्प्रभाव भी हैं

खाने के बाद वॉकिंग करना पेट में तकलीफ की वजह भी बन सकता है। इनमें अपच, मतली, उल्टी, पेट फूलना, गैस, दस्त, और दर्द शामिल हैं। यह एक हाई कार्बोहाइड्रेट सेवन या हाल ही में खाए गए खाद्य पदार्थों के पाचन में समस्याओं के कारण होता है। इससे बचने के लिए आपको चलने से 30 मिनट पहले इंतजार करना चाहिए।



**चलना या वॉकिंग करना ऐसी एक्टिविटी है जिसे आप आसानी से अपनी रूटीन में शामिल कर सकते हैं। लेकिन क्या खाना खाने के बाद चलना सेहतमंद है?**



# पेट से जुड़ी समस्याओं से हैं परेशान तो इन आसान उपायों से पाएं छुटकारा

**लाइफस्टाइल में बदलाव का सीधा असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है। गलत खान-पान आपकी सेहत को प्रभावित करता है, ऐसे में पेट से जुड़ी समस्या का होना आम बात है। जैसे पेट दर्द, गैस, पेट का फुलना आदि। वहीं कुछ लोग पेट अच्छी तरह साफ न होने की शिकायत रहती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे उपाय बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप पेट साफ न होने की समस्या से निजात पा सकते हैं।**



- बदहजमी से परेशान है, तो आपको पुदीने का सेवन करना चाहिए। पुदीना पेट को साफ करने में मदद करता है। इसका सेवन आप चटनी के रूप में भी कर सकते है।
- सौंफ और सफेद जीरा पाउडर को पहले तवे पर भून लें और फिर उसे मिलाकर पीस लें। अब इस पाउडर का सेवन या तो दिन में एक बार करें या फिर अगर पेट साफ न होने की समस्या से ज्यादा परेशान हैं, तो इसका सेवन दो से तीन बार करें। आपको पेट साफ न होने की समस्या से राहत मिलेगी।
- नियमित रूप से सुबह के समय गुनगुना पानी पीने की आदत बनाएं। इसके कई फायदे हैं। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और शरीर से सभी विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। साथ ही पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलती है।
- अजवाइन का बीज गैस और बदहजमी की समस्या को दूर करता है और तुरंत पेट को साफ करता है। इसके लिए आप अजवाइन के बीज को भूनकर रख लें और खाना खाने के बाद कुछ बीजों को रोज चबाएं।



# आलू का करें छिलके सहित इस्तेमाल जानिए इसके लाभ

सब्जी बनाते समय हम जब आलू का इस्तेमाल करते है, तो आमतौर पर लोग इसके छिलके निकाल कर फेंक देते है, और इसके बाद ही आलू का इस्तेमाल करते है, लेकिन क्या आप जानते हैं आलू को छिलके सहित इस्तेमाल करने के क्या सेहत लाभ मिलते हैं।

## ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है

आलू में भरपूर मात्रा में पोटेशियम पाया जाता है, जो कि ब्लड प्रेशर को रेग्युलेट करने में मदद करता है।

## मेटाबॉलिज्म ठीक रखता है

आलू के छिलकेमेटाबॉलिज्म को भी सही रखने में मददगार होते है। इन्हें खाने से नर्व्स को मजबूती मिलती है।

## एनीमिया से दूर रखता है

आलू के छिलकेमें आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है जिससे एनीमिया होने का खतरा बहुत हद तक कम हो जाता है।

## ताकत

आलू के छिलकेमें भरपूर मात्रा में विटामिन बी3 पाया जाता है, जो कि शरीर को ताकत देने का काम करता है।

## फाइबर से भरपूर

हमारी डाइट में फाइबर की कुछ मात्रा जरूर शामिल होना चाहिए और आलू के छिलकेमें अच्छी मात्रा में फाइबर्स होते हैं। ये डाइजेस्टिव सिस्टम को भी बूस्ट करने का काम करते है।

# गरीबों के चावल डकारने वाले पर कब होगी कार्यवाही, नोटिस जारी कर मौन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

सार्वजनिक वितरण (आईएम-पीडीएस) के एकीकृत प्रबंधन की योजना के तहत 'वन नेशन वन राशन कार्ड' योजना के माध्यम से एनएफएसए राशन कार्ड धारकों की देशव्यापी पोर्टेबिलिटी का कार्यान्वयन शुरू किया गया है, जो प्रवासी एनएफएसए लाभार्थियों को किसी भी मेले से अपने खाद्यान्न उठाने में सक्षम बनाता है और अपनी पसंद की मूल्य दुकान एफपी एस में स्थापित ई पोस डिवाइस पर बायोमेट्रिक/आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से जाने के बाद, अपने गांव, जिला, प्रदेश या देश में जारी अपने मौजूदा/समान राशन कार्ड का उपयोग कर सकते है। 'वन नेशन वन राशन कार्ड' के तहत वितरण जुलाई, 2020 से शुरू हो गया है।



| स.क्र | दुकान क्र. | संचालन एजेंसी का नाम | योजना | क्लोजिंग बैलेंस | क्लोजिंग बैलेंस एंट्री | मात्रा (क्विंटल में) (सर्वर द्वारा) | कारण | मात्रा (क्विंटल में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 572004006 | सेवा सह समिति नरौली | APL | 2 | 0 | 2 | RRC जारी | 2 |
| | 572004006 | | BPL | 150.95 | 0 | 150.95 | RRC जारी | 150.95 |
| | 572004006 | | GOI | 29.69 | 0 | 29.69 | RRC जारी | 29.69 |
| | 572004006 | | STATE | 35.1 | 0 | 35.1 | RRC जारी | 35.1 |
| 2 | 572004017 | जय माँ अंगारमोती महिला स्व सहायता समूहरूसे | BPL | 276.02 | 0 | 276.02 | RRC जारी | 276.02 |
| | 572004017 | | GOI | 225.18 | 0 | 225.18 | RRC जारी | 225.18 |
| 3 | 572004058 | ग्राम पंचायत दमगढ़ | BPL | 43.94 | 0 | 43.94 | RRC जारी | 43.94 |
| | 572004058 | | GOI | 46.84 | 25 | 21.84 | RRC जारी | 21.84 |
| 4 | 572004061 | जय लक्ष्मी सेवा सहकारी समिति मलकछरा | BPL | 117.84 | 0 | 117.84 | RRC जारी | 78.55 |
| 5 | 572004076 | ग्राम पंचायत खैरझिटी नया | BPL | 67.95 | 0 | 67.95 | RRC जारी | 67.95 |
| | 572004076 | | GOI | 62.42 | 0 | 62.42 | RRC जारी | 62.42 |
| 6 | 572004096 | विकास महिला स्व सहायता समूह मंझोली | BPL | 96.02 | 0 | 96.02 | RRC जारी | 84.02 |
| | 572004096 | | GOI | 51.63 | 30 | 21.63 | RRC जारी | 21.63 |
| TOTAL | | | | 1205.58 | 55 | 1150.58 | | 1099.29 |

## योजना का लाभ

सार्वजनिक वितरण (आईएम-पीडीएस) के एकीकृत प्रबंधन की योजना के तहत 'वन नेशन वन राशन कार्ड' योजना के माध्यम से एनएफएसए राशन कार्ड धारकों की देशव्यापी पोर्टेबिलिटी का कार्यान्वयन शुरू किया गया है, जो प्रवासी एनएफएसए लाभार्थियों को किसी भी उचित मूल्य की दुकानों से अपने खाद्यान्न उठाने में सक्षम बनाता है और अपनी पसंद की मूल्य दुकान स्क्कर में स्थापित E-PoS डिवाइस पर बायोमेट्रिक/आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से जाने के बाद, अपने गृह राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में जारी अपने मौजूदा/समान राशन कार्ड का उपयोग कर सकते है।

## कुपोषण दूर करने की योजना पर लगा रहा विराम

छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण और एनीमिया की स्थिति को दूर करने के मद्देनजर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्राथमिकता वाले परिवारों को फोर्टिफाइड चावल वितरण का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जो प्रदेश के सभी जिलों में माह एक अप्रैल 2023 से फोर्टिफाइड चावल वितरण शुरुआत किया है लेकिन कबीरधाम जिला में अधिकांश उचित मूल्य दुकान के संचालकों के द्वारा खुला बाजार से चावल खरीद कर बेच रहे है जिसपर जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे हैं।

## पंडरिया में हजारों क्विटल की सार्टेज

कबीरधाम जिले के सबसे बड़े विकासखंड में हजारों क्विंटल चावल की कमी उचित मूल्य की दुकानों पर है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार कुछ दुकानों के लिए आर सी सी जारी किया है जिसमे संचालन एजेंसी का नाम, सेवा सह समिति नरौली, जय माँ अंगारमोती महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत दमगढ़, जय लक्ष्मी सेवा सहकारी समिति मलकछरा, ग्राम पंचायत खैरझिटी नया, विकास महिला स्व सहायता समूह मंझोली शामिल हैं इन पांचों दुकानों में 1099.29 क्विंटल चावल की कमी है।

## जिम्मेदार मौन

खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो के द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकानों का नियमित निरीक्षण नही किया है जिसके चलते संचालन एजेंसी बे परवाह होकर गड़बड़ी करते गया। पंडरिया विकासखंड के केवल पांच दुकानों के लिए वसूली की कार्यवाही किया जा रहा है अन्य दुकानों में भी चावल की कमी है। जिम्मेदार अधिकारी समय समय पर दुकानों की भौतिक सत्यापन किया करते तो आज यह स्थिति निर्मित नही होता। लोगो में चर्चा है कि जिम्मेदार अधिकारी केवल वसूली करने में ही मस्त रहे।

# ग्लोफैंस हाई स्कूल कप का ऐतिहासिक शुभारंभ, पुरस्कार समारोह के साथ ग्लोबल हाई स्कूल क्रिकेट कप के आगाज़ का ऐलान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्लोबल हाई स्कूल क्रिकेट कप के लिए ट्रॉफी लॉन्च और पुरस्कार समारोह के साथ होटल हॉलिडे इंटरनेशनल, शारजाह में ग्लोफैंस हाई स्कूल कप का ऐतिहासिक शुभारंभ हुआ। मुख्य इवेंट शारजाह और अजमान में होगा, जबकि प्रशिक्षण सुविधाएं दुबई में होंगी। इस साल दुनिया भर से 20 शीर्ष स्कूल टीमें भाग लेंगी। 6 दिवसीय टूर्नामेंट होगा और हर दिन दो मैच होंगे और दो डे-नाइट मैच फ्लडलाइट्स में खेले जाएंगे। यह आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें क्रिकेट जगत के दिग्गज, मौजूदा खिलाड़ी और प्रतिष्ठित हस्तियां इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की शुरुआत का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए। यह आयोजन एक शानदार सफलता थी, जिसमें टूर्नामेंट की आधिकारिक ट्रॉफी का अनावरण, थीम गीत का शुभारंभ और आधिकारिक टी-शर्ट की प्रस्तुति शामिल थी, जिसने आगामी प्रतियोगिता के प्रति बढ़ते उत्साह में योगदान दिया। विश्व कप के दिग्गज, महान कोच और पूर्व अंग्रेज क्रिकेटर




डेव व्हाटमोर ने भव्य थीम गीत के अनावरण के साथ शाम का माहौल बनाया। इस अवसर पर प्रतिष्ठा की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हुए व्हाटमोर ने कहा, युवा प्रतिभाओं और स्कूली क्रिकेट खिलाड़ियों को पोषित करना महत्वपूर्ण है, जो भविष्य के सितारों को आकार देने में स्कूल की महत्वपूर्ण भूमिका है। आधिकारिक टी-शर्ट लॉन्च का संचालन शहजाद अल्ताफ ने किया, जो 1996 के विश्व कप के एक प्रसिद्ध यूएई खिलाड़ी और यंग टैलेंट क्रिकेट अकादमी के दूरदर्शी संस्थापक हैं। क्षेत्र में जमीनी स्तर पर क्रिकेट के विकास के लिए उनका समर्पण स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट और इसके महत्व के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा किया। इस आयोजन का एक मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित खेल विशेषज्ञ और स्पोर्ट्स क्विज़ ऐप गोल्फेंस के संस्थापक सुनील यश कालरा द्वारा आयोजित आकर्षक चैट शो था। पूर्व पाकिस्तानी ऑफ स्पिनर और दूसरा के मास्टर सईद अजमल और महान कोच डेव व्हाटमोर सहित क्रिकेट के दिग्गजों के साथ एक जीवंत चर्चा में, कालरा ने स्कूली क्रिकेट के महत्व और उनके करियर पर इसके स्थायी प्रभाव के बारे में बताया। बातचीत में आगामी महिला टी20 विश्व कप 2024 पर भी चर्चा हुई, जो यूएई में आयोजित होने वाला है, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह का संचार हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए, स्पोर्ट्सकास्टर और स्पोर्ट्स क्विज़ ऐप ग्लोफैंस के संस्थापक सुनील यश कालरा ने कहा, ग्लोफैंस में, हमारा मिशन हमेशा से खेल प्रेमियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करना और उनसे जुड़ना रहा है। ग्लोबल हाई स्कूल क्रिकेट कप इसी दृष्टिकोण का एक स्वाभाविक विस्तार है, जो युवा क्रिकेटरों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यूएई में पिछले 4 महीनों में यह हमारा दूसरा सहयोग है।

# छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन का प्रथम मानसिक बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन का मासिक समीक्षा बैठक सिमगा के विश्राम गृह में संपन्न हुआ। उक्त बैठक में विभिन्न पहलुओ पर चर्चा किया गया वहीं पर जनहित से संबंधित मुद्दों को लेकर अहम निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिला, सिमगा नगर में छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के बैठक में जनहित से संबंधित मुद्दों पर प्राथमिकता से समाचार प्रकाशन का निर्णय लिया गया जिससे की हितग्राहियो को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके, वही सिमगा ब्लॉक के कोषाध्यक्ष लुकेश पटेल का केक काटकर उसका जन्मदिन मनाया गया बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष रायपुर व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शैलेश सिंह राजपूत, जिला सचिव चंद्रशेखर यदू, जिला मिडिया प्रभारी अजय नेताम, सिमगा ब्लांक अध्यक्ष थानेश्वर साहू, सचिव ओंकार साहू, कोषाध्यक्ष लुकेश पटेल,सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

# शासकीय नेमीचंद महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

शासकीय नेमीचंद महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने, विद्यार्थियों को बताया कृमि से मुक्ति पाने के लिए एलबेन्डाजोल की एक गोली खाना है,कृमि से छुटकारा, सेहतमंद भविष्य हमारा के उद्देश्य को लेकर आयोजन किया गया, कृमि संक्रमण से बच्चों में कुपोषण एवं खून की कमी होता है जिसके कारण हमेशा थकान रहती है, शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा आ सकती है कृमि संक्रमण से बचाव के लिए नाखून साफएवं छोटे रखें, साफपानी पिएं, साफ पानी से सब्जी एवं फल धोखे, चप्पल जूतें पहने, खुले में शौच न करें, शौचालय का उपयोग करें, शौच के बाद हाथ साबुन से धोयें, खाना खाने से पहले हाथ साबुन से धोयें, आयोजन में संस्था के प्राचार्य अरुण कुमार व्ही. एवं प्रोफेसरगण उपस्थित थे।

# सैमसंग ने भारतीय ग्राहकों के लिए 10 बड़े साइज की कस्टम एआई वॉशिंग मशीनें लॉन्च की हैं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने 10 बड़ी साइज की फ्रंट लोड वॉशिंग मशीनों की नई रेंज लॉन्च की है। ये एआई-संचालित मशीनें भारतीय ग्राहकों के लिए कपड़े धोने को और भी आसान बना देती हैं, जिससे कपड़े धोना अब एक आसान काम बन गया है। नई वॉशिंग मशीनें 12 किलोग्राम के बड़े साइज में आती हैं, जिससे भारतीय ग्राहक एक बार में ज्यादा कपड़े धो सकते हैं। इसमें कंबल, पर्दे और साड़ियाँ जैसे बड़े कपड़े भी आसानी से धोए जा सकते हैं। सैमसंग इंडिया की नई 12 किलोग्राम एआई वॉशिंग मशीनों की कीमत 52,990 रुपये से शुरू होती है। ये आधुनिक वॉशिंग मशीनें फ्लैट ग्लास डोर, बेस्पोक डिज़ाइन और एआई वॉश, एआई एनर्जी मोड, एआई कंट्रोल और एआई इकोबबल जैसी उन्नत सुविधाओं




के साथ आती हैं। सैमसंग इंडिया के डिजिटल अप्लायंसेज के निदेशक सौरभ बैशाखिया ने कहा, भारतीय ग्राहक अब ऐसे डिजिटल उपकरणों को पसंद करते हैं जो बिना ज्यादा मेहनत के बेहतर धुलाई कर सकें और साथ ही बिजली और समय की भी बचत करें। हमारी नई 12 किलोग्राम एआई से चलने वाली वाशिंग मशीन उपभोक्ताओं को एक बार में ज्यादा कपड़े धोने की सुविधा देती है, जिससे उन्हें कम मेहनत में बेहतर परिणाम मिलते हैं।

# सी ए टी कोर्स के बाद रोज़गार सुनिश्चित : मनोज चावला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सी ए टी छत्तीसगढ़ का यह सम्भवतः एक ऐसा कोर्स है, जिसमें छात्र को 5 सर्टिफिकेट दिया जाएगा, एक्सेल टेली, रायपुर के संचालक चावला ने बताया। इस कोर्स की अवधि मात्र 6 माह है, जिसमें छात्र टेली प्रोफाइल सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, बेसिक कम्प्यूटर, रियल टाइम ऑडिट और इंग्लिश क्लास एक साथ सीख सीखकर रोज़गार प्राप्त कर सकता है। इनमें से टेली का सर्टिफिकेट बंगलुरु से प्राप्त होगा, दूसरा सर्टिफिकेट गवर्नमेंट से और बाकी सर्टिफिकेट एक्सेल टेली से प्राप्त होगा। इस कोर्स को सीखकर छात्र अपने केरियर को संवार सकता है।

# संकुल संतपाली के शिक्षकों का शिशुपाल पर्वत मे भ्रमण एवं पौधारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

संकुल संतपाली के शिक्षकों द्वारा शिशुपाल पर्वत का भ्रमण किया गया। इस दौरान पर्यटकों की सुरक्षा के लिए रास्ते मे पड़े पत्थरों को हटाने एवं फिसलन वाले स्थान पर रस्सा बांधने एवं पौधारोपण का कार्य किया गया। संकुल केंद्र संतपाली के संकुल प्रभारी लोकनाथ जगत तथा संकुल प्रभारी भूपेश कुमार पाढ़ी के नेतृत्व में संकुल अंतर्गत आनी



वाली सभी शासकीय शालाओ के 25शिक्षको एवं शिक्षिकाओ के द्वारा शिशुपाल पर्वत का भ्रमण किया गया। शिक्षकों के दल द्वारा पहाड़ के रास्ते मे खतरा बने अनावश्यक पड़े पत्थरो को हटाने का कार्य किया गया। खतरनाक फिसलन वाले स्थान पर दो पेड़ों के बीच मोटी रस्सी बांधी गई ताकि पर्यटक रस्सी के सहारे बिना खतरे के आ जा सकें।जैव सरंक्षण हेतु ऊपर पहाड़ में 1 जोड़ी खरगोश छोड़ा गया। घोडाधार झरना के पास के वृक्षविहीन पथरीले क्षेत्र में पर्यटकों को छाया मिल पाने के ध्येय से दल के द्वारा पीपल के पौधे का रोपण सुरक्षा जाली के साथ किया गया। दल के द्वारा साफ सफाई का कार्य भी किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला ठुठापाली में पदस्थ सहायक शिक्षक राजेन्द्र निर्मलकर के शिक्षक पद पर पदोन्नत होकर अन्य विकासखण्ड जाने पर साल श्रीफल एवं डायरी भेंटकर विदाई दी गई।शासकीय प्राथमिक शाला बरतीयभांठा एवं संतपाली के प्रधानपाठकों इंदल सिंह सिदार एवं विमल किशोर कश्यप द्वारा प्रधानपाठक बनने के उपलक्ष्य में भोजन की व्यवस्था की गई।अप्रतिम सौंदर्य से भरपूर शिशुपाल पर्वत पर स्थित घोडाधार ,काशिपठार, थीपापानी, भीम पांव एवं रानी झरनों सहित कचहरी द्वार, रानी तालाब एवं प्राचीन शिव मंदिर का दर्शन किया गया। अपने चारों ओर खड़े किनारों एवं ऊपर मैदान की प्रस्थिति युक्त इस अनोखे पर्वत की भौगोलिक विशेषताओं के अवलोकन के साथ ही शिव मंदिर के पुजारी शंकर बरिहा स्थानीय निवासी के से इसके ऐतिहासिक महत्व के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गई।

# नए शानदार रंग, नए फीचर्स और बढ़िया स्टाइल, रॉयल एनफील्ड ने लॉन्च की 2024 क्लासिक 350



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350, अपनी सदाबहार खूबसूरती, पुराने जमाने के आकर्षण, और मजबूत स्वभाव के साथ, 2008 में लॉन्च होने के बाद से शानदार ऑटोमोटिव डिजाइन, खूबसूरती और इंजीनियरिंग का प्रतीक रही है। इस मोटरसाइकल में हमेशा रॉयल एनफील्ड की असली पहचान बनी रही है। इसी मोटरसाइकिल का नया रूप, 2024 क्लासिक 350, लॉन्च किया गया है। 2024 क्लासिक 350 में रॉयल एनफील्ड के सभी खास गुण बरकरार हैं, और यह अपनी खूबसूरती के साथ-साथ लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध भी है। नए फीचर्स और शानदार रंगों के साथ, नई 2024 क्लासिक 350 की शुरुआती कीमत 1,99,500 रुपये है। इसकी बुकिंग्स और टेस्ट राइड पूरे भारत में 1 सितंबर 2024 से शुरू हो रही है। क्लासिक 350 को पाँच नए वैरिएंट्स और सात शानदार रंगों में लॉन्च किया गया है हेरिटेज (मैड्रास रेड और जोधपुर ब्लू), हेरिटेज प्रीमियम (मेडलियन ब्रॉन्ज), सिग्नल्स (कमांडो सैंड), डार्क (गन ग्रे और स्टील्थ ब्लैक) और क्रोम (एमरैल्ड)। 2024 रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 में एलईडी हेडलैंप्स, एलईडी पायलट लैंप, गियर पोजिशन इंडिकेटर, और टाइप सी यूएसबी चार्जिंग प्वाइंट जैसे बेहतरीन फीचर्स दिए गए हैं। इसमें रॉयल एनफील्ड की खास पहचान और स्टाइल को बनाए रखा गया है।

# 4 सितंबर को होगा तीज मिलन समारोह : महापौर

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

आगामी 4 सितंबर बुधवार को मालवीय नगर स्थित खालसा स्कूल में पूर्वान्ह 11 बजे तीज मिलन उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। निगम महापौर धीरज बाकलीवाल सभापति राजेश यादव महिला बाल विकास प्रभारी जमुना साहू समस्त कांग्रेस पार्षद छाया पार्षद व शहर कांग्रेस महिला कांग्रेस के संगठन के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप से पूर्व केबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे,ताम्रध्वज साहू अनिला भेडिया व छत्तीसगढ़ वेयर हाउस कॉरपोरेशन के पूर्व चेयर मेन अरुण वोरा मौजूद रहेगें। समारोह में अतिथि के रूप में पूर्व



विधायक प्रदीप चौबे, प्रतिमा चंद्राकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल भिलाई-3 चरोदा निगम महापौर निर्मल कोसरे भिलाई महापौर नीरज पाल रिसाली महापौर शशि सिन्हा पूर्व महापौर आर एन वर्मा प्रदेश कांग्रेस के महा मंत्री राजेन्द्र साहू अखिलभारतीय प्रोफेसनल कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक क्षितिज चंद्राकर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर व मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अल्ताफ अहमद शामिल होंगे निगम महापौर धीरज बाकलीवाल सभापति राजेश यादव ने कहा कि हरितालिका तीज राज्य की महिलाओ और बहनो का सबसे बड़ा त्यौहार है। महिलाओं के सम्मान व उत्साह को बढ़ाने के लिए हो तीज मिलन उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उस आयोजन में तीज क्वीन, पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रस्सा खींच प्रतियोगिता गोली चम्मच प्रतियोगिता सहित अन्य विविध कार्यक्रम होंगें। इस समारोह में दूर्ग शहर विधान सभा क्षेत्र की सभी महिलाओं व बहनों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के लिए जोरदार तैयारी की जा रही है। बाकलीवाल व यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाए एवं बहने नारीशक्ति के रूप में देवी स्वरूप पूज्यनीय है। उनके सम्मान के लिए कांग्रेस द्वारा यह गौरवशाली आयोजन किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की

## अनुविभागीय अधिकारी विशेष अभियान चलाकर 10 सितम्बर के भीतर राजस्व संबंधी प्रकरणो का करें निराकरण : कलेक्टर चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों से विशेष अभियान चलाकर 10 सितम्बर 2024 के भीतर राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। शासकीय भूमि पर अनावश्यक धान बोने की जानकारी होने पर एडीएम अरविद एक्का को जांच के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने जिले में राजस्व संबंधित होने वाली गतिविधियो की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों से राजस्व संबंधी लंबित मामलों की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने विवादित नामांतरण विवादित खाता विभाजन एवं नक्शा सुधार के कार्यो को समितियों से जानकारी लेकर नंबरदार के साथ पटवारी से समन्वय कर खाता विभाजन के कार्यो को सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने बटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, नामातरण, खाता विभाजन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन



व कलेक्टर जनदर्शन के अंतर्गत राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा नक्शा बटांकन के कार्यो के सबंध में तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मैदानी क्षेत्रों का निरीक्षण कर जमीन की वस्तुस्थिति जांच की जाए एवं नक्शा बटांकन किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासकीय भूमि से कब्जा हटाने के भी निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, भारतमाला परियोजना, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए, जिससे प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। उन्होंने सभी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख (एएसएलआर) को आबंटित अपने-अपने तहसीलों का निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करते हुए एसडीएम को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होने भू-अभिलेख को सुधार करने के निर्देश दिये। विशेषतौर पर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदारों से समन्वय बनाकर भू-अभिलेख संबंधी प्रकरणों को निराकरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी तहसील नक्शा नवीनीकरण कार्य को शीघ्र करने के उपरांत मूल कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। विशेषतौर पर अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा है कि भू-अर्जन संबंधी लंबित प्रकरणों को गंभीरता से निराकरण कर सूचित किया जाये। साथ ही राजस्व प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वामित्व से संबंधित प्रकरणों का निराकरण 15 सितम्बर 2024 तक किया जाने को कहा। राजस्व वसूली को लेकर कलेक्टर ने सभी व्यवसायिक व औद्योगिक क्षेत्र से राजस्व कर वसूली किया जाना सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि स्क्रीनिंग के टेस्ट के समय शासकीय भूमि अदला बदली किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में कोतवार के माध्यम से नोटिस दिए जाए एवं जहां कोतवार नही है वहां नियुक्त किये जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान एडीएम अरविंद एक्का, नगर निगम आयुक्त देवेश ध्रुव, सहायक कलेक्टर एम भार्गव, अपर कलेक्टर बजरंग दुबे, एसडीएम हरवंश सिह मिरी, संयुक्त कलेक्टर मुकेश रावटे एवं विरेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, लवकेश ध्रुव, सोनल डेविड व तहसीलदारों के साथ अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# नोटिस देकर ठेकेदारों को पुचकार रहा निगम... जिम्मेदार ठेकेदारों पर कार्रवाई में भेदभाव, डामर उखड़ा, दो बार पैचवर्क के बाद भी सड़क बदहाल

## त्यौहारी सीज़न शुरु, मरम्मत कब शुरु होगी पता नहीं, इधर मध्य शहर की सड़कें उखड़ चुकी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





कांग्रेस शासनकाल में शहर में बनी सड़कों की बदहालीनिर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रही है। जून 2023 के बाद से विभिन्नमार्गों में किया गया डामरीकरणअब गायब होने लगा है। अलबत्ता इन सड़कों पर बजरी और गड्ढे उभरकर सामने आ गए हैं। इस मामले में निगम प्रशासन की उदासीनता पर भी गौर किया जाना चाहिए। आयुक्त ने ऐसे ही मामलों में ठेकेदारों को नोटिस और ब्लैकलिस्टेड तक किया है लेकिन कुछ मामलों में उनकी नज़र चौंधिया गई है। निगम का विपक्ष भी ऐसे मामलों में मौन साधे हुए है।

पिछली सरकार के आखिरी दौर में शहर को सड़कों के पैचवर्क के लिए 3 करोड़ और विभिन्न वार्डों में डामरीकरण के लिए 7 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। इनका टेंडर होने के बाद काम शुरु किए जाने में लेट-लतीफ की गई। तब टेंडर के बाद काम शुरु करने से पहले कमीशन को लेकर अंदरुनीखिंचतानजारी होने की खबरें भी सामने आती रहीं।

हमालपारा में शनि मंदिर लाइन में जून 2023 में सड़क में डामरीकरणका काम किया गया था। इसके बाद इस सड़क में दो बार पैच किया जा चुका है लेकिन अब भी सड़क में गड्ढे और उखड़ती बजरी साफ नज़र आती है। सदर बाजार में भी अक्टूबर-नवंबर2023 के दौरान ही डामरीकरण किया गया था। मौजूदा समय में इस सड़क की स्थिति देखकर यह कहना ही मुश्किल है कि कुछ महीनों पहले ही इसे दोबारा बनाया गया था। वार्डवासीभी इन निमार्णों से नाराज हैं। वे पार्षदों से भी इसकी शिकायत कर चुके हैं। शहर की अधिकांश सड़कों का यही हाल है। आयुक्त खुद बैठकों में सड़कों की मरम्मत न किए जाने, गुणवत्ता में सुधार की गुंजाईश और ठेकेदारों के लेटलतीफ कामों को लेकर आए दिन निर्देश जारी कर रहे हैं। यह साबित करने के लिए काफी है कि शहर में मार्गों की दशा कैसी है। गौरवपथ, दिग्विजय कॉलेज से लेकर चौपाटी, दुर्गा मंदिर से लेकर बालगोविंद चौक, गांधी चौक से कुंआ चौक, कामठी लाइनसहित कई इलाकों में ऐसी ही दुर्दशा है। पटरी पार के क्षेत्र में भी कोई सुधार नहीं आ सका है।

### सत्ता बदली पर रवैया नहीं बदला

निगम के विपक्ष की भूमिका में भाजपा ने कई प्रदर्शन किये। कांग्रेस शासन में वार्ड-वार्ड में जाकर नेता प्रतिपक्षऔर भाजपा पार्षदोंने वार्डवासियों के साथ सड़क, बिजली, सफाई के लिए महापौर के पुतले तक फूंक दिए थे। आयुक्त पर अंधेरगर्दी के आरोप लगाए गए थे। लेकिन राज्य में सत्ता बदलने के बाद विपक्ष के तेवर बदल गए लेकिन निगम प्रशासन का रवैया जसका तसहै। सड़कों को लेकर ही 23 जुलाई को भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा के साथ नेता प्रतिपक्ष और भाजपा पार्षदों ने गूढ़ चर्चा की थी। हालांकि विद्वानों की इस चर्चा का हासिल भी अब तक नज़र नहीं आया है।

### कार्रवाई में पक्षपात, ठेकेदारों को अभयदान

7 करोड़ की लागत से सड़कों के डामरीकरण का कार्य अब भी प्रगति पर है। जबकि इसके शुरुआती दौर में ही किए गए कार्यों की जांच जरुरी है। काम में लेटलतीफ के बाद भी ठेकेदारों को सिर्फ नोटिस थमाकर खानापूर्ति की जा रही है। 15 जुलाई को दो अलग-अलग आदेश जारी कर आयुक्त ने मेसर्स एसएसआर सिविलकॉन प्राइवेट लिमिटेड को मिले दो अलग-अलग ठेके रद्द करते हुए ठेकेदार फर्म को ब्लैकलिस्टेड कर दिया था। जबकि गुणवत्ताहीन और लेटलतीफ निर्माण के दूसरे प्रकरणों पर ऐसी कड़ाई नहीं की जा रही है। ये निगम में चल रहे पक्षपातपूर्ण रवैये को साफ तौर पर जाहिर करता है।

### झांकी और गणेश पर्व में होगी परेशानी

निगम एक बार फिर सड़कों की मरम्मत को लेकर खानापूर्ति की तैयारी में है। दूसरी ओर ठेकेदारों की मनमानी का खामियाजा झांकी और गणेश पर्व के दौरान भुगतना होगा। संकरे मार्गों पर उखड़ी हुई सड़कों पर चलना मुश्किल ही होता है। फिसलन की भी आशंका बनी रहती है। इस बीच अलग-अलग जगहों पर भगवान गणपति की बड़ी-बड़ी प्रतिमाएं विराजित की जाएंगी। सड़कों के गड्ढे इसमें भी विघ्न डालेंगे। झांकी में तो हजारों की भीड़ ही इन मार्गों पर उमड़ती है। उस पर त्यौहारीसीज़न में लगातार गाड़ियों की आवाजाही से भी डामरीकरण का कमजोर काम जवाब दे सकता है। शहर के मध्य इलाके में ऐसी स्थिति से आवाजाही में बड़ी दिक्कतें खड़ी होती हैं।

# गंज लाइन में बैल दौड़ प्रतियोगिता आज

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बाल समाज गंज लाइन द्वारा आज बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस बैल दौड़ प्रतियोगिता में बैल को सजाकर, बैल जोड़ी एवं सिंगल बैल दौड़ का आयोजन किया गया है। दौड़ शाम 6 बजे लखोली नाका चौक से शुरू होकर तिरंगा चौक में समाप्त होगी। उल्लेखनीय है कि बैल दौड़ आयोजन से पूर्व गंज लाइन में मेले का भी आयोजन किया जाता है जिसमे विभिन्न तरह के झूलों वाखिलौनो की दुकाने लगाई जाती है। बेल दौड़ को देखने के लिए आस पास के क्षेत्रो से बड़ी संख्या में परिवार के साथ लोग पहुंचते है।

बैल दौड़ प्रतियोगिता के प्रभारी कैलाश राठी, सूर्यकांत जैन, गोपाल खंडेलवाल, गोपाल शर्मा, पराग हुंका, मोहन मेश्राम एवं नीरज माहेश्वरी बनाए गए हैं । बाल समाज के अध्यक्ष दामूभूतड़ा ने बताया है कि जो प्रतियोगी इस बैल दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेंगे उन सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा एवं बैल दौड़ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को विशेष आकर्षण पुरस्कार बाल समाज गंज लाइन द्वारा प्रदान किया जाएगा।

# पोला आज.. शुरु हुआ त्यौहारों का सिलसिला, बाजार में उमड़ी भीड़

- आज दौड़ेंगे बैल, ठेठरी-खुरमी का स्वाद लेंगे

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पोला पर्व से एक दिन पहले रविवार को बाजार में जमकर खरीददारी हुई। छुट्टियां और शुरु हो रहे त्यौहारी सीजन की तैयारियों को लेकर लोगों ने बाजार का रुख किया। छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहारआज मनाया जाएगा। वहीं तीजा का पर्व 6 सितंबर को पड़ रहा है। इस मौके पर स्थानीय प्रथा के अनुसार महिलाएं अपने मायके पहुंचती हैं और वहीं विधि-विधान से त्यौहार मनाया जाता है। इसके बाद गणेश चतुर्थी और 11 दिनों तक उनकी भक्ती के पर्व की तैयारियां भी जारी है।

बाजार में पोला पर्व के लिए मिट्टी से बने बैल, जाता-पोला व अन्य खिलौनों की खरीदी सुबह से ही शुरू हो गई थी। पर्व को लेकर बाजार में भी चहल-पहल में तेजी आ गई है। कल पोला पर्व पर मिट्टी एवं लकड़ी के बने बैल व खिलौनों की पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं स्वादिष्ट व्यंजन का भोग भी लगाया जाएगा। पर्व में कई स्थानों पर पारंपरिक खेल और सांस्कृतिक आयोजन भी किए जाएंगे। विशेषकर बैल दौड़ का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें किसान अपने बैलों को सजाकर स्पर्धा में हिस्सा लेते हैं।

परंपरागत रूप से पोला पर्व मनाने के लिए सभी वर्गों में उत्साह है। किसानों के अलावा अन्य वर्ग के लोग भी इस पर्व को परंपरानुसार मनाते हैं। पोला पर्व की अपनी एक खासियत है। ठेठरी-खुरमी के स्वादिष्ट व्यंजनों वाला इस त्यौहार का लोगों को इंतजार रहता है। बैल-नंदी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कई कार्यक्रमों के जरिये लोग रोमांचित होते हैं। जिसमें बैल दौड़ के अलावा अन्य आयोजन शामिल है।

# भवन का लोकार्पण, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने की समाज की सराहना

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



रविवार को शहर में कायस्थ समाज भवन का भव्य उद्घाटन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज भवन का उद्घाटन करते हुए कायस्थ समाज की एकजुटता और योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, कायस्थ समाज ने सदैव समाज और राष्ट्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। यह भवन समाज के लोगों को एकजुट रखने और उनकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। समारोह में समाज के अध्यक्ष देवेंद्र मोहन लाल सचिव नागेश श्रीवास्तव सभी पदाधिकारी ओर महापौर हेमादेशमुख, शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन, नवाज खान, निखिल त्रिवेदी सहित समाज के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे भव्य रूप दिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने भवन निर्माण में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और समाज के उत्थान के लिए मिलजुलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और समाज के स्व. प्रकाश श्रीवास्तव जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# बरसों से की जाती रही मांग पूरी, डॉ. रमन की अनुशंसा पर सरकार की मंजूरी

- नये औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना को लेकर उद्योग व व्यापार जगत में हर्ष

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार ने राजनांदगांव जिले के ग्राम बिजेतला में 421.9 एकड़ भूमि पर नवीन आदर्श औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह मांग सभी राजनांदगांव के व्यापारियों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह के सामने रखी गई थी। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह की अनुशंसा के आधार पर लिया गया यह निर्णय सराहनीय है। इससे व्यापार जगत में राजनांदगांव जिला और विकसित होगा। गौरतलब है कि, औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए चयनित भूमि परिकल्पित परियोजना का मुख्य आधार होगी, जो क्षेत्र में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और औद्योगिक प्रगति का मुख्य आधार बनेगी। इस कदम से न केवल स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

राजा मखीजा ने इस सैद्धांतिक मंजूरी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह निर्णय राज्य के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल राजनांदगांव बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के विकास को गति मिलेगी।उन्होंने आगे कहा कि यह निर्णय राज्य सरकार की दूरदर्शिता और औद्योगिक विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### औद्योगिक इकाई में विभिन्न प्रकार की सुविधाएं

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजा माखीजा ने डॉ रमन सिंह एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ को बधाई दी तथा अनुरोध किया कि इस आदर्श औद्योगिक इकाई में विभिन्न प्रकार की सुविधाएं जैसे फूड पार्क, मेडिकल इंस्ट्रूमेंट पार्क, इलेक्ट्रॉनिक पार्क, टॉयज पार्क, टेक्सटाइल पार्क एवं अन्य अनेक सुविधाएं, मुख्य पूंजी अनुदान, ब्याज अनुदान, बिजली बिल अनुदान, जीएसटी अनुदान यथा संभव प्रदान किया जाए तथा इसके लिए राजनांदगांव के व्यापारियों द्वारा अपील की गई।

## किसानों की बैठक में पांच सूत्रीय मांग का खाका तैयार

# कुमरदा में सहकारी बैंक की मांग, 10 को प्रदर्शन के लिए जुटेंगे किसान

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



खुज्जी विधानसभा के कुमरदा तहसील के 40 से अधिक गांवों के किसानों ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा की स्थापना को लेकर मोर्चा खोल दिया है। रविवार को किसान संघ की तहसील इकाई द्वारा बुलाई गई बैठक में सैकड़ों किसान शामिल हुए। कुमरदा में जुटे किसानों ने बैठकर पांच सूत्रीय मांग तय की है। इसके लिए 10 सितंबर को क्षेत्रीय किसान कुमरदा में ही आंदोलन करेंगे।

कुमरदा में सहकारी बैंक की शाखा के संचालन की मांग वर्षों से बनी हुई है। इस क्षेत्र कि किसानों को बीसों किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है। सुगम बैंकिंग प्रणाली की ओर बढ़ती अर्थव्यवस्था में इस अव्यवस्था से बड़ी परेशानी लोगों को उठानी पड़ रही है।

किसान नेता चंदू साहू ने बताया कि, कुमरदा और आसपास के दर्जनो गांव के किसानों की मांग है कि कुमरदा में सहकारी बैंक की शाखा शुरु की जाए। अभी इस क्षेत्र के लोगों को सहकारी केन्द्रीय बैंक से संबंधित कार्य के लिए डोंगरगांव जाना पड़ता है। डोंगरगांव में जो शाखा संचालित है उसके कार्य क्षेत्र में पहले ही सैकड़ा भर से ज्यादा गांव शामिल है। वहां तकरीबन 19 हजार खाते हैं। ऐसे में कई बार बैंक में व्यवस्था बिगड़ जाती है और मामला नियंत्रण से बाहर हो जाता है। समय पर किसानों का काम न होने के चलते उन्हें आर्थिक और मानसिक क्षति होती है।

बैठक में किसानों ने कहा कि, कुमरदा में शाखा संचालित की जानी चाहिए जिससे आसपास के तकरीबन 40 गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। दूर सफर नहीं करना होगा और पूरा-पूरा दिन बैंक के कामों में नहीं खपेगा। किसानों ने मिलकर इस मांग को लेकर प्रदर्शन की रणनीति बनाई है। उन्होंने कुल पांच मुद्दे तय किए हैं। इनमें कुमरदा में सहकारी बैंक की शाखा, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शेष किस्त, अघोषित बिजली कटौती बंद करने, ग्राम चिरचारीकला को पूर्ण सोसायटी का दर्जा और हसदेव में पेड़ों की कटाई रोकने की मांग शामिल है।

# भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान प्रारंभ होने से पहले कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने सुनील पाठक ने कार्यशाला में दिया प्रेजेंटेशन

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान प्रारंभ होने से पहले कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशालाओं का दौर चल रहा है, इसी कड़ी में मुंगेली जिले के नगर मण्डल की कार्यशाला हुई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला सदस्यता प्रभारी एवं प्रदेश आई टी सेल कार्यसमिति सदस्य सुनील पाठक ने कार्यशाला में प्रेजेंटेशन देते हुए बताया कि ऑनलाइन माध्यम से सदस्यता लेने के लिए तीन प्रकार की व्यवस्था रखी गई है, पहला 8800002024 पर मिस कॉल द्वारा, दूसरा नमो ऐप और तीसरा क्यूआर कोड से प्राथमिक सदस्यता ली जा सकेगी। सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 2 सितम्बर को शाम 5 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे इसके बाद 3 सितंबर को प्रदेश मुख्यालय रायपुर में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सदस्य बनाएंगे और 4 सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों में सदस्यता अभियान का उदघाटन कार्यक्रम होगा जिसमें प्रभारी के रूप में जांजगीर लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े उपस्थित रहेंगी। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा की दो प्रकार की सदस्यता होगी पहले प्राथमिक सदस्यता और दूसरी सक्रिय सदस्यता। प्राथमिक सदस्यता अभियान दो चरणों में होगा पहले चरण 2 सितंबर से 25 सितंबर तक और दूसरा चरण 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा इसके पश्चात सक्रिय सदस्यता अभियान 15 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा। सक्रिय सदस्य बनने के लिए पार्टी द्वारा कुछ आवश्यक शर्तें निर्धारित की गई है। सभी कार्यकर्ता ऑनलाइन सदस्यता कराएंगे किंतु सभी सदस्यों का ऑफ लाईन रिकार्ड रखना भी आवश्यक है। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला ने भाजपा सदस्यता अभियान के 1975 फिर 1980 से जारी सदस्यता प्रक्रिया की जानकारी दी तथा सभी कार्यकर्ताओं से दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने गंभीरता से जुटने की अपील की। राजेंद्र वैष्णव ने कहा कि हम सभी को पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करना है। सभी राष्ट्रवादी नागरिकों तक पहुँचकर उन्हें पार्टी का सदस्य जरूर बनाएं। नगर मण्डल अध्यक्ष राणाप्रताप सिंह ठाकुर ने स्वागत भाषण करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन महामंत्री राणाप्रताप व मुकेश रोहरा ने तथा आभार नगर मण्डल महामंत्री सदस्यता अभियान के प्रभारी रामशरण यादव ने किया। इस अवसर पर श्रीहरि सिंह परिहार ने सदस्यता संदर्भित गीत प्रस्तुत किया। कार्यशाला में प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरिश शुक्ला, राजेंद्र वैष्णव, नपाप उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, मोहन भोजवानी, कोटूमल दादवानी, संजय वर्मा,राणाप्रताप सिंह, श्रीहरी सिंह परिहार, नगर सदस्यता प्रभारी के रूप में राजेंद्र देवांगन, लेखु साहू, माला गुप्ता के साथ ही नगर मण्डल महिला मोर्चा अध्यक्ष पायल नायक, जयप्रकाश मिश्रा, उमाकांत सिंह, महावीर सिंह, आलोक गुप्ता, गणेश बाजपेई, रमेश बुनकर, यश गुप्ता जितेन्द्र कुमार साहू, असलम खान, विक्रांत देवांगन, योगेश ताम्रकार, रविन्द्र केशरवानी, अशोक, राजेंद्र साहू, अरूण तंबोली, हीरालाल साहू, प्रमोद जांगड़े, टीशन बांधडे, अनन्त देवांगन, डोमन दीक्षित, दिलीप साहु, तरुण पाटले तथा नगर के सभी 22 वार्डों के पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ आदि के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पारंपरिक त्यौहारों की शुरूआत हरियाली अमावस्या के साथ

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहारों की शुरूआत हरियाली अमावस्या के साथ ही प्रारंभ हो जाता है, 02 सिंतबर को छत्तीसगढ का प्रमुख पारंपरिक त्यौहार पोला है जिसको देखते हुए नगर के बाजारो में मिट्टी के पोरहा, जतवा, बैल, आदि के बाजार सजने लगे है। छत्तीसगढ में पारंपरिक त्यौहार बढे हर्षोल्लास के साथ मनाने की परंपरा रही है, 02 तारीख को जहां पोला का त्यौहार है जिसमें किसानो द्वारा अपने गाय बैलो की पूजा की जाती है, इसके साथ ही इस दिन खेती में प्रयुक्त होने वाले नागर की भी पूजा पाठ अगले वर्ष के लिए रख दिया जाता है।

बाजारों में पोला त्यौवहार को देखते हुए मिट्टी के बैल, पोरहा व अन्य सामानो के बाजार नगर के गोल बाजार पडाव चौक और दाउपारा में सजने लगे है, कुम्भकार हरीश ने बताया कि बीते वर्ष की तुलना में इस बार बाजार में उतना उत्साह कम नजर आ रहा है, लोग बाजारो में निकल तो रहे है किन्तु अन्य वर्षो के समान उतना उत्साह नजर नही आ रहा है।

## गांवों में दिखने लगा त्यौहारों का उत्साह

गांवो में पोला, तीजा, एवं गणेश चतुर्थी को लेकर बचचों में उत्साह दिखने लगा है, जहां आने वाली 18 तारीख को पोला है, उसके बाद 06 सितंबर को तीजा एवं दूसरे दिन गणेश चतुर्थी का पर्व है जिसको देखते हुए ग्रामीण अंचलो में उत्साह नजर आने लगा है, त्यौवहार महिलाए अपने मायके मे मनाती है।

# ओपी जिंदल स्कूल में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को दी गई गुड टच-बैड टच की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं डीएसपी अनामिका जैन के मार्गदर्शन पर 31 अगस्त को ओपी जिंदल स्कूल नलवा में महिला सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मंजू मिश्रा और उनके स्टाफने स्कूली बच्चों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को श्गुड टच-बैड टचश् और विभिन्न महिला संबंधी अपराधों के बारे में जानकारी देना था। सहायक उप निरीक्षक मंजू मिश्रा ने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया साथ ही महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के प्रकार और उनसे बचाव के तरीकों पर भी चर्चा की। बच्चों को अभिव्यक्ति ऐप, डायल 112 की जानकारी दी गई। इस दौरान अपने सवाल पूछे, जिनका उत्तर अधिकारियों ने स्पष्ट और सरल भाषा में दिया, ताकि वे इन महत्वपूर्ण मुद्दों को अच्छी तरह समझ सकें। कार्यक्रम में बच्चों में सुरक्षा और जागरूकता की भावना को बढ़ावा देना था, ताकि वे किसी भी असुविधाजनक स्थिति में सही प्रतिक्रिया दे सकें। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों को आत्मरक्षा के महत्व और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में 673 स्कूली बच्चे, अध्यापकगण और स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

# खरसिया पुलिस ने बैटरी और स्टेपनी चोर को किया गिरफ्तार, 4 बैटरी एवं 3 स्टेपनी टायर सहित बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




खरसिया पुलिस ने मुखबीर सूचना पर एनएच किनारे खड़ी हाईवा वाहनों से बैटरी और स्टेपनी टायर चुराने वाले आरोपी शेख अयातुल्ला को गिरफ्तार कर आरोपित से 04 नग एक्साइड कंपनी की बैटरी और 03 स्टेपनी टायर बरामद किया गया है। घटना की रिपोर्ट थाना खरसिया में पंचराम साहू, निवासी बानीपाथर, थाना खरसिया, जिला रायगढ़ ने दर्ज कराई कि उसे 25 अगस्त को तब जानकारी मिली जब एनएच रोड के किनारे स्थित इसके ढाबे के पास खड़े तीन हाईवा वाहनों से बैटरी और स्टेपनी टायर चोरी हो गए हैं। पंचराम ने बताया कि इसके ढाबे के पास 10 चक्का वाहन क्रमांक एमपी 07 एचबी 7806, हाईवा क्रमांक एमपी 07 एचबी 4271 एवं हाईवा क्रमांक एमपी 07 एचडी 4936 के मालिकों द्वारा काम बंद कर दिए जाने के कारण अपने वाहनों को इसके ढाबे के पास खड़ी कर अपने-अपने गांव घर चले गए, जिनकी देखभाल पंचराम कर रहा था। खरसिया पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपित पर धारा 303(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि हाजीपारा बेल खरिया, थाना लखनपुर, जिला सरगुजा का निवासी शेख अयातुल्ला (उम्र 26 वर्ष) इस चोरी में संलिप्त है। पूछताछ में शेख अयातुल्ला ने अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि चोरी किया गया सामान उसने घटना स्थल से कुछ दूरी पर झाड़ियों में छुपा रखा था। खरसिया पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपित के निशानदेही पर 04 नग एक्साइड कंपनी का बैटरी एवं 03 स्टेपनी टायर लगा हुआ ( 54,000 ) घटना स्थल से कुछ दूरी पर ले जाकर झाड़ियों के बीच छुपा कर रखा था जिसे बरामद कर आरोपी शेख अयातुल्ला को दोपहर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# देशी कट्टा और कारतूस रखे युवक को कार के साथ नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में 31.8.2024 को रात्रि गस्त पर निरीक्षक भास्कर अपने थाना स्टाफ टीम के साथ रवाना हुए थे की रात्रि में गस्त के दौरान बैंक, एटीएम, सराफा, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग थाना नवागढ़ क्षेत्र में कर रहे थे की ग्राम मिसदा के पास रात्रि करीबन 3.30 बजे के आस पास गस्त के दौरान मिसदा मेन रोड किनारे एक संदिग्ध व्यक्ति बलेनो कार को खड़ा किया हुआ मिला। जिसमे एक आदमी बैठा था जिसका नाम पता पूछने पर आनाकानी करते हुए गुमराह करने की कोशिश करने लगा जिस पर पुलिस का संदेह बढने पर कड़ाई से पूछताछ किया गया जो अपना नाम गुलशन उर्फ दीपांशु वर्मा पिता नरेन्द्र वर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी बाजार चौक सिलतरा थाना धरसीवा रायपुर का रहने वाला बताया और रायपुर से थाना नवागढ़ क्षेत्र की अपनी प्रेमिका से मिलने आना बताया पूर्व में आरोपी की प्रेमिका रायपुर सिलतरा में काम करती थी उसी समय परिचय होना बताया जो अभी सिलतरा से काम छोड़कर वापस आ जाने पर उससे मिलने आया था। आरोपी बलेनों कार नीला रंग सीजी-04-पीए- 9622 में था। जिसका तलाशी लेने पर ड्रायवर सीट के पास एक स्नेकर का पैकेट खुला हुवा था जिसे चेक करने पर उसके अंदर एक देशी कट्टा और माचिस के डिब्बा के अंदर एक जिंदा कारतूस मिला आरोपी को देशी कट्टा और कारतूस के बारे में पूछताछ करने पर रायपुर सिलतरा क्षेत्र से किसी बाहरी व्यक्ति से खरीदना बताया। आरोपी गुलशन ऊर्फ दीपांशु वर्मा को कट्टा और कारतूस रखने के संबंध में लाइसेंस की मांग की गई जो देशी कट्टा और कारतूस को अवैध रूप से रखना बताए जाने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी के पास से एक नग देशी कट्टा, 1 नग जिंदा कारतूस, और बलेनो कार, एप्पल का मोबाइल जुमला कीमती लगभग 10 लाख रुपए को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर दिनाक 01.09.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, एस आई रमेश एक्का, प्र.आर. मथुरा प्रसाद केशी, जनक राम कश्यप, अनिल कुरे, बलराम यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को पोला पर्व की हार्दिक बधाई शुभकामनाये दी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को पोला पर्व की बधाई शुभकामनाये दी है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि पोला पर्व छत्तीसगढ़ में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, मिटटी के बैल और खिलौने की पूजा भी पोला पर्व के दिन की जाती है, पोला पर्व में छत्तीसगढ़ी पकवान ठेठरी खुरमी जैसे पारम्परिक पकवान बनाये जाते है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, पोला पर्व किसानो का सबसे बड़ा त्यौहार है, पोला पर्व किसानो और खेतिहर मजदुर के लिए विशेष महत्व रखता है, डॉ. महंत ने इस पावन पर्व पर समस्त प्रदेशवासियो की सुख-शांति, समृद्धि, किसान भाइयो की खुशहाली की कामना की है।

# अंडर 13 और अंडर 15 कैटेगरी का टूर्नामेंट राजहरा क्लब के कोच के मार्ग दर्शन में बीएसपी राजहरा क्लब में संपन्न



**दल्लीराजहरा।** विगत दिनों जिला बैडमिंटन ऐसोसिएशन के तत्वधान में अंडर 13 और अंडर 15 कैटेगरी का टूर्नामेंट राजहरा क्लब के कोच अमित बादल तिवारी के मार्ग दर्शन में बीएसपी राजहरा क्लब में संपन्न हुआ। इसमें विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मुस्ताक अहमद (जिला मंत्री बी.एम.एस) एवं एम.पी. सिंह (बी.एम.एस. केंद्रीय अध्यक्ष) को आमंत्रित किया गया था। अतिथियों द्वारा चयनित खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया जिसमे अंडर 13 में विजेता अद्विक जैन, उपविजेता अर्णव दत्ता, 15 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों में विजेता पावनी, उपविजेता तनिष्का भोयर, अंडर 15 लड़कों के विजेता मीत तलरेजा, उपविजेता अद्विक जैन रहे। योग्यता के आधार पर नमन कराडे, अनंत जैन, सौम्यजीत सिन्हा, दिव्यांश साहू, अरिजीत दत्ता, अगमजोत, अभिज्ञान द्विवेदी, आदर्श पांडे, वी.शशांक साहू, का चयन 23वी राज्य स्तरीय चैंपियनशीप में हुआ है। उपस्थित अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी और उनके कोच अमित बादल तिवारी को भी ढेर सारी बधाइयां दी आपके मार्गदर्शन में बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया है उसके लिए कोच बादल तिवारी भी बधाई के पात्र हैं। उपस्थित अतिथि मुश्ताक अहमद और एम.पी. सिंह ने कहा कि इसी तरह लगन और मेहनत से प्रयास करते रहे निश्चित ही एक दिन हमारे राजहरा के खिलाड़ी देश का भी प्रतिनिधित्व करेंगे ऐसी हमारी शुभकामनाएं है।

# रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक मोर्चा मुंगेली ने कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन को सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** जिले मे सहायक शिक्षकों की प्राथमिक शाला मे प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक मोर्चा मुंगेली द्वारा कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन (प्रभारी मंत्री जिला मुंगेली) को ज्ञापन दिया गया। जिला मुंगेली मे प्राथमिक शाला मे प्रधान पाठक के लगभग 70-80 पद रिक्त है जिसे जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली द्वारा लगातार ज्ञापन, मौखिक चर्चा करने के उपरांत भी पदोन्नति प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं किया जा रहा है और ना शिक्षक संगठनों के ज्ञापन पर कार्यवाही या संतोषप्रद जवाब दिया जा रहा है जबकि मुंगेली जिले के आसपास के सभी जिला मुख्यालयों मे कबीरधाम, बेमेतरा, दुर्ग, बलौदाबाजार, गौरेला पेंड्रा मरवाही, राजनांदगाव मे प्रधान पाठक के रिक्त पदों मे पदोन्नति पश्चात् पदांकन किया जा चुका है जिसके कारण शिक्षक आक्रोशित, हड़ताल करने बाध्य हो रहे हैं।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 21 सितम्बर को

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वाधान में जिले में 21 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला न्यायालय परिसर मुंगेली में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले द्वारा सभी बैंको को प्री-लिटिगेशन प्रकरण अधिक से अधिक संख्या में लगाये जाने तथा उसमें मिलने वाली छुट की जानकारी पक्षकारगण को दिये जाने हेतु कहा गया, जिससे राजीनामा होने वाले प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के छुट का लाभ मिलें और अधिक से अधिक प्रकरण का निराकरण किया जा सकें। इस अवसर पर प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कंचन लता आचला, अधिवक्ता संघ मुंगेली के अध्यक्ष टीकम चंद्राकर, बीमा कंपनी के अधिकारी, बैंक के अधिकारी तथा संबंधित संस्थाओं के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# अवैध जुआ, सट्टा, शराब कारोबारियों के विरूध्द हुई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





पुलिस अधीक्षक एस.आर. भगत के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ.चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजहरा सुनील तिर्की के नेतृत्व में अवैध जुआ, सट्टा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना राजहरा स्टाफ द्वारा 28 अगस्त एवं 29 अगस्त को 04 व्यक्तियों द्वारा अधिक मात्रा में शराब रखकर परिवहन करने एवं बिक्री करने की मुखबीर सूचना पर नगर के अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही कर अवैध शराब कारोबारियों के विरूध्द कार्यवाही किया गया है।

आरोपी हेलेन्द्र कुमार निषाद पिता आनंद लाल निषाद वार्ड क्रमांक 18 पुराना बाजार को घटना स्थल रेल्वे स्टेशन राजहरा रेलवे क्रासिंग के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से एक बोरी मे रखे 18 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1620 रूपये एवं शराब बिक्री का नगदी रकम 100 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूध्द अपराध धारा 34(1)क,ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। आरोपी विजय कुमार हरपाल पिता स्व. संपत हरपाल साकिन वार्ड क्रमांक 23 उड़िया पारा को घटना स्थल वार्ड क्रमांक 13 देशी शराब भट्ठी राजहरा के पीछे मैदान में अवैध रूप से शराब परिवहन करते पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से एक थैला में रखे 40 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3600 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूध्द अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है। आरोपी मुन्ना हरपाल पिता दीनू हरपाल उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 23 उड़िया पारा को घटना स्थल वार्ड क्रमांक 23 उड़िया पारा राजहरा तालाब के पास अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब परिवहन करते पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से एक थैला मे रखे 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2700 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूध्द अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।

# सांस्कृतिक धरोहरों को संजोकर रखा है श्याम मंडल ने: आरएस विश्वकर्मा

## राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष विश्वकर्मा पहुंचे श्याम मंदिर, झांकियों का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) व रायगढ़ के पूर्व कलेक्टर आरएस विश्वकर्मा का पिछले दिनों शहर प्रवास हुआ। इस दौरान उन्होंने कलेक्टोरेट में अधिकारियों की बैठक लेकर पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। विश्वकर्मा ने शहर में चल रहे जन्माष्टमी उत्सव में भी शामिल हुए। श्याम मंडल के पूर्व प्रचार मंत्री व शहर के युवा समाजसेवी महावीर अग्रवाल के साथ वे श्री श्याम मंडल द्वारा आयोजित पांच दिवसीय झूला उत्सव में पहुंचे और श्याम प्रभु का दर्शन कर श्याम बगीची में प्रदर्शित चलित झांकियों का अवलोकन किया।

अग्रवाल ने बताया कि रायगढ़ कलेक्टर रहने के दौरान विश्वकर्मा ने शहर के विकास के लिए जो कार्य किए, वो रायगढ़ के विकास में मील का पत्थर साबित हुआ। शहरवासी उनके स्वर्णिम कार्यकाल को आज भी याद करते हैं। केलो नदी पर दूसरा पुल का निर्माण, बेलादुला पुल, रेलवे ओवरब्रिज के साथ केलो नदी के दोनों ओर मरीन ड्राइव, सावत्री नगर मार्ग सहित कई ऐसे उल्लेखनीय कार्य हैं, जिसके कारण यहां की जनता उन्हें सही मायने में विकास दूत की संज्ञा देते हैं। यही कारण है कि उनके रायगढ़ पहुंचने पर उनसे मुलाकात के लिए लोगों का तांता लगा रहा। इन सब व्यस्तताओं के बीच अपने विश्वस्त सहयोगी महावीर अग्रवाल के आग्रह पर वे श्री श्याम मंडल के जन्माष्टमी उत्सव में पहुंचे। उनके श्याम मंदिर पहुंचने पर श्याम मंडल के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, सचिव सुनील अग्रवाल वकील सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्याम दुपट्टा व गुलदस्ता भेंटकर उनका भावभीना स्वागत किया। श्याम मंडल के सक्रिय सदस्य महावीर अग्रवाल के साथ उन्होंने श्याम बगीची में प्रदर्शित झांकियों का अवलोकन किया और खुशी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला की प्रशंसा करते हुए श्याम मंडल के कार्यों की सराहना की। उन्होंने अपने रायगढ़ कार्यकाल याद करते हुए कहा कि उस समय से मैं श्याम मंडल के कार्यों व यहां के झूला उत्सव में शामिल होते आ रहा हूं। इस धार्मिक आयोजन की महत्ता इसी से प्रतिपादित होती है कि प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। श्याम मंडल ने यहां की सांस्कृतिक धरोहरों को अब तक संजोकर रखा है, जिसकी जितनी तारीफ की जाए, कम है। इस अवसर पर उनके साथ निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी, आयोग सदस्य यशवंत सिंह वर्मा, नीलाम्बर नायक, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव, शैलेंद्री परगनिहा, हिमाचल साहू व रेडक्रास के प्रबंधक मुकेश शर्मा, भाजपा नेत्री शीला तिवारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत



**रायगढ़।** जिले में सड़क हादसों पर ब्रेक लगता नजर नहीं आ रहा है। सुबह घरघोड़ा थाना क्षेत्र से फिर दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। साइकिल सवार महिला अज्ञात वाहन की चपेट में आकर जान गंवा दी है। घटना सुबह 7 बजे बायपास के पास हुई हैं। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों ने लगातार हो रही दुर्घटना और मुआवजे को लेकर शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया था,जो समझाइस के बाद खुल गया है। फिलहाल घरघोडा पुलिस मामला दर्ज कर घटनाकारित वाहन की पतासाजी में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतिका निर्मला बिलुँग पति प्रकश बिलुँग उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 5 (गोढ़ीडिपा) की रहने वाली थी, जो सुबह 7 बजे सायकिल से काम करने के लिए जन मित्रम स्कूल जा रही थी। उसी समय बाय पास सडक में अज्ञात ट्रेलर कि चपेट में आ गई । जिससे महिला बुरी तरह से घायल हो गई, सुचना पर घरघोड़ा 112 ने घायल को हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

**मृतका के दो बच्चे और पति है लकवा मरीज**

ग्रामीणों ने बताया कि घटना में जान गंवाने वाली महिला के दो बच्चे हैं और उसका पति लकवा बीमारी से ग्रसित है, मृतिका ही घर का सारा काम काज संभालती थी। लेकिन घटना में वह जान गंवा दी, और अब घर संभालने वाला कोई नही है।

# चरित्र शंका पर महिला की हत्या, आरोपी मृतिका का पति गिरफ्तार



**रायगढ।** थाना घरघोड़ा क्षेत्र के चोटीगुड़ा गांव में 29 अगस्त को एक घटना में बसंत राठिया नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी रत्ना राठिया (उम्र 49 वर्ष) की हत्या कर दी। आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था, सुबह करीब 8 बजे झगड़े के दौरान उसने शील लोढ़हा (पत्थर) से पत्नी के सिर और चेहरे पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल रत्ना राठिया को तुरंत शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घरघोड़ा ले जाया गया, जहां से उन्हें शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसी दिन दोपहर 3:40 बजे उनकी मृत्यु हो गई। चक्रधरनगर थाने से सूचना प्राप्त होते ही थाना घरघोड़ा में मर्ग जांच और पंचनामा की कार्रवाई की। डॉक्टर की शॉर्ट पी.एम. रिपोर्ट में पुष्टि की गई कि मृतिका की मृत्यु सिर पर आई गंभीर चोटों के कारण हुई थी। प्रारंभिक जांच और साक्ष्यों के आधार पर, आरोपी बसंत राठिया के खिलाफ धारा 103(1) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403